दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
/// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 219 | जयपुर | शुक्रवार , 13 जून, 2025 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष द्वितीया संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 10
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान में 14-15 जून से होगी प्री-मानसून बारिश

बढ़ता राजस्थान



जयपुर। राजस्थान में भीषण गर्मी झेल रहे लोगों के लिए राहत की खबर है। प्रदेश में 14-15 जून से प्री-मानसून की बारिश का दौर शुरू हो जाएगा। कोटा, उदयपुर संभाग से बारिश का दौर शुरू होगा, जो 20 जून तक बढ़ते-बढ़ते जयपुर, भरतपुर संभाग के एरिया को कवर करेगा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि राज्य में 19 जून के बाद ही मानसून की एंट्री होने की संभावना है। राज्य में मानसून की एंट्री का समय 25 जून निर्धारित है। वर्तमान में मानसून महाराष्ट्र में मुंबई, अहमदनगर और पूर्वोत्तर भारत में सिलीगुड़ी के आसपास अटका हुआ है। इन एरिया में मानसून 29 मई के बाद से आगे नहीं बढ़ा है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने 20 जून तक राज्य में औसत बारिश और 20 जून के बाद 26 तक औसत से ज्यादा बारिश होने का अनुमान जताया है। प्रदेश में 15 जून तक हीटवेव का असर रहेगा।पिछले 24 घंटे का मौसम देखें तो जयपुर, कोटा, अजमेर, गंगानगर, बीकानेर समेत कई जिलों में तेज गर्मी और लू का प्रकोप रहा। कोटा में अधिकतम तापमान 46.3 डिग्री दर्ज हुआ। इसी तरह गंगानगर में अधिकतम तापमान 47.8 डिग्री, अजमेर में 44 डिग्री और बीकानेर में 45.2 डिग्री दर्ज हुआ।राजस्थान में गुरुवार को गर्मी जबरदस्त रही। राजधानी जयपुर में सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। यहां गुरुवार को अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री दर्ज हुआ। जयपुर के अलावा 18 अन्य शहर ऐसे रहे, जहां का अधिकतम तापमान 44 डिग्री या उससे ऊपर दर्ज हुआ।सबसे ज्यादा गर्मी आज गंगानगर में रही, जहां का अधिकतम तापमान 47.8 डिग्री दर्ज हुआ। इनके अलावा अजमेर में 44 डिग्री, भीलवाड़ा में 44.4 डिग्री, वनस्थली (टोंक) 45.2 डिग्री, अलवर में 45.4 डिग्री, पिलानी में 45.7 डिग्री, चित्तौड़गढ़ में 45.9 डिग्री, बाड़मेर में 44.6 डिग्री, जोधपुर में 44.4 डिग्री, फलोदी में 45 डिग्री, फतेहपुर में 44.3 डिग्री, झुंझुनूं में 44.2 डिग्री और पाली में 44.4 डिग्री तापमान दर्ज हुआ।

### जयपुर फुट के वैश्विक योगदान की संयुक्त राष्ट्र में सराहना

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। संयुक्त राष्ट्र ने इस चर्चा के लिए बीएमवीएसएस को विशेष रूप से आमंत्रित किया था। जयपुर फुट के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध संस्था भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बी.एम.वी.एस.एस.) की सेवाओं और विकलांगजनों के पुनर्वास के क्षेत्र में किए गए अतुलनीय योगदान की संयुक्त राष्ट्र संघ में भूरी-भूरी प्रशंसा की गई है।न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित दो विशेष सत्रों में बीएमवीएसएस के संस्थापक एवं मुख्य संरक्षक डी.आर. मेहता और अध्यक्ष सतीष मेहता ने संस्था की कार्यशैली और उपलब्धियों पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी।संयुक्त राष्ट्र ने इस चर्चा के लिए बीएमवीएसएस को विशेष रूप से आमंत्रित किया था। यह गोष्ठी विकलांगों के मौलिक अधिकारों और उनके सामाजिक सम्मान की रक्षा के लिए आयोजित की गई थी।डी.आर. मेहता ने अपने संबोधन में बताया कि वैश्विक आबादी का लगभग 15त्न हिस्सा दिव्यांगजनों का है, जो विश्व का सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समूह बनाता है। उन्होंने कहा कि बी.एम.वी.एस.एस. पिछले 50 वर्षों से इन लोगों के पुनर्वास, रोजगार सृजन और आत्मनिर्भरता के लिए कार्य कर रहा है।जयपुर फुट के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि इसकी निर्माण लागत मात्र 100 डॉलर (लगभग 8,500) है, जबकि पश्चिमी देशों में यही कृत्रिम पैर 8.5 लाख तक में उपलब्ध है। खास बात यह है कि बी.एम.वी.एस.एस. यह उपकरण जरूरतमंदों को बिल्कुल निशुल्क प्रदान करता है।डी.आर. मेहता ने यह भी बताया कि जयपुर फुट की गुणवत्ता इतनी उच्च है कि इसका उपयोग करने वाला व्यक्ति न केवल आसानी से चल सकता है, बल्कि दौड़ सकता है, ऊंकडू बैठ सकता है, पेड़ पर चढ़ सकता है और सीढ़ियां भी चढ़ सकता है।

### 62-हजार लोगों से ठगी करने वालों पर ED की रेड

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। राजस्थान, गुजरात और दिल्ली के करीब 24 जगहों पर गुरुवार को सुबह से प्रवर्तन निदेशालय की टीमें छापेमारी कर रही हैं। जांच एजेंसी के सूत्र के मुताबिक ये करीब 2700 करोड़ रुपए का मनी लॉन्ड्रिंग का मामला है। राजस्थान के सीकर, जयपुर, जोधपुर, झुंझुनूं सहित गुजरात के अहमदाबाद और दिल्ली में छापे डाले गए हैं। जानकारी के अनुसार ये रेड नेक्सा एवरग्रीन नाम के प्रोजेक्ट में हुई धोखाधड़ी को लेकर है। जोधपुर में कार्रवाई करने पहुंची टीम को खाली हाथ लौटना पड़ा।इस प्रोजेक्ट में पैसे लगाने वालों को कंपनी की ओर से एक समय के बाद फ्लैट, जमीन या ज्यादा रेट पर पैसे वापस लौटने का भरोसा दिया जाता था। ठगी का शिकार होने वाले में पुलिसवाले और सरकारी कर्मचारी भी थे।

# अहमदाबाद में दर्दनाक हवाई हादसा
# 241 यात्रियों की दर्दनाक मौत

## पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का भी निधन

## लंदन जा रही थी एअर इंडिया की फ्लाइट

## प्लेन में 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश यात्री थे सवार



### इस त्रासदी ने हमें स्तब्ध और दुखी कर दिया: मोदी



पीएम मोदी ने ङ्ग पर लिखा कि अहमदाबाद में हुई त्रासदी ने हमें स्तब्ध और दुखी कर दिया है। ये शब्दों से परे दिल दहला देने वाली घटना है। इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं हादसे से प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। मैं मंत्रियों और अधिकारियों के संपर्क में हूं, जो प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे हैं।

### हादसे में मिले ज्यादातर शव बुरी तरह झुलसे

बढ़ता राजस्थान

अहमदाबाद(एजेंसी)। अहमदाबाद में गुरुवार दोपहर एअर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश हुआ है। इसमें सवार सभी 241 लोगों की मौत हो गई है, और एक ब्रिटिश यात्री बच गया है। एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई-171 अहमदाबाद से लंदन जा रही थी। इसमें 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत कुल 230 यात्री सवार थे। बाकी 12 क्रू मेंबर्स थे। हादसे में गुजरात के पूर्व सीएमविजय रूपाणी का भी निधन हो गया है। भाजपा के राज्यसभा सांसद परिमल नाथवानी ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। हालांकि कुछ देर बाद उन्होंने अपनी पोस्ट डिलीट कर दी। प्लेन जिस बिल्डिंग से टकराया, वहां अहमदाबाद के सिविल हॉस्पिटल के डॉक्टर्स रहते हैं। जानकारी के मुताबिक हादसे के समय इमारत में 50 से 60 डॉक्टर मौजूद थे, इनमें 15 से ज्यादा घायल हो गए हैं। हादसे की जगह से मिले ज्यादातर शव इतनी बुरी तरह झुलस चुके हैं कि उनकी पहचान करने में बेहद मुश्किल आ रही है। उनकी पहचान DNA टेस्ट के बाद ही संभव होगा।

### विमान दुर्घटना पर प्रमुख देशों ने कहा...

#### ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर बोले - यह क्षण बेहद दुखद

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने इस हादसे को ÞविनाशकारीÞ करार दिया। उन्होंने कहा कि वे स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और उनके विचार सभी पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। भारत के विदेश मंत्रालय ने सभी यात्रियों और क्रू के लिए संवेदना प्रकट की है।

*अमेरिका ने की मदद की पेशकश:* स्टेट डिपार्टमेंट के प्रवक्ता ने कहा, हम हादसे की जानकारी ले रहे हैं और जरूरत पड़ने पर कांसुलर सहायता देने के लिए तैयार हैं।

*यूएस एम्बेसी दिल्ली:* हम भारतीय अधिकारियों के संपर्क में हैं और स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

*कनाडा ने कहा:* कनाडा के मंत्री मेलानी जोली ने कहा- Þहम भारत में स्थित अपने नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता दे रहे हैं। प्रभावित परिवारों के लिए सहायता उपलब्ध है। ग्लोबल अफेयर्स कनाडा ने कहा कांसुलर सेवाएं सक्रिय की गई हैं, नागरिकों से हेल्पलाइन पर संपर्क की अपील।

*भारत में ऑस्ट्रेलियाई उच्चायोग ने कहा:* हम भारतीय एजेंसियों से जानकारी प्राप्त कर रहे हैं और सभी ऑस्ट्रेलियाई यात्रियों की स्थिति की पुष्टि कर रहे हैं।Þ

*फ्रांसीसी विदेश मंत्रालय ने कहा:* हम भारत के साथ इस दुखद घटना को लेकर पूरी एकजुटता से खड़े हैं।

*पेरिस से प्रतिक्रिय:* यदि कोई फ्रांसीसी नागरिक विमान में था, तो जल्द पुष्टि दी जाएगी।

*जर्मन एम्बेसी दिल्ली:* हम हादसे से बेहद दुखी हैं और भारतीय अधिकारियों के साथ संपर्क में हैं। कांसुलर हेल्पलाइन अलर्ट की गई।

*संयुक्त राष्ट्र:* संयुक्त राष्ट्र प्रवक्ता ने कहा- हम इस विमान दुर्घटना में मारे गए सभी लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं। भारत में राहत प्रयासों में मदद की पेशकश की गई है।

### एयरपोर्ट पर उड़ान संचालन अस्थायी रूप से किया निलंबित

बता दें कि इस हादसे के कारण अहमदाबाद हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया, जिसके चलते यात्रियों को वैकल्पिक परिवहन की आवश्यकता पड़ी।

### प्रमुखजनों ने किया शोक व्यक्त

इस हादसे को लेकर, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, लोकसभा में विपक्ष के नेता सांसद राहुल गांधी समेत कई लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## एक ब्रिटिश यात्री जिंदा बचा



### पुर्तगाल के 7 नागरिकों की मौत से देश में शोक

अहमदाबाद विमान हादसे में पुर्तगाल के सात नागरिकों के मारे जाने की खबर ने पूरे पुर्तगाल को झकझोर दिया है। पुर्तगाली मीडिया, खासतौर पर प्रतिष्ठित समाचार पोर्टल डियारियो डी नॉटिसियाज ने इस दुर्घटना को प्रमुखता से कवर किया है। नई दिल्ली स्थित पुर्तगाली दूतावास भारतीय अधिकारियों और विदेश मंत्री पाउलो रेंजेल के संपर्क में है, जो घटना के बारे में सभी संभव जानकारी जुटाने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि विमान में पुर्तगाली नागरिकों की मौजूदगी की पुष्टि की जा सके। नई दिल्ली में पुर्तगाली राजदूत से संपर्क करने के बाद, राजदूत लुइस डी अल्मेडा सैम्पाइओ ने एसआईसी नोटिसियास को भारतीय राज्य गुजरात से आने वाली उड़ान में सात पुर्तगाली नागरिकों की उपस्थिति की पुष्टि की।

### राजस्थान के 12 लोगों की मौत

उदयपुर। प्लेन क्रैश हादसे में राजस्थान के 12 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में प्रदेश के 7 परिवार के लोग शामिल है, इनमें 5 बांसवाड़ा, 5 उदयपुर, एक-एक बालोतरा और बीकानेर के रहने वाले हैं।प्लेन के उड़ान भरने से पहले बांसवाड़ा के डॉक्टर दंपती ने तीन बच्चों के साथ ये सेल्फी ली थी, जो आखिरी हो गई। बांसवाड़ा की डॉ. कोनी व्यास, उनके पति डॉक्टर प्रतीक जोशी, बच्चे प्रद्युत जोशी, मिराया जोशी और नकुल जोशी की भी विमान क्रैश में मौत हो गई।

### बीजेपी ने सभी कार्यक्रम स्थगित : हादसे पर राज्यपाल,सीएम सहित बीजेपी-कांग्रेस नेताओं ने शोक जताया जयपुर

अहमदाबाद में हुए प्लेन हादसे के बाद राजस्थान बीजेपी ने अगले आदेशों तक के लिए अपने सभी कार्यक्रम और सभाएं स्थगित कर दिए हैं। प्रभारी मंत्रियों को आज से तीन दिन के लिए सभी जिलों में जाकर मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करनी थी। अब विमान हादसे के बाद ये सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिए हैं। अब अगले कार्यक्रमों की सूचना अलग से जारी की जाएगी।वहीं सीएम भजनलाल शर्मा ने बांसवाड़ा में शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत होने वाले कार्यक्रम को भी स्थगित कर दिया है।विमान हादसे के बाद अहमदाबाद एयरपोर्ट पर शाम तक के लिए फ्लाइटों का संचालन रोक दिया है। इस वजह से जयपुर एयरपोर्ट को अलर्ट पर रखा गया है। अहमदाबाद जाने वाले यात्रियों को टाइम टेबल देखकर आगे की यात्रा पर फैसला करने की एडवाइजरी दी गई है। अहमदाबाद विमान हादसे पर राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, सीएम भजनलाल शर्मा, विधानसभा स्पीकर वासुदेव देवनानी बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, पूर्व सीएम वसुंधरा राजे, अशोक गहलोत, डिप्टी सीएम दीया कुमारी, प्रेम चंद्र बैरवा, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित कई नेताओं ने शोक जताया है।

### रेलवे ने दिल्ली, मुंबई के लिए किया स्पेशल ट्रेन का ऐलान

गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार को हुए एयर इंडिया विमान हादसे (फ्लाइट-ढ्ढ171) के बाद सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ानें अस्थायी रूप से बंद कर दी गई है। जिसके कारण कई यात्री फंस गए। इस स्थिति से निपटने के लिए भारतीय रेलवे ने अहमदाबाद से दिल्ली और मुंबई के लिए विशेष ट्रेनों की घोषणा की है।
अहमदाबाद से दिल्ली: एक विशेष वातानुकूलित ट्रेन रात 11: 30 बजे अहमदाबाद से नई दिल्ली के लिए रवाना होगी।
अहमदाबाद से मुंबई: एक विशेष वातानुकूलित ट्रेन रात 12:00 बजे अहमदाबाद से मुंबई के लिए रवाना होगी।

## ललित मोदी के परिवार की कंपनी पर किरोड़ीलाल की छापेमारी

### कृषि मंत्री बोले- मैंने पता किया है ये फैक्ट्री-गोदाम किसके हैं; सैंपल लिए, गोदाम सील




बढ़ता राजस्थान

जयपुर। कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने राजधानी जयपुर और आसपास 6 पेस्टिसाइड फैक्ट्रियों और उनके गोदामों पर छापा मारकर कई जगह सैंपल लिए। आईपीएल के पूर्व कमिश्नर ललित मोदी के परिवार की कंपनी के गोदाम को सील कर दिया। एक जगह पर गोदाम बंद मिलने पर उसे ताला तोड़कर खुलवाया। बुधवार देर शाम की गई इस कार्रवाई में कृषि मंत्री ने बड़ी संख्या में घटिया, नकली पेस्टिसाइड मिलने का दावा किया है। आईपीएल के कमिश्नर रहे ललित मोदी (बाएं) बड़े कारोबारी परिवार से संबंध रखते है। राजस्थान से उनके परिवार का पुराना नाता है। किरोड़ीलाल मीणा ने कहा कि श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ के किसानों ने कपास में सफेद मक्खी रोग की रोकथाम के लिए इंडोफिल का कीटनाशक 10 हजार रुपए किलो में खरीदा था।किसानों की लाखों बीघा कपास की फसल चौपट हो गई। इंडोफिल कंपनी का हजारों करोड़ का कारोबार है। मैंने पता किया कि यह किसकी है, यह ललित मोदी की कंपनी बताई गई है। इसमें रुचिर मोदी, चारू मोदी और पारुल मोदी डायरेक्टर हैं। ललित मोदी व्यापारी हैं, डायरेक्टर होना बुरी बात नहीं है, लेकिन इस कंपनी के गोदाम में जो माल है वो आपत्तिजनक है। किरोड़ीलाल मीणा बीते करीब 15 दिन से लगातार राजस्थान के अलग-अलग इलाकों में खाद फैक्ट्रियों में छापेमारी करने पहुंच रहे हैं।

#### उत्पादों की बिक्री पर रोक, सीजर की कार्रवाई

किरोड़ी ने लिखा- भारत सरकार के पेस्टिसाइड रूल 1968 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए और तत्काल प्रभाव से इन उत्पादों की बिक्री पर रोक लगाते हुए सीजर की कार्रवाई की गई। इस दौरान कंपनियों को कृषि विभाग द्वारा उत्पादों के भंडार के स्वीकृत किए गए गोदामों के अलावा अनाधिकृत गोदामों में पेस्टीसाइड का गलत भंडारण करते हुए पाया गया।

#### किसानों को बर्बाद नहीं होने देंगे

किरोड़ी ने कहा- नकली खाद, नकली बीज के बाद नकली पेस्टिसाइड किसानों को बर्बाद कर रहा है। इस तरह किसानों को बर्बाद नहीं होने देंगे। हमारा विभाग फर्जी चीजों को पकड़ने में लगा है। जिन इंस्पेक्टरों का दोष है हम उन्हें सस्पेंड कर रहे हैं।

#### 6 कंपनियों के निरीक्षण में भारी गड़बड़ियां मिलीं

किरोड़ीलाल मीणा ने एक्स पर लिखा- राजधानी जयपुर के महादेव नगर, चौमूं में इंडोफिल इंडस्ट्री लिमिटेड, श्रीराम कृषि रसायन लिमिटेड की 2 कंपनियों, उदित ओवरसीज लिमिटेड की 2 कंपनियों श्रीराम कृषि उद्योग, आदि कृषि रसायन में पेस्टिसाइड बनाने वाली आधा दर्जन कंपनियों के निरीक्षण में गड़बड़ियां और अनियमितताएं सामने आई।यहां नकली और जानी-मानी प्रतिष्ठित कंपनियों की पैकिंग में नकली पेस्टिसाइड, अमानक और गुणवत्ताहीन उत्पाद मिले, जिनके निर्माण और बिक्री पर तत्काल प्रतिबंध लगा दिया गया है। किरोड़ी ने लिखा- भारत सरकार के पेस्टिसाइड रूल 1968 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए और तत्काल प्रभाव से इन उत्पादों की बिक्री पर रोक लगाते हुए सीजर की कार्रवाई की गई।इस दौरान कंपनियों को कृषि विभाग द्वारा उत्पादों के भंडार के स्वीकृत किए गए गोदामों के अलावा अनाधिकृत गोदामों में पेस्टीसाइड का गलत भंडारण करते हुए पाया गया।




सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर ( राज. ) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, नि बाहेड़ा, चूरू, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# सदर थाना पुलिस ने वांटेड अपराधी को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** सदर थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। कई जिलों में वांटेड अपराधी को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी कटकड़ निवासी सत्तू उर्फ सत्यप्रकाश मीना है। पुलिस ने उसे तेली के पंसेरी के पास एक टीन शेड से पकड़ा। आरोपी के पास से 315 बोर का देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं।पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी सत्तू के खिलाफ कई थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें गुमानपुरा कोटा, अलवर, मान टाउन थाना, हिंडौन सिटी और गंगापुर सिटी के थाने शामिल हैं। पुलिस आरोपी से अवैध हथियारों और आपराधिक घटनाओं के बारे में पूछताछ कर रही है।

इस कार्रवाई में कॉन्स्टेबल प्रधान और हेमेंद्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही। दोनों ने आरोपी के बारे में जानकारीजुटाकरउच्चअधिकारियों को सूचित किया। इसके बाद यह कार्रवाई की गई।

# मोहम्मद शफी ताज ने 30 वॉ एवं चिनायटा के कृष्णा डागुर ने अपने जीवन काल का पहला रक्तदान किया



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी( अंशु गुप्ता )।** जीवन ज्योति फाउंडेशन के तत्वावधान में 53 वॉ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसमें 58 यूनिट रक्त का संग्रहण हुआ। शिविर के मुख्य अतिथि सूरौठ थानाधिकारी महेश कुमार मीणा एवं सदर थाना हिंडौन के थानाधिकारी देवेन्द्र शर्मा रहे। शिविर प्रभारी ओमप्रकाश डागुर व सत्यप्रकाश डागुर ने बताया कि शिविर में हिंडौन के मोहम्मद शफी ताज ने 30 वॉ एवं चिनायटा के कृष्णा डागुर ने जीवनकाल का पहला रक्तदान किया। हिंडौन के मोहम्मद शफी को सुपर रक्तदाता कहा जाता है। जीवन ज्योति फाउंडेशन के संचालक ओमप्रकाश डागुर (ओमी भैया) ने जानकारी देते हुए कहा कि हमारी टीम जीवन ज्योति फाउंडेशन पिछले कई सालों से यह कार्य कर रही है। यह शिविर 53 वॉ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर था। मिली जानकारी के अनुसार बताया गया है कि मोहम्मद शफी सबसे पहले रक्तदान करने पहुंचते हैं इसलिए इन्हें ओपनर रक्तदाता कहा जाता है।

# खानाका में डेढ़ माह पहले हुई जेवरातों व नकदी की चोरी का पुलिस ने किया खुलासा,दो आरोपी गिरफ्तार

## गिरफ्तारी में विजेन्द्र कांस्टेबल की अहम भूमिका रही

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी( अंशु गुप्ता )।** पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सत्येन्द्र पाल सिंह के निर्देशन में एवं पुलिस उपाधीक्षक गिरधर सिंह चौहान के सुपरविजन में सूरौठ थाना अधिकारी महेश कुमार मय टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए दो माह पूर्व थाना क्षेत्र के गांव खानाका में हुई चोरी में दो मुल्जिमान के कब्जे से एक मोबाइल, 100 ग्राम सोने व 300 ग्राम चांदी के आभूषण बरामद किए। चोरी के प्रकरण का खुलासा करने में सबसे अहम भूमिका विजेंद्र कुमार कांस्टेबल की रही जो मूलत: झुंझुनू जिले के ही निवासी हैं। मुल्जिमों के डेरों पर भेष बदलकर एवं वहीं क्षेत्रीय भाषा का ज्ञान होने से मुल्जिमों को बातों में फंसा कर घटना का खुलासा किया है। कांस्टेबल विजेंद्र का कहना है कि किसी गरीब व्यक्ति के घर पर से चोरी गया हुआ सोने चांदी के आभूषण जब हमने बरामद किए तो पीड़ित का चेहरा खुशी से खिल उठा और उस खुशी को देखकर करीब 10 दिन से लगातार कार्य करने की थकान गायब हो गई।

# उचित मूल्य दुकानदार के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** उचित मूल्य दुकानदार शिव कुमार गोयल के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत मामला दर्ज किया गया है। दुकानदार पर आरोप है कि उन्होंने राशन सामग्री वितरण में गंभीर अनियमितताएं की हैं और स्टॉक रजिस्टर का संधारण नहीं किया है। जिला रसद अधिकारी कोटपूतली-बहरोड़ के पत्र के अनुसार, दुकानदार शिव कुमार गोयल के खिलाफ शिकायत की जांच की गई थी। जांच में पाया गया कि दुकानदार ने 19399.5 किग्रा गेहूं कम पाया गया है और स्टॉक रजिस्टर का संधारण नहीं किया गया है। इसके अलावा, दुकानदार ने नोटिस बोर्ड का संधारण भी नहीं किया है।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत् किसानों ने सीखी नई तकनीकीयाँ

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा/ग्रामीण ( के एम कुरैशी )।** भीलवाड़ा जिले के ग्रामीण उपखंड में कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषि विभाग, उद्यान विभाग एवं इफको के संयुक्त तत्त्वावधान में भीलवाड़ा जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत् सुवाणा, कोटड़ी, माण्ड्ल, माण्ड्लगढ़, बिजौलिया, रायपुर एवं सहाड़ा ब्लॉक के 45 गाँवों में किसान गोष्ठी, जागरूकता कार्यक्रम एवं कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र भीलवाड़ा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. सी. एम. यादव ने बताया कि 29 मई से 12 जून तक चले इस अभियान में कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि अधिकारियों द्वारा किसानों से सीधा संवाद कर आधुनिक खेती को बढ़ावा देने, उत्पादन लागत कम करने, प्राकृतिक खेती अपनाने, कृषि में ड्रॉन का उपयोग, उन्नत कृषि यन्त्रों का उपयोग, कृषक उत्पादक संगठन का गठन और कार्यप्रणाली, उन्नत पशुपालन, पशुओं के प्रमुख रोग एवं रोगोपचार, डेयरी पशुओं में आवास एवं आहार प्रबन्धन, गाय एवं बकरियों की प्रमुख नस्लें एवं नस्ल सुधार, प्रतापधन मुर्गीपालन, वर्मीकम्पोस्ट उत्पादन, अजोला उत्पादन, हाईड्रोपॉनिक एवं नेपियर घास उत्पादन द्वारा वर्ष भर हरे चारे की उपलब्धता, कस्टम हायरिंग सेन्टर, वर्षा जल संचयन, नर्सरी प्रबन्धन, मातृवृक्ष बगीचे का रेखांकन, बेमौसम सब्जी उत्पादन, मशरूम उत्पादन, मक्का फसल का मूल्य संवर्धन, दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों का मूल्य संवर्धन, श्री अन्न उत्पादन, उन्नत बीज एवं बीजोपचार, खरपतवार प्रबन्धन, सिंचाई प्रबन्धन, सुरक्षित अनाज भण्ड़ारण एवं विपणन, खाद एवं उर्वरकों का सन्तुलित उपयोग, मृदा संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड की उपयोगिता एवं महत्त्व, मिट्टी की जाँच हेतु नमूने लेना, पौध संरक्षण, पौधों के प्रमुख कीट एवं उनकी रोकथाम, नेनो यूरिया एवं नेनो डीएपी आदि पर जोर दिया गया। डॉ. यादव ने बताया कि यह अभियान कृषि एवं किसान कल्याण मन्त्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित एक राष्ट्रव्यापी अभियान है जिससे किसान सशक्त एवं समृद्ध होगा।

डॉ. यादव ने बताया कि अभियान के दौरान किसानों को महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित पत्रिका, कृषि कलैण्डर एवं अन्य कृषि उपयोगी साहित्य का वितरण किया गया। डॉ. यादव ने किसानों को आह्वान किया कि कृषि विज्ञान केन्द्र के निरन्तर सम्पर्क में रहकर कृषि की नवीनतम तकनीकों का खेती में समावेश करें। किसानों को केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं एवं अनुदान के बारे में जानकारी देकर अधिक से अधिक संख्या में लाभ लेने पर बल दिया गया। अभियान के अन्तिम दिन गुरूवार को सहाडा पंचायत समिति के गाँव आमली, शिवरति एवं महेन्द्रगढ़ में किसान गोष्ठी एवं जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें तकनीकी सहायक अनिता यादव ने रासायनिक खेती के मान एवं मृदा स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताते हुए मृदा स्वास्थ्य कार्ड की सिफारिशों के अनुसार खेती करने और प्राकृतिक खेती अपनाने की आवश्यकता जताई। शिवरति के सरपंच भैरू लाल गाडरी ने सभी का आभार जताया। वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता संजय बिश्नोई ने किसानों का पंजीयन कर प्रतिक्रिया प्राप्त की। विकसित कृषि संकल्प अभियान में जिले के 12000 कृषक एवं कृषक महिलाओं ने भाग लिया।

# बस स्टैंड पर लगाया बीपी जांच शिविर, धान मंडी में श्रमिकों को दी उच्च रक्तचाप की जानकारी

बढ़ता राजस्थान



**सूरतगढ (नि.स.)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्रीगंगानगर के निर्देशानुसार एनसीडी क्लिनिक द्वारा चलाए जा रहे उच्च रक्तचाप जागरुकता कैंपेन के अंतर्गत आज दिनांक 12 जून को प्रात: 8.30 बजे बस स्टैंड सूरतगढ़ पर उच्च रक्तचाप जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एनसीडी कार्मिक परामर्शदाता दीपक शर्मा, डीईओ सूरज सेतिया, सीएचओ यूनस अली ने सेवाएं दी। उच्च रक्तचाप जांच शिविर में बस चालक और परिचालक के साथ-साथ बस स्टैंड पर आने जाने वाली सवारियों ने भी उच्च रक्तचाप जांच करवाई। एनसीडी कार्मिकों द्वारा हाइपर टेंशन के दुष्प्रभाव के बारे में अवगत करवा कर अपनी दिनचर्या और खानपान में बदलाव करने का सुझाव दिया। शिविर में आमजन ने रुचि दिखाते हुए अपने उच्च रक्तचाप की जांच करवाई। शिविर में 73 लोगों की जांच की गई। जिसमें दो संभावित मरीज पाए गए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पून: जांच के लिए बुलाया है। इसके पश्चात नई धान मंडी में कार्यरत श्रमिकों को सीएचओ यूनस अली और परामर्शदाता दीपक शर्मा ने उच्च रक्तचाप के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि उच्च रक्तचाप के प्रति लापरवाही आपके जीवन को समाप्त कर सकती है इसलिए समय समय पर उच्च रक्तचाप की जांच अवश्य कराएं। साथ ही घी तेल और नमक का सेवन कम से कम करें।

# नवनियुक्त अध्यक्षों का बर्तन यूनियन ने किया भव्य सम्मान

बढ़ता राजस्थान




बानसूर(धीरज मौर्य)। नगर पालिका क्षेत्र में बर्तन यूनियन द्वारा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सहित विभिन्न संगठनों के नवनियुक्त व नवनिर्वाचित अध्यक्षों का माला और साफा पहनाकर भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

सम्मान समारोह में भाजपा मण्डल अध्यक्ष राकेश सिंघल, श्री राजपूत समाज के अध्यक्ष पूर्णसिंह शेखावत, पत्रकार लोकेश वर्मा, एडवोकेट नवीन यादव, झोटवाड़ा स्वप्न सोसाइटी के अध्यक्ष अमित वर्मा को माला, साफा पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

लौह व्यापार मण्डल के अध्यक्ष दयाराम गुप्ता ने सभी नवनियुक्त और नवनिर्वाचित अध्यक्षों को बधाई दी और संगठन के हित में कार्य करने की सलाह दी। इस अवसर पर बर्तन यूनियन के अध्यक्ष राजेश, बंटी सिंघल, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद बालासिया, किराना व्यापार मण्डल के अध्यक्ष सुरेश एरन, कपड़ा व्यापार यूनियन के दिनेश सिंघल, खाद बीज यूनियन के योगेश महर्षि, अशोक एरन, सेवानिवृत्त अध्यापक मूलचंद वर्मा, महेश प्रधान, ढील्लू यादव, राजकुमार शर्मा, मुकेश पंसारी, कमलेश पंसारी, गोकुल गोयल, नवीन जैन, एडवोकेट अनील यादव, पूर्व उपसरपंच महेशचंद ढाचोलिया, झोटवाड़ा स्वप्न सोसाइटी के अध्यक्ष अमित वर्मा (गोलू), राजपूत समाज के अध्यक्ष पूर्णसिंह शेखावत सहित बड़ी संख्या में व्यापारी और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विधायक कुलदीप धनकड़ ने पावटा उपजिला चिकित्सालय का किया दौरा, स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का लिया जायजा

बढ़ता राजस्थान



**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ ने पावटा उपजिला चिकित्सालय में पहुंच कर भर्ती मरीजों के हाल जाने और उप जिला अस्पताल के पीएमओं डॉ रवि बंसल से स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान विधायक धनकड़ ने अस्पताल में साफ सफाई और मरीजों की सार सम्भाल की व्यवस्था को देखकर खुशी व्यक्त की। विधायक कुलदीप धनकड़ ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का दौरा किया और मरीजों से बातचीत की। उन्होंने मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की जांच की और अस्पताल के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विधायक धनकड़ ने उप जिला अस्पताल के चिकित्सकों से स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा करते हुए अस्पताल की समस्याओं और चुनौतियों के बारे में जानकारी प्राप्त की और आवश्यक सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि अस्पताल की व्यवस्थाएं संतोषजनक हैं और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। विधायक धनकड़ ने अस्पताल के लिए अपनी पहल जारी रखने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वह अस्पताल की समस्याओं को हल करने और स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

# शिक्षक संघ की पावटा ब्लॉक कार्यकारिणी के चुनाव सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** कोटपूतली-बहरोड़ के पावटा ब्लॉक में राजस्थान पंचायतीराज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ की उप शाखा की ब्लॉक कार्यकारिणी के बुधवार को चुनाव सम्पन्न हुए। निर्वाचन अधिकारी सुनील मेहता और चुनाव पर्यवेक्षक रामभरोस



यादव की देखरेख में हुए चुनाव में ब्लॉक अध्यक्ष पद पर रामनिवास यादव और सभा अध्यक्ष पद पर कमलेश जाट का सर्वसम्मति से चुनाव किया गया। निर्वाचित होने पर दोनों पदाधिकारियों का साफा और माला पहनाकर अभिनंदन किया गया और निर्वाचन अधिकारी द्वारा शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष जयदर्थ यादव, संजीव कुमार शर्मा, विवेक कुमार, जयपाल यादव, रमेश पिंगोलिया सहित अनेक कार्मिक उपस्थित रहे। नई कार्यकारिणी के लिए सभी ने शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि वे शिक्षक समुदाय के हित में काम करेंगे। रामनिवास यादव और कमलेश जाट ने अपने पदों पर रहते हुए शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा करने और उनके हितों को बढ़ावा देने का आश्वासन दिया।

# बीसलपुर परियोजना के कर्मचारियों की टीम ने पांच-सात अवैध कनेक्शन काटकर की इतिश्री

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। ग्राम पंचायत लुहारा में बीसलपुर पेयजल लाईन में प्रभावशाली लोगों द्वारा अवैध कनेक्शन कर रखे है। जिससे कई स्थानों पर पेयजलापूर्ति नहीं होती है। ग्रामीणों द्वारा कई बार शिकायत करने पर गुरूवार को बीसलपुर परियोजना के कर्मचारियों की टीम ने पांच-सात अवैध कनेक्शन काटकर औपचारिकता कर पुन: वापस लौट गई। ग्रामीणों ने बताया कि काफी समय से पेयजल को लेकर समस्या बनी हुई है, सरकार ने ग्रामीणों की पेयजल समस्या को दूर करने के लिए बीसलपुर की पाईपलाईन डालकर समस्या को दुरस्त किया था, किन्तु कुछ प्रभावशाली लोगों ने अपने मकानों व बाड़ों में करीब 300-400 अवैध कनेक्शन कर लिए है, जिससें सारे गांव में पानी नही पहुंच पाने के कारण पेयजल समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद बीसलपुर परियोजना के कर्मचारियों ने औपचारिकता के नाम पर मात्र पांच-सात अवैध नल कनेक्शन काटकर कार्यवाही के नाम पर इतिश्री कर वापस लौट गई। जिससें ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीण रामधन चौधरी, केदार चौधरी, गोरा, मोहित चौधरी, हेमराज, रामअवतार, रायचंद व दयाराम सहित कई ग्रामीणों ने भूजल एवं जल अभियांत्रिकी विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी को पत्र लिखकर तत्काल कार्यवाही की मांग की है।

# राजकीय कन्या महाविद्यालय में ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया शुरू

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। राजकीय कन्या महाविद्यालय में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर के निर्देशनुसार सेमेस्टर प्रथम बीए पार्ट प्रथम में प्रवेश कार्य ऑनलाइन प्रारंभ हो चुका है। प्राचार्य प्रो. पानमल पहाडिया ने बताया कि महाविद्यालय में हिंदी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, उर्दू साहित्य, संस्कृत, भूगोल, राजनीति विज्ञान एवं इतिहास संचालित है। महाविद्यालय में कक्षा 12वीं उर्तीण छात्राएं 10वीं एवं 12वीं की अंकतालिकाएं, जन आधार कार्ड, जाति वं मूल निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर, आधार कार्ड सहित अन्य प्रमाण पत्र के साथ ईमित्र कियोस्क पर 16 जून तक आवेदन कर सकती है। प्रवेश प्रभारी प्रीति जैन ने बताया कि छात्राएं परिस्थिति के अनुसार ड्रापआउट अंतराल होने पर भी प्रवेश ले सकती है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में नियमित कक्षाएं संचालित की जा रही है।

# वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत प्रागपुरा में जल संरक्षण इकाई का उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान



**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** प्रागपुरा कस्बे में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत गुरूवार को एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पावटा उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय ने जल संरक्षण इकाई (फार्मपोंड) का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में प्रागपुरा जीएसएस चेयरमैन उपेन्द्र सिंह शेखावत, सहायक कृषि अधिकारी ओम भारती सिसोदिया, जीएसएस सचिव कैलाश स्वामी, प्रागपुरा कृषि पर्यवेक्षक जीतू यादव, कृषि पर्यवेक्षक राजेंद्र कुमार यादव सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय ने बताया कि आमजन अपने साधन और संकल्प के साथ इस अभियान से जुड़ रहे हैं और प्रदेश की धरा को जल स्रोतों से परिपूर्ण एवं हरी भरी बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के लिए हम सभी को मिलकर काम करना होगा और इस अभियान को सफल बनाना होगा। प्रागपुरा ग्राम सेवा सहकारी समिति चेयरमैन उपेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि जल संरक्षण के लिए हमें जागरूकता फैलानी होगी और लोगों को इसके महत्व के बारे में बताना होगा। उन्होंने कहा कि हमें अपने जल संसाधनों का संरक्षण करना होगा और भविष्य के लिए उन्हें सुरक्षित रखना होगा। कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों ने भी जल संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई और इस अभियान में अपना सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के लिए हम सभी को मिलकर काम करना होगा और अपने जल संसाधनों का संरक्षण करना होगा। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत प्रागपुरा में जल संरक्षण इकाई का उद्घाटन एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे आने वाले भविष्य में जल संसाधनों का संरक्षण करने और उन्हें सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी।

## वन्दे गंगा जल संरक्षण महाअभियान

# प्रतिदिन आयोजित करें गतिविधियां - जिला कलक्टर लोक बन्धु

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर( घनश्याम दास )।** 12 जून को वन्दे गंगा जल संरक्षण महाअभियान के अन्तर्गत प्रतिदिन गतिविधियां आयोजित करने के लिए जिला कलक्टर लोक बन्धु ने पुष्कर में निर्देश प्रदान किया। उन्होंने ये निर्देश गुरूवार को उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों की बैठक में प्रदान किए। उपखण्ड अधिकारी श्री गौरव मित्तल ने क्षेत्र की गतिविधियों से अवगत कराया।

इस दौरान जिला कलक्टर लोक बन्धु ने कहा कि वन्दे गंगा जल संरक्षण महाअभियान राजस्थान को जल स्वावलम्बी बनाने के लिए आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए जिले में कार्य किए जा रहे है। महाअभियान के दौरान गतिविधियों का आयोजन प्रतिदिन होना चाहिए। इनमें हितधारकों, विभागों के साथ-साथ आमजन की सहभागिता होनी चाहिए। इससे सही अर्थों में यह जल आन्दोलन जन आन्दोलन बनेगा।

और उन्होंने कहा कि उपखण्ड अधिकारी को प्रभारी होने के नाते अधिकारियों को नवीन कार्य निर्धारित करने चाहिए। कार्यों की दैनिक समीक्षा की। महाअभियान के दौरान की गई गतिविधियों का दस्तावेजीकरण आवश्यक रूप से होना चाहिए। पुष्कर क्षेत्र की बावड़ियां जल संरक्षण में अपना महत्त्वपूर्ण स्थान रखती है। इनके पुर्नउद्धार के लिए नगर परिषद के द्वारा कार्य किया जाना चाहिए। इनकी साफ-सफाई करानी आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि उपखण्ड के वन क्षेत्र में कई जल संरचनाएं विद्यमान है। इनकी साफ-सफाई तथा मिट्टी हटाने का कार्य कराएं। इसी प्रकार बुढ़ा पुष्कर फीडर और सरोवर से भी मिट्टी तथा अवरोध हटाने का कार्य करें। कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के लिए जन सहयोग तथा भामाशाहों के साथ-साथ संस्थाओं को भी प्रेरित करने का कार्य किया जाए। जल संरक्षण के लिए किसानों को भी जागरूक करने की आवश्यकता है।

### सैनी समाज अधिकारी कर्मचारी विकास संस्था कि कार्यकारणी की बैठक आयोजित

## तहसील कार्यकारणी का गठन, जिसमे डॉ धर्मवीर सैनी बने तहसील अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली**। बिल्लूराम सैनी )सैनी सभा भवन नंबर एक में सैनी समाज अधिकारी कर्मचारी विकास संस्था में नवीन कार्यकारिणी का जिला अध्यक्ष प्राचार्य ख्यालीराम सैनी के नेतृत्व में गठन किया जिसमें सर्वसम्मति से तहसील अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. धर्मवीर सैनी, उपाध्यक्ष जगदीश सैनी व रामसिंह सैनी, सचिव प्राचार्य सोमेश सैनी, कोषाध्यक्ष प्राचार्य श्योराम सैनी, मीडिया प्रभारी मोहनलाल सैनी, संगठन सचिव सुरेन्द्र कुमार सैनी, प्रचार मंत्री सुनील कुमार सैनी, प्रवक्ता सुभाष चंद सैनी, संरक्षक ताराचंद सैनी व शिवसहाय सैनी को नियुक्त किया गया।इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी का भी विस्तार किया गया।जिसमें जिला अध्यक्ष ख्यालीराम सैनी द्वारा प्राचार्य राजकुमार सैनी,विजय कुमार सैनी, सुभाष चन्द्रसैनी,मुकेशकुमारसैनी,रतिराम सैनी,अशोक कुमार सैनी को शामिल किया गया। कार्यकारिणी के सभी नवनियुक्तपदाधिकारियों ने पद की पूर्ण निष्ठा व समर्पण भाव से संगठन में कार्य करने की शपथ ली।



# किसानों को दी गई जल संरक्षण के लिए किया गया प्रेरित

## वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जोबनेर के बस्सी झाझड़ा में हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर**। आगामी वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान अन्तर्गत राज्य सरकार की महत्त्वाकांक्षी हरियालो राजस्थान अभियान के तहत गुरुवार को विभिन्न विभागों द्वारा पर्यावरण एवं जल संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु बहुआयामी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कृषि विभाग द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम ग्राम पंचायत बस्सी झाझड़ा, पंचायत समिति जोबनेर तथा ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम ग्राम जोरपुरा, जोबनेर में आयोजित किए गए।

कार्यक्रम के दौरान बस्सी झाझड़ा में कुल 20 कार्य (फार्म पॉण्ड, पाइपलाइन एवं गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना) एवं जोरपुरा में 9 कार्य स्वीकृत किए गए। डीबीटी के माध्यम से अनुदान राशि का हस्तांतरण हुआ, प्राकृतिक/जैविक/प्रीसिजन खेती एवं सूक्ष्म सिंचाई पद्धतियों पर कार्यशालाएँ व प्रदर्शनी आयोजित हुईं, पूर्व स्वीकृत कार्यों का अवलोकन एवं नवीन प्रस्तावों की स्वीकृति दी गई, पौधारोपण हेतु अग्रिम तैयारियाँ सुनिश्चित की गईं, कम्पोस्टिंग तकनीक का प्रचार-प्रसार किया गया, लघु सिंचाई संयंत्रों की प्रदर्शनी, किसान चौपाल, कृषि विज्ञान केंद्रों पर संगोष्ठियाँ एवं कृषि शिक्षा कार्यशालाएँ आयोजित की गईं तथा विभागीय डिग्गियों की सफाई एवं पुनरुद्धार भी किया गया।

इसी क्रम में नगर निगम हेरिटेज, नगर परिषद, नगर पालिका, जयपुर विकास प्राधिकरण व राजस्थान हाउसिंग बोर्ड द्वारा विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें जल स्त्रोतों की सफाई, गरिमामयी दीप प्रज्वलन, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के माध्यम से साफ-सफाई एवं रख-रखाव कार्यक्रम, शहरी रोजगार योजना अंतर्गत पौधारोपण की तैयारी, महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई, चिन्हित स्थलों पर प्लास्टिक कचरे का निस्तारण एवं नो बैग डे का आयोजन प्रमुख रूप से किया गया।जिसमें जयपुर जिले की समस्त बावड़ी जल स्त्रोतों, सार्वजनिक पार्कों विशेषत: द्रव्यवती नदी की साफ-सफाई, अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत नये कार्यादेश जारी किए गए एवं पूर्ण कार्यों का अवलोकन किया गया। साथ ही सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहयोग से शासकीय भवनों में स्थित वर्षा जल संरक्षण संरचनाओं की सफाई एवं रख-रखाव कार्य भी सम्पन्न हुए। यह समस्त गतिविधियाँ पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, स्वच्छता एवं सतत विकास के लक्ष्यों की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण पहल हैं, जिनमें विभागीय समन्वय एवं जनभागीदारी की विशेष भूमिका रही।कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी जोबनेर श्री डी. एस. चौहान, बीडीओ श्री ताराचंद, संयुक्त निदेशक कृषि जयपुर श्री के.सी. मीणा, उप निदेशक बागवानी श्री हरलाल बिजारणिया, सहायक निदेशक कृषि डॉ. सुरेश कुमार यादव, कृषि अधिकारी श्री दिनेश कुमावत, सरपंच बस्सी झाझड़ा श्री दिनेश निठरवाल एवं प्रगतिशील किसान श्री खेमाराम मेहरिया सहित अनेक किसान उपस्थित रहे।



# ग्रीष्मकालीन कौशल विकास एवं अभिरुचि शिविर बना प्रतिभाओं का मंच

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली।( बिल्लूराम सैनी )** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ कोटपूतली के तत्वाधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन कौशल विकास एवं अभिरुचि शिविर में बाल प्रतिभायें पूरे उत्साह से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। 17 मई से प्रारम्भ हुये इस बहुआयामी शिविर में कुल 171 बालक-बालिकायें विभिन्न विधाओं में दक्ष प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। शिविर 28 जून तक चलेगा। शिविर में हारमोनियम, पेंटिंग, योग, शतरंज, मेंहदी, ब्यूटीशियन, सिलाई, डांस, जूड़ो, कम्प्यूटर एवं इंग्लिश स्पोकन जैसे विषयों में बालकों को गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जो ना केवल उनकी रुचियों को पहचानने का अवसर देता है, बल्कि आत्मनिर्भरता और व्यक्तित्व निर्माण में भी सहायक सिद्ध हो रहा है। गुरूवार को शिविर के विशेष सत्र में विद्या भारती से संबद्ध आदर्श विद्या मंदिर कोटपूतली के व्यवस्थापक जितेन्द्र चौधरी ने शिविर का ध्वजारोहण कर शिविर का निरीक्षण किया और प्रशिक्षणरत बालकों को प्रेरक उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर बच्चों के समग्र विकास का आधार हैं, जो उनके भीतर आत्मविश्वास, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता का निर्माण करते हैं। चौधरी ने स्काउट गाइड कोटपूतली द्वारा आयोजित शिविर की प्रशंसा की। शिविर स्थल पर आगंतुकों का पारंपरिक रूप से स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया गया। शिविर संचालक अतुल कुमार आर्य ने अतिथियों का स्वागत करते हुये शिविर की गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। हारमोनियम प्रशिक्षक दिग्विजय सिंह ने आभार व्यक्त किया। जबकि मंच संचालन असिस्टेंट लीडर सीताराम गुप्ता द्वारा किया गया। स्थानीय संघ के सचिव रामवीर यादव ने बताया कि इस शिविर में बालकों को विभिन्न अभिरुचि सहित स्काउट गाइड का प्रशिक्षण आपातकालीन स्थिति में किस तरह लोगों को बचाया जा सके उसका भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# अन्तर्राष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस के अवसर आयोजित होंगे विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम

## जिला कलक्टर ने बैठक में तैयारियों की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**कोटपुतली।( बिल्लूराम सैनी )** सामाजिक न्याय एवंअधिकारिता विभाग राजस्थान जयपुर के आदेशों की अनुपालना में मादक पदार्थों के दुरूपयोग व अवैध तस्करी के खिलाफ 26 जून 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस के अवसर पर जन सामान्य में जागरूकता हेतु विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जानी है।अन्तर्राष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस के अवसर पर नशीले पदार्थों से होने वाले नुकसान के प्रति जन सामान्य में जागरूगता हेतु विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के सफल आयोजन किये जाने के संबंध में गुरुवार को जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति एवं अन्य विभागों के साथ नशामुक्त भारत अभियान के कार्लक्रमों के सफल आयोजन हेतु तैयारियों के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया.बैठक में जिला कलेक्टर ने गतिविधि/कार्यक्रमों पर चर्चा करते हुए आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की तैयारियों की समीक्षा की एवं अधिकाधिक युवा व आमजन को नशा मुक्ति अभियान से जोड़ने हेतु प्रयास करने को कहा।बैठक में एसडीएम कोटपूतली बृजेश चौधरी, एएसपी वैभव शर्मा, समाज कल्याण अधिकारी विपिन कुमार, सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत, डी ई ओ रामसिंह यादव सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे.।



### आयोजित होने वाले कार्यक्रम

12-13 जून को पोस्टर एवं प्रचार-प्रसार सामग्री (ढ्ढश्वष्ट) का विमोचन एवं वितरण, 16 जून को नुक्कड़ नाटक फ्लैश मॉब, ड्राइव और नारे एवं बैनर के साथ रैलियां। 18 जून को शैक्षणिक संस्थाओं एवं कॉचिंग सेन्टरों में सेमिनार / कार्यक्रम, 19 जून को शपथ कार्यक्रम (एनएमबीए पोर्टल पर ऑन लाईन एवं ऑफ लाईन) लब्ध प्रतिष्ठित व्यक्तियों /धार्मिक गुरूओं / योग साधकों / प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक गणमान्य व्यक्तियों एवं लोक कलाकार के सानिध्य में नशें के विरूद्ध एक शपथ कार्यक्रम . साथ ही 21 जून कोयोगा/ध्यान शिविर (जिले में योग/ध्यान स्वास्थ्य केन्द्र एवं स्वास्थ्य संगठनों के समन्वय से आयोजन), 22 जून से 24 जून को जिले में संचालित सभी नशामुक्ति केन्द्रों द्वारा आउटरीच कार्यक्रम, 23 जून को एनएमबीए वाहनों के माध्यम से जन-जागरूकता अभियान, 26 जून को वॉकाथन / मिनी मैराथन एवं बाईक / साईकल रैली, 26 जून को जिला स्तरीय सेमिनार / कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

# गलता तीर्थ मंदिर का हो सौन्दर्यकरण श्रद्धालुओं को मिले बेहतर सुविधाएं

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर** । मंदिर ठिकाना गलता जी, जयपुर की प्रबन्ध व्यवस्था, विकास कार्यो एवं श्रद्धालुओं को मंदिर में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में गुरूवार को जिला कलक्टर एवं प्रशासक मंदिर ठिकाना गलता जी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई।

जिला कलक्टर ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य गलता तीर्थ का सौन्दर्यकरण एवं श्रद्धालुओ को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने आगामी मानसून के दौरान श्रावण मास में होने वाली कावड़ यात्रा मे किसी प्रकार का हादसा न हो इसको ध्यान में रखते हुए 24 घण्टे सिविल डिफेन्स के वॉलिन्टियर्स की नियुक्ति करने के निर्देश उप नियन्त्रक नागरिक सुरक्षा विभाग अमित शर्मा को दिए है। उन्होंने आम श्रद्धालुओ की सुविधाओ को ध्यान में रखते हुए गलता तीर्थ परिसर में सरस पार्लर खोलने के निर्देश सरस डेयरी प्रबन्धक को दिए हैं। उन्होंने परिसर स्थित कुण्डों सहित सम्पूर्ण परिसर की बेहतर साफ सफाई व पार्किंग की व्यवस्था करवाने के निर्देश ए.डी.सी. नगर निगम हैरिटेज सुरेन्द्र सिंह यादव को दिए है। इसके साथ-साथ मंदिर परिसर में फल-फूल-माला प्रसाद की बेहतर व्यवस्था के साथ-साथ संविदा पर लगे सभी श्रमिकों को नियमानुसार नियमित रूप से पारिश्रमिक देने के निर्देश देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त रतनलाल योगी को दिए हैं। जिला कलक्टर ने आगामी मानसून को देखते हुए गलता परिसर स्थित क्यारा बांध एवं राजा कुण्ड में से मिट्टी खाली करवाकर चारों ओर सुरक्षा दीवार का निर्माण करवाने के निर्देश वन विभाग को दिए हैं।

उन्होंने मंदिर ठिकाना गलता जी की स्वामित्व की किराये पर चल रहीं दुकानों के किराये की वर्तमान दरों के अनुसार पुन: निर्धारण करवाने के संबंध में निर्देश देवस्थान व सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। इसके अतिरिक्त उन्होने गलता जी के समस्त विद्युत एवं पेयजल कनेक्शनों को मंदिर के नाम ट्रांसफर की कार्यवाही करवाने के निर्देश अतिरिक्त जिला कलक्टर आशीष कुमार को दिए हैं। इस दौरान सहायक आयुक्त द्वितीय देवस्थान विभाग महेन्द्र देवतवाल, उप अधीक्षक पुरातत्व विभाग मनोज कुमार द्विवेदी, कनिष्ठ अभियन्ता नगर निगम जयपुर हैरिटेज कुलदीप शर्मा,एस.ई. जे.डी.ए. महेश गोयल, उपायुक्त आदर्श नगर युगांतर, एक्स.ई.एन. जे.वी.वी.एन.एल. नागेश अग्रवाल, ए.सी.एफ. एन.बी.पी. देवेन्द्र सिंह राठौड़ सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर में होगा रक्तदान शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर**। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर में विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 14 जून, शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान चिकित्सालय (IPD) एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त सहयोग से राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, अंतरंग विभाग परिसर में सुबह 9:00 बजे से आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर संस्थान के चिकित्सक, छात्र, कर्मचारी एवं आम नागरिक रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी सेवा भावना प्रदर्शित करेंगे।


## राजस्थान ललित कला अकादमी

क्रमांक:- एफ.33/रालकअ/2025-26/110 जयपुर, दिनांक 04 जून, 2025

**सीमित निविदा सं.-1/2025-26**

अकादमी में कम्प्यूटर मय ऑपरेटर की आपूर्ति हेतु जिसकी अनुमानित लागत 1,80,000/- रूपये है, के कार्य के लिये प्रतिष्ठित फर्म से मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 16.06.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक कम्प्यूटर प्रशाखा से प्राप्त किया जा सकता है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 16.06.2025 को दोपहर 01.00 बजे तक सचिव महोदय के कक्ष में जमा कराई जा सकती है। प्राप्त निविदाएं सचिव महोदय के कक्ष में दिनांक 16.06.2025 को दोपहर 03.00 बजे उपस्थित निविदाताओं के समक्ष इस हेतु गठित समिति द्वारा खोली जावेंगी। निविदा को स्थगित/रद्द/संशोधित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता का होगा।

निविदा प्रपत्र एवं शर्तें sppp.raj.nic.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

NIB CODE: LKA2526A0001

UBN: LKA2521SSLB00001

सचिव

राजस्थान ललित कला अकादमी

DIPR/C/7559/2025


### वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान

# कृषि विज्ञान केन्द्र गोनेड़ा में कार्यक्रम आयोजित, किसानों के साथ जल का संरक्षण करने के तरीकों पर चर्चा की



**कोटपूतली**।बिल्लूराम सैनी )वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत कुषि एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा गुरुवार को कृषि विज्ञान केन्द्र गोनेड़ा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में फार्म पौण्ड, सिंचाई पाईप लाईन, फव्वारा, ड्रिप की जारी प्रशासनिक स्वीकृतियां संबधित किसानों को वितरित की गई। संयुक्त निदेशक कृषि महेंद्र जैन ने बताया कि कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती, सूक्ष्म सिंचाई, जैविक खेती, विभागीय योजनाओं की जानकारी किसानों को दी गई एवं केन्द्र में सूक्ष्म सिंचाई संयत्रों की प्रर्दशनी लगाई गई। उन्होनें बताया कि किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया एवं मौके पर कृषि विज्ञान केन्द्र गोनेड़ा द्वारा खेती में किये जा रहे नवाचारों, फार्म पौण्ड, ड्रिप सिंचाई संयत्रों फसल प्रर्दशन, पशुपालन संबंधी कार्यो का अवलोकन कराया गया। साथ ही किसानों को खेती के संबंध में समस्याओं का समाधान किया कराते हुये जल का संरक्षण करने के तरीकों पर चर्चा की की गई।कार्यक्रम में स्थानीय जन प्रतिनिधियो कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों व कार्मिकों, प्रगतिशील किसानों, किसानों कृषि विज्ञान केन्द्र गोनेड़ा के वैज्ञानिकों द्वारा भाग लिया गया साथ ही कार्यक्रम में मोरिंगा के पौधौ का रोपण भी किया गया।संयुक्त निदेशक ने बताया कि वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत कृषि एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा 19 जून 2025 को कृषि विज्ञान केन्द, गुंता, बानसूर में भी कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

# मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत योजना से मिला किसानों को आर्थिक संबल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर**। किसान अपने बेहतर कल के लिए फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए ऋण लेता है लेकिन कई बार मौसम और बीमारी की मार से फसल खराब हो जाती है और समय पर ऋण नहीं चुका पाता, ब्याज बढ़ता जाता है और उसे पुन: ऋण नहीं मिल पाता, वह दृष्चक्र में फंस जाता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की संवेदनशील सरकार ने किसानों की इस समस्या का हल मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एकमुश्त समझौता योजना- 2025-26 से निकाला जिसमें अवधिपार ऋण राशि का मात्र 25 प्रतिशत जमा करवाने पर किसान को ब्याज में एकमुश्त राहत दी जाती है और वह पुन: ऋण लेने का पात्र हो जाता है। यह योजना जोधपुर समेत पूरे राज्य के किसानों के लिए भी वरदान साबित हो रही है। इस योजना के अंतर्गत जोधपुर सहकारी भूमि विकास बैंक लिमिटेड से अब तक 36 किसानों ने 62.41 लाख रूपये की ऋण राहत प्राप्त की है। इन किसानों द्वारा अपेक्षाकृत बहुत कम राशि जमा करवाकर योजना के तहत ब्याज एवं दण्ड ब्याज में उल्लेखनीय राहत प्राप्त की गई है।

यह योजना किसानों को वित्तीय पुनर्निर्माण का अवसर देती है और उन्हें पुन: मुख्यधारा से जोड़ने में सहायक है। आगामी 30 जून से पूर्व ऋण की अवधिपार राशि का कम से कम 25 प्रतिशत जमा कर इस योजना का लाभ उठाया जा सकता है।

### किसानों को मिली लाखों की राहत-

योजना के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों के किसानों को उल्लेखनीय राहत दी गई है। मथानियां तिंवरी के अमानाराम को 3,41,554 रूपए, भीयासर आउ के पूनमचंद को 2,23,812, बावड़ी के देवीसिंह को 2,02,665, आमला फलौदी के ब्रह्मदेव को 1,65,210, सेखाला के रेवन्तसिंह को 1,33,845, दलपत नगर शेरगढ़ के धारूराम को 1,07,850, बाराकल्ला ओसियां निवासी श्यामलाल को 1,06,500 रूपए की राहत प्रदान की गई है। इस सभी ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार प्रकट किया है।


## OFFICE OF EXECUTIVE ENGINEER P.H.E.D DIVISION TONK

No. : Date:

**NOTICE INVITING TENDERS THROUGH E-procurement system**

**NIT No. 42-44/2025-26**

Online bids are invited on behalf of the Governor of Rajasthan from eligible enlisted "D and above" class contractors of PHED, Rajasthan and meeting eligibility criteria. Contractors enlisted with other departments of Government of Rajasthan and enlisted with CPWD/ Postal/Telecom/ Railways/ MES/ other State Government/ Central Government undertakings/ organization in class equivalent to "A and above" class of Rajasthan and meeting prescribed eligibility criteria may also apply. Details of this Bid notification and pre-qualification criteria can also be seen in NIB exhibited on web site www.dipr.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in and http://eproc.rajasthan. gov.in. Bids are to be submitted online electronic format on web site http://eproc.rajasthan.gov.in

| | |
|---|---|
| Work detail of NIT | Nit No- 42-44/2025-26 |
| NIB No | PHE2526A1577 |
| UBN NO | PHE2526WSOB03237, PHE2526WSOB03238, PHE2526WSRC03239, |
| Available/ Submission of tender document at website | 04.06.2025 Up to 18:00 Hrs & 16.06.2025 Up to 18:00 Hrs |
| Opening of PQ tender | 17.06.2025 up to 16:00 Hrs. |

निविदा प्रपत्र वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.gov.in. पर देखे व डाउनलोड किये जा सकते है। धरोहर राशि एवं टेण्डर राशि ई चालान के माध्यम से जमा किये जावे।

(Kaluram Meena)

Executive Engineer PHED Division Tonk.

DIPR/C/7625/2025

## सम्पादकीय

# आतंकवाद और पाकिस्तान- चीन से दो टूक बात करने का समय आ गया

भारत के इस प्रतिनिधिमंडल ने दुनिया भर में पाकिस्तान को बेनकाब करने की कोशिश की। इस बात में कोई दो राय नहीं है कि पाकिस्तान और आतंकवाद, एक दूसरे के पर्यायवाची बन चुके हैं। हाल के दिनों में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ से लेकर पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी सहित कई नेता यह स्वीकार कर चुके हैं कि पाकिस्तान आतंकवाद को पनाह देता रहा है। अमेरिका की यात्रा पर गए बिलावल भुट्टो जरदारी का एक और बयान काफी चर्चा में है जिसमें आतंकवाद का ठीकरा उन्होंने अमेरिका पर ही फोड़ दिया है।

पाकिस्तान, अमेरिका और आतंकवाद इन तीनों के आपसी संबंधों की कहानी किसी से छिपी नहीं है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने हाल ही में स्काई न्यूज के साथ एक इंटरव्यू के दौरान बस अमेरिका की भूमिका पर फिर से मुहर लगाने का काम कर दिया था। ख्वाजा आसिफ के शब्दों पर गौर कीजिएगा। उन्होंने कहा था कि, हम करीब तीन दशक से अमेरिका और ब्रिटेन समेत पश्चिमी देशों के लिए यह गंदा काम (आतंकवाद का समर्थन) कर रहे हैं। यह एक गलती थी और हमें इसकी कीमत चुकानी पड़ी, इसीलिए आप मुझसे यह कह रही हैं। अगर हम सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध में और 9/11 के बाद की जंग में शामिल नहीं होते, तो पाकिस्तान का ट्रैक रिकॉर्ड बेदाग होता।

जहां तक अमेरिका की बात है, वहां के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रवैए से उसकी पोल लगातार खुल रही है। पाकिस्तान पर एक के बाद एक अमेरिका जिस तरह की मेहरबानी कर रहा है,वह भी पूरी दुनिया देख रही है। लॉस एंजिल्स में जो कुछ हुआ उसके बाद अमेरिकी जनता को भी अहसास होने लगा है कि उन्होंने कितनी बड़ी गलती कर दी है।

भारत अमेरिकी संबंधों में मचे घमासान के बीच अब हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता अपने सीमाओं की सुरक्षा और पड़ोसी देशों से बेहतर तालमेल स्थापित करना होना चाहिए। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए अब पड़ोसी चीन से दो टूक भाषा में बात करने का समय आ गया है। चीन पाकिस्तान को हर तरह की ना केवल मदद मुहैया करा रहा है बल्कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य देश होने के नाते आतंकवादी संगठनों, आतंकवादियों और पाकिस्तान के लिए ढाल का काम भी कर रहा है। चीन पाकिस्तान के बाद श्रीलंका, म्यामांर , बांग्लादेश और नेपाल के सहारे भी भारत की घेरेबंदी कर रहा है। आखिर भारत इसे कब तक बर्दाश्त कर सकता है ?

बताया जा रहा है कि, चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेईडोंग इस सप्ताह भारत की यात्रा पर आ सकते हैं। इस साल दोनों देशों के बीच यह दूसरी उच्चस्तरीय यात्रा होगी। इससे पहले, भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी जनवरी में चीन की यात्रा पर गए थे। वहां सुन और मिसरी ने आपसी रिश्तों को सामान्य करने के लिए कई मुद्दों पर सहमति जताई थी। लेकिन पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जिस तरह से चीन ने खुलकर पाकिस्तान का साथ दिया। उसके बाद से अब माहौल काफी बदल गया है।

भारतीय बाजार के बल पर अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने वाले चीन से अब यह तो पूछा ही जाना चाहिए कि वह पाकिस्तान के रास्ते पर क्यों चलना चाहता है? पाकिस्तान तो आतंकवाद को पालते-पालते एक असफल देश बन चुका है लेकिन चीन जैसे बड़े देश की आखिर क्या मजबूरी है कि उसे आतंकवादियों का साथ देना पड़ रहा है। भारत और चीन के बीच आपस में विवाद है, यह एक कड़वी सच्चाई है लेकिन दुनिया के दो प्रभावशाली और बड़े देश होने के नाते इसे सुलझाने के कई तरीके हो सकते हैं।

–संतोष कुमार पाठक

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 13 जून की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 2008 में 13 जून को ही चीन और ताइवान ने विमान सेवा शुरू करने के संबंध में 1 ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।
- 2008 में आज ही के दिन टेलिकॉम मलेशिया (टीम) ने आइडिया सेलुलर कंपनी की 15 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी थी।
- 2006 में आज ही के दिन नाइजीरिया और कैमरून ने सीमा विवाद पर समझौता किया था।
- 2002 में आज ही के दिन अमेरिका ने एंटी-बालिस्टिक मिसाइल संधि से खुद को अलग किया था।
- 1960 में 13 जून को ही राजकुमार नरोत्तम सिंह आलोक कंबोडिया के राष्ट्रपति बने थे।
- 1956 में आज ही के दिन 72 वर्षों तक अपने नियंत्रण में रखने के बाद ब्रिटेन ने स्वेज नहर का नियंत्रण मिस्र को सौंपा था।
- 1951 में 13 जून को ही संयुक्त राष्ट्र के सैनिकों ने प्योंगयांग उत्तर कोरिया पर कब्जा कर लिया था।
- 1944 में आज ही के दिन नाजी जर्मनी ने ङ्क-1 बमों से हमला शुरू किया था।
- 1943 में 13 जून को ही स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने पनडुब्बी द्वारा जर्मनी से टोक्यो की यात्रा शुरू की थी।
- 1932 में आज ही के दिन इंग्लैंड और फ्रांस ने शांति संधि पर हस्ताक्षर किए थे।
- 1927 में 13 जून को ही अमेरिका में पहली बार स्टेचू आफ लिबर्टी के दाहिने हाथ से अमेरिकी ध्वज प्रदर्शित किया गया था।
- 1888 में आज ही के दिन अमेरिकी कांग्रेस ने श्रम विभाग का गठन किया था।
- 1625 में 13 जून को ही ब्रिटेन के राजा हेनरी प्रथम ने फ्रांस की राजकुमारी हिनरीती से विवाह किया था।
- 1290 में आज ही के दिन खिलजी वंश का प्रमुख जलालुद्दीन फिरोजशाह दिल्ली की गद्दी पर बैठा था और साथ ही गुलाम वंश के शासन का अंत हुआ था।
- 1923 में 13 जून के दिन ही हिंदी सिनेमा जगत् के मशहूर गीतकार प्रेम धवन का जन्म हुआ था।
- 1944 में आज ही के दिन संयुक्त राष्ट्र संघ के आठवें महासचिव बान की मून का जन्म हुआ था।
- 1879 में आज ही के दिन क्रांतिकारी गणेश दामोदर सावरकर का जन्म हुआ था।
- 2016 में आज ही के दिन भारत के प्रसिद्ध लेखक, उपन्यासकार और व्यंग्यकार मुद्राराक्षस का निधन हुआ था।
- 2012 में 13 जून के दिन ही प्रसिद्ध गज़ल गायक मेहदी हसन का निधन हुआ था।
- 2008 में आज ही के दिन एकमात्र कवयित्री कीर्ति चौधरी का निधन हुआ था।
- केरल में 1999 को कोच्चि शहर के नेदूनबास्सेरी में एक निजी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के संचालन शुरु हुआ।
- युगोस्लावियाइ सेना 1999 में कोसोवो से वापस लौटी।
- बरलुस्कोनी इटली के प्रधानमन्त्री 2001 में नियुक्त हुए।
- नासा का मंगलयान रोवर 2003 में लॉन्च किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय पिता दिवस- 15 जून, 2025

विशेष आलेख

# पिता-पुत्र का रिश्ता बेजोड़ एवं विलक्षण है

**सोनेरा डोड जब नन्ही-सी थी, तभी उनकी मां का देहांत हो गया। पिता विलियम स्मार्ट ने सोनेरो के जीवन में मां की कमी नहीं महसूस होने दी और उसे मां का भी प्यार दिया। एक दिन यूं ही सोनेरा के दिल में ख्याल आया कि आखिर एक दिन पिता के नाम क्यों नहीं हो सकता? इस तरह 19 जून 1910 को पहली बार फादर्स डे मनाया गया। 1924 में अमेरिकी राष्ट्रपति कैल्विन कोली ने फादर्स डे पर अपनी सहमति दी। फिर 1966 में राष्ट्रपति लिंडन जानसन ने जून के तीसरे रविवार को फादर्स डे मनाने की आधिकारिक घोषणा की। पिता ही बच्चों की सुरक्षा, विकास व समृद्धि के बारे में सोचते हैं। बावजूद बच्चों द्वारा पिता की लगातार उपेक्षा, दुर्व्यवहार एवं प्रताड़ना की स्थितियों बढ़ती जा रही है।**



ललित गर्ग

भारतीय संस्कृति में पिता का स्थान आकाश से भी ऊंचा माना गया है, पिता की धर्म है, पिता ही संबल है, पिता ही ताकत है। पिता हर संतान के लिए एक प्रेरणा हैं, एक प्रकाश हैं और संवेदनाओं के पुंज हैं। इसके महत्व को दर्शाने और पिता व पिता तुल्य व्यक्तियों के योगदान को सम्मान देने के लिए हर साल जून महीने के तीसरे रविवार को अंतर्राष्ट्रीय पिता दिवस यानी फादर्स डे मनाया जाता है। इस साल 15 जून 2025 को भारत समेत विश्वभर में यह दिवस मनाया जायेगा। फादर्स डे 2025 का आधिकारिक थीम 'पिता: लचीलेपन का पोषण और भविष्य को आकार देना' है। यह थीम हमारे जीवन में पिताओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालती है, जो बच्चों में सकारात्मक भावनाओं और सामाजिक विकास को बढ़ावा देते हैं। दुनिया के अलग-अलग देशों में अलग-अलग दिन और विविध परंपराओं के कारण उत्साह एवं उमंग से यह दिवस मनाया जाता है। यह एक ऐसा दिन है जिसे अपने पिता के सम्मान के लिए मनाया जाता है, साथ ही पितृत्व, पैतृक बंधन और समाज में पिताओं के प्रभाव को भी याद किया जाता है। हिन्दू परंपरा के मुताबिक पितृ दिवस भाद्रपद महीने की सर्वपितृ अमावस्या के दिन होता है। पिता एक ऐसा शब्द जिसके बिना किसी के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। एक ऐसा पवित्र रिश्ता जिसकी तुलना किसी और रिश्ते से नहीं हो सकती। पिता ईश्वर का सबसे अच्छा उपहार हैं। जीवन में कोई भी पिता की जगह नहीं ले सकता। पिता अपनी संतान के सच्चे शुभचिंतक एवं हितैषी होते हैं।

सोनेरा डोड जब नन्ही-सी थी, तभी उनकी मां का देहांत हो गया। पिता विलियम स्मार्ट ने सोनेरो के जीवन में मां की कमी नहीं महसूस होने दी और उसे मां का भी प्यार दिया। एक दिन यूं ही सोनेरा के दिल में ख्याल आया कि आखिर एक दिन पिता के नाम क्यों नहीं हो सकता? इस तरह 19 जून 1910 को पहली बार फादर्स डे मनाया गया। 1924 में अमेरिकी राष्ट्रपति कैल्विन कोली ने फादर्स डे पर अपनी सहमति दी। फिर 1966 में राष्ट्रपति लिंडन जानसन ने जून के तीसरे रविवार को फादर्स डे मनाने की आधिकारिक घोषणा की। पिता ही बच्चों की सुरक्षा, विकास व समृद्धि के बारे में सोचते हैं। बावजूद बच्चों द्वारा पिता की लगातार उपेक्षा, दुर्व्यवहार एवं प्रताड़ना की स्थितियों बढ़ती जा रही है, जिन पर नियंत्रण के लिये इस दिवस की विशेष उपयोगिता एवं प्रासंगिकता है। मानवीय रिश्तों में दुनिया में सबसे बड़ा स्थान मां को दिया जाता है, लेकिन एक बच्चे को बड़ा और सभ्य बनाने में उसके पिता का योगदान कम करके नहीं आंका जा सकता। पिता नीम के पेड़ जैसा होता है उसके पत्ते भले ही कड़वे होते हैं पर वो छाया ठंडी देता है। पिता और बच्चों का रिश्ता इस दुनिया में सबसे अलग होता है। एक तरफ पिता बच्चों को डांटते हैं, तो दूसरी तरह बच्चों से बेहद प्रेम भी करते हैं। पिता अपने बेटे की चोट पर व्यथित तो होता है लेकिन उसे बेटे के सामने मजबूत बने रहना है। ताकि बेटा उसे देख कर जीवन की समस्याओं से लड़ने का पाठ सीखे, सख्त एवं निडर बनकर जिंदगी की तकलीफों का सामना करने में सक्षम हो।

भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों में पिता को देवतुल्य माना गया है। हमारे ग्रन्थों में माता-पिता और गुरु तीनों को ही देवता माना गया है। इनकी सेवा और भक्ति में कसर रह जाए तो फिर ईश्वर की प्राप्ति संभव नहीं। और अगर हमने इनकी सेवा पूरे मन से की तो भगवान स्वयं कच्चे धागे से बंधे भक्त के पीछे-पीछे चल पड़ते हैं। इस दिवस को मनाने के तरीके अलग-अलग हो सकते हैं, परन्तु सभी का मुख्य उद्देश्य यह होता है कि वे अपने पिता के योगदान को न भूलें और उनको अकेलेपन की कमी को महसूस न होने दें। इतिहास में अनेकों ऐसे उदाहरण है कि पिता की आज्ञा से भगवान श्रीराम जैसे अवतारी पुरुषों ने राजपाट त्याग कर वनों में विचरण किया, मातृ-पितृ भक्त श्रवण कुमार ने अपने अन्धे माता-पिता को काँवड़ में बैठाकर चारधाम की यात्रा कराई। फिर क्यों आधुनिक समाज में पिता और उनकी संतान के बीच दूरियां बढ़ती जा रही है। आज के पिता समाज-परिवार से कटे रहते हैं और सामान्यत: इस बात से सर्वाधिक दु:खी है कि जीवन का विशद अनुभव होने के बावजूद कोई उनकी राय न तो लेना चाहता है और न ही उनकी राय को महत्व देता है। समाज में अपनी एक तरह से अहमियत न समझे जाने के कारण हमारे पिता दु:खी, उपेक्षित एवं त्रासद जीवन जीने को विवश है। पिता को इस दु:ख और कष्ट से छुटकारा दिलाना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। माँ ममता का सागर है पर पिता उसका किनारा है। माँ से ही बनता घर है पर पिता घर का सहारा है। माँ से स्वर्ग है माँ से बैकुंठ, माँ से ही चारों धाम है पर इन सब का द्वार तो पिता ही है। उन्हीं पिता के सम्मान में पितृ दिवस मनाया जाता है। आधुनिक समाज में पिता-पुत्र के संबंधों की संस्कृति को जीवंत बनाने की अपेक्षा है।

हर पिता अपने पुत्र की निषेधात्मक और दुष्प्रवृत्तियों को समाप्त करके नया जीवन प्रदान करता है। वरुण जल का देवता होता है। जैसे जल वस्त्र आदि के मैल को दूर करता है, वैसे ही पिता पुत्र की मानसिक कलुषता को दूर कर सद्संस्कारों का बीजारोपण करता है एवं उसके व्यक्तित्व को नव्य और स्वच्छ रूप प्रदान करता है।

# गांव से जिनेवा तक भारत का सामाजिक सुरक्षा मॉडल

**इस क्रांति की नींव उन कल्याणकारी योजनाओं पर टिकी है, जिन्होंने गरीबों, मजदूरों और समाज के हाशिए पर खड़े लोगों के जीवन को नई रोशनी दी। आयुष्मान भारत ने करोड़ों परिवारों को मुफ्त इलाज का सहारा दिया, तो अटल पेंशन योजना ने बुढ़ापे में आर्थिक सुरक्षा का भरोसा दिलाया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और जन-धन योजना ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों और महिलाओं को वह आत्मविश्वास दिया, जो उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता की ओर ले जाता है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने भारत की इस उपलब्धि को न केवल सराहा, बल्कि इसे वैश्विक मंच पर एक मिसाल के रूप में पेश किया।**



आरके जैन

भारत की धरती पर एक ऐसी क्रांति जन्म ले रही है, जो न केवल आंकड़ों की किताबों में दर्ज होगी, बल्कि करोड़ों दिलों की धड़कनों में बसेगी। यह कहानी है 94 करोड़ लोगों की, जो आज सामाजिक सुरक्षा के अभेद्य कवच में सांस ले रहे हैं। यह कहानी है उस भारत की, जिसने एक दशक में असंभव को संभव कर दिखाया, विश्व मंच पर सामाजिक सुरक्षा कवरेज में दूसरा स्थान हासिल किया। 2015 में जहां केवल 19त्न आबादी इस सुरक्षा के दायरे में थी, वहीं 2025 में यह आंकड़ा 64.3त्न तक पहुंच गया। यह 45त्न का ऐतिहासिक उछाल केवल एक संख्या नहीं, बल्कि उस अटल संकल्प का प्रतीक है, जो समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सशक्त बनाने का वादा करता है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुई उस यात्रा का गवाह है, जो सबका साथ, सबका विकासको नारा नहीं, बल्कि हकीकत बनाती है।

इस क्रांति की नींव उन कल्याणकारी योजनाओं पर टिकी है, जिन्होंने गरीबों, मजदूरों और समाज के हाशिए पर खड़े लोगों के जीवन को नई रोशनी दी। आयुष्मान भारत ने करोड़ों परिवारों को मुफ्त इलाज का सहारा दिया, तो अटल पेंशन योजना ने बुढ़ापे में आर्थिक सुरक्षा का भरोसा दिलाया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और जन-धन योजना ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों और महिलाओं को वह आत्मविश्वास दिया, जो उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता की ओर ले जाता है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने भारत की इस उपलब्धि को न केवल सराहा, बल्कि इसे वैश्विक मंच पर एक मिसाल के रूप में पेश किया। आईएलओ के महानिदेशक गिल्बर्ट एफ हुंगबो ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में जो प्रगति की है, वह विश्व के लिए एक प्रेरणा है। यह प्रशंसा उस भारत की ताकत को रेखांकित करती है, जो अपने हर नागरिक को गरिमा और सुरक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

जिनेवा में आयोजित 113वें अंतरराष्ट्रीय श्रम सम्मेलन में श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने भारत की इस उपलब्धि को गर्व के साथ प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा, यह वृद्धि 'अंत्योदय' के उस सिद्धांत को साकार करती है, जो समाज के सबसे कमजोर व्यक्ति को सशक्त बनाने का वादा करता है। भारत ने न केवल सामाजिक सुरक्षा का दायरा बढ़ाया, बल्कि इसे डिजिटल और पारदर्शी बनाकर एक नया वैश्विक मानक स्थापित किया। आईएलओ के सहयोग से शुरू किया गया राष्ट्रीय डाटा पूलिंग अभियान इसकी सबसे बड़ी मिसाल है। यह अभियान न केवल लाभार्थियों की संख्या को ट्रैक करता है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करता है कि योजनाएं विधायी रूप से समर्थित और समयबद्ध हों। भारत 2025 के सामाजिक सुरक्षा डाटा को आईएलओएसटीएट डेटाबेस में अपडेट करने वाला पहला देश बना, जो इसकी डिजिटल प्रणालियों और पारदर्शिता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

यह उपलब्धि केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है। यह उस किसान की कहानी है, जो अब आयुष्मान भारत के तहत बिना चिंता के इलाज करवा सकता है।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान



सतीश कुमार सारस्वत
( समाजसेवी )

नमस्कार साथियों हमारी आज के शख्सियत कॉलम के स्टार हैं समाजसेवी व इस उम्र में भी सामाजिक कार्यो के लिए ऊर्जा से लबरेज श्री सतीश सारस्वत जी। 1 फरवरी 1951 मथुरा जिले के गाँव सौंखखेड़ा में जन्में शिक्षा बीएससी सेंट जौन्स कॉलेज आगरा से की सेवानिवृत्त उप महाप्रबंधक दूरसंचार, बीएसएनएल, अलवर से हुए हैं। दूरसंचार विभाग तथा बीएसएनएल में जूनियर टेलीकॉम औफीसर, सब डिवीजनल इंजीनियर, डिवीजनल इंजीनियर एवं उप महाप्रबंधक आदि पदों पर रहते हुए 39 साल 5 माह सरकारी सेवा की है। इस सेवा काल में अनेक चुनौती पूर्ण कार्यों को किया जिसे विभाग ने सराहा और इन्हे प्रसंशा पत्र दिये, मानदेय दिया। तत्कालीन मुख्य महाप्रबंधक उत्तर क्षेत्रीय दूरसंचार परियोजना परिमण्डल, नईदिल्ली ने मेरे कार्य से खुश हो कर इन्हे उदयपुर से ट्रांसफर कर अपने पास नईदिल्ली में तकनीकी सहायक के पद बुला लिया तथा 1990 में दूरसंचार श्री की उपाधि से सम्मानित किया

सेवानिवृत्त के बाद समाज सेवा के मार्ग पर चलने के उद्देश्य से ये 2011 में गायत्री परिवार से जुडे। सितम्बर 2011 में शान्तिकुन्ज हरिद्वार में गायत्री मंत्र की गुरु दीक्षा लेकर अलवर में अखिल विश्व गायत्री परिवार के साथ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य की युग निमार्ण योजना में लग गए। अखिल विश्व गायत्री परिवार अलवर ने जुलाई 2013 में इनकी अकाट्य लगन के कारण मेरे न चाहने पर इन्हे गायत्री परिवार ट्रस्ट अलवर का मुख्य प्रबंध ट्रस्टी बना दिया, पुनः दूसरे टर्म 2016-19 का भी मुख्य प्रबंध ट्रस्टी बनाया। इसके साथ साथ ही जून 2012 में संतोष कुमार जानकी देवी गुरुकृपा अपनाघर आश्रम विवेकानंद नगर अलवर में स्थापना के समय से आजीवन सदस्य के रूप में पीड़ित मानव सेवार्थ जुड़ कर कार्य करने लगे । माँ माधुरी ब्रज वारिस सेवा सदन अपनाघर संस्था से जुड़ने के बाद अपनाघर आश्रम अलवर की कार्यकारिणी में सदस्यए वित्त सचिव, सचिव के पदों पर कार्य करने के बाद अब अप्रैल 25 से विवेकानंद नगर अपनाघर आश्रम के अध्यक्ष के बतौर इन्हे प्रभु सेवा करने का अवसर मिल रहा है। गायत्री परिवार मानव जीवन के पतन निवारण का कार्य कर रहा है दूसरी ओर अपनाघर संस्था मानव की पीड़ा हरण का कार्य कर रही है। दोनों संस्था से इन्हे जुड़ने का अवसर मिला यह मेरा सौभाग्य है और ये ईश्वर की बहुत अपने ऊपर कृपा मानते हैं कि इन्हे सेवा के योग्य समझा। टीम बढ़ता राजस्थान इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## यादें
बढ़ता राजस्थान

### माधव सदाशिव गोलवलकर ने बनाया था आरएसएस को महान संस्थागत शक्ति

नागपुर के पास रामटेक में एक मराठी परिवार में 19 फरवरी 1906 को माधवराव सदाशिव गोलवलकर का जन्म हुआ था। उन्होंने साल 1937 में बीएचयू से एमएससी की डिग्री हासिल की थी। वह राष्ट्रवादी नेता और यूनिवर्सिटी के संस्थापक मदन मोहन मालवीय से काफी ज्यादा प्रभावित थे। इसी कारण से उन्होंने बीएचयू में जंतु शास्त्र पढ़ाते थे। इस दौरान उनको गुरुजी का उपनाम मिला था। वहीं साल 1932 में गोलवलकर की हेडगेवार से मुलाकात हुई और इसी के बाद माधव सदाशिव गोलवलकर को बीएचयू में संघचालक नियुक्त किया गया।

आरएसएस के दूसरे सरसंघचालक

वह आरएसएस के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार की मृत्यु के बाद साल 1940 में आरएसएस के दूसरे सरसंघचालक बने थे। वह हमेशा राजनीति से दूर रहने की सलाह देते थे। क्योंकि गोलवलकर राजनीति को अच्छी



चीज नहीं मानते थे।

आरएसएस और राजनीति के बीच खींची एक लकीर

आज भी आरएसएस और राजनीति के बीच एक लकीर साफ नजर आती है। क्योंकि आरएसएस का सीधे तौर पर कभी भी राजनीति में हस्तक्षेप नहीं रहा है। आरएसएस खुद को हमेशा राजनीति से अलग ही बताता है। इसका उद्देश्य हिंदू समाज को सशक्त बनाना और संगठित करना है। महाभारत के एक श्लोक में राजनीति को वेश्याओं का धर्म बताया गया है। इसी श्लोक को माधवराव गोलवलकर और उनके बाद सभी सरसंघचालक दोहराते थे।

युवाओं के प्रेरणा पुंज

बता दें कि साल 1940 से लेकर 1973 तक गोलवलकर ने सरसंघचालक का दायित्व बड़ी ही कुशलता से निभाया। सरसंघचालक के तौर पर गोलवलकर के 33 साल बहुत महत्वपूर्ण रहे। इन 33 सालों में भारत छोड़ो आंदोलन, विभाजन के पहले और विभाजन के बाद हुआ भीषण रक्तपात, गांधीजी की हत्या, भारत के संविधान का निर्माण, पंडित नेहरू का निधन, भारत-पाक युद्ध आदि अनेक घटनाएं हुईं। इस दौरान गोलवलकर का अध्ययन और चिंतन इतना ज्यादा सर्वश्रेष्ठ रहा कि वह देशभर के युवाओं के लिए प्रेरक पुंज बन गए और पूरे राष्ट्र के दिशा-निर्देशक बन गए थे।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
मेष राशि वालों का दिन मेहनत और लगन से काम करने का है। आपके पास साहस की कमी नहीं है, पर अकारण व्यवधान लाभ के रास्ते में रुकावट बन सकते हैं। यदि आप किसी नई योजना की शुरुआत करना चाहते हैं तो थोड़ा समय लें ।

**वृष**
वृषभ राशि के लोगों के लिए दिन सावधानी से काम करने का है। किसी कार्य में अत्यधिक जल्दबाजी आपकी मेहनत पर पानी फेर सकती है। संयम बनाए रखें और खासतौर पर आर्थिक निर्णय सोच-समझकर लें।

**मिथुन**
मिथुन राशि के लोगों के लिए दिन चुनौतियों से भरा रह सकता है। कार्यक्षेत्र में कोई नया टार्गेट या क्लाइंट मिलने की संभावना है, लेकिन यह आपके धैर्य की परीक्षा लेगा। पैसों के लेन-देन में लापरवाही भारी पड़ सकती है।

**कर्क**
कर्क राशि के लोगों को सलाह है कि भाग्य के भरोसे न बैठें, आपको अपनी मेहनत के बल पर ही सफलता मिलेगी। कोई लंबी यात्रा की योजना बन सकती है जो थकान भरी होगी, पर उससे जुड़े लाभ भी होंगे। कार्यक्षेत्र में कोई अधूरा कार्य पूरा करने का दबाव रहेगा

**सिंह**
सिंह राशि के लोगों के लिए समय अनुकूल है। आपके अधूरे काम सहजता से पूरे होंगे और मन में आत्मविश्वास बना रहेगा। कोई नया व्यवसायिक अवसर मिल सकता है, जिससे आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**कन्या**
कन्या राशि के लोगों का दिन शुभ रहेगा। सामाजिक समारोह में भाग लेने का मौका मिल सकता है। घर में किसी धार्मिक कार्य की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र में योजनाएं फलीभूत होंगी, विशेषत: शिक्षा और लेखन क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल है।

**तुला**
तुला राशि वालों के लिए कार्यक्षेत्र में आपकी साख बढ़ेगी और प्रभाव भी मजबूत होगा। एक के बाद एक समस्याएं सुलझेंगी जिससे आत्मबल में वृद्धि होगी। पेट और आंखों की समस्या से सतर्क रहें।

**वृश्चिक**
वृश्चिक राशि के लोगों का दिन तरक?की से भरा होगा। जटिल कार्यों का समाधान मिलेगा और नए प्रॉजेक्ट की शुरुआत हो सकती है। व्यापार में साझेदारी लाभकारी साबित होगी। मानसिक तनाव और सिरदर्द हो सकता है।

**धनु**
स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा। आर्थिक योजना अच्छी तरह पूरी कर सकेंगे। व्यापार-धंधे के लिए प्रवास की संभावना है। अन्य लोगों की सहायता करने का प्रयत्न करेंगे।

**मकर**
मकर राशि के लोगों को लाभ होगा और पुरुषार्थ व साहस के बल पर आप नई ऊंचाइयां छू सकते हैं। कार्यक्षेत्र में किसी पुराने मुद्दे का समाधान मिलेगा। किसी चल-अचल संपत्ति का विवाद हल हो सकता है।

**कुंभ**
कुंभ राशि के लोगों को लाभ होगा और बेहतर होगा कि आप किसी रिश्ते या कार्य में अनावश्यक शक से बचें। यह समय और धन दोनों का नुकसान करवा सकता है। नियोजित योजनाएं सफल होंगी।

**मीन**
मीन राशि के लोगों का दिन सफलता और संतुलन दोनों लेकर आया है। कठिन समय खत्म होता दिख रहा है। व्यापार में नए अवसर मिलेंगे और विरोधियों पर विजय मिलेगी। खानपान पर ध्यान देना जरूरी है वरना पेट की समस्या उत्पन्न हो सकती है।

वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान

# जल बचाना हर नागरिक की जिम्मेदारी : परशुराम धानका

बढ़ता राजस्थान




**टोंक,( का.स. )।** गंगा दशहरा एवं विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुरू हुए वंदे गंगा-जल संरक्षण जन अभियान के आठवें दिन गुरुवार को उपखंड पीपलू की ग्राम पंचायत बोरखंडीकलां में कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद के सीईओ परशुराम धानका ने कहा कि पानी की बचत और उसके स्त्रोतों का संरक्षण करना बेहद जरूरी है। पृथ्वी पर आज पीने योग्य जल सीमित मात्रा में है और इसकी खपत लगातार बढ़ रही है। मनुष्य द्वारा जल का अत्यधिक दोहन और बर्बादी, जल प्रदूषण, वनों की कटाई, शहरीकरण और बारिश का जल संग्रहण नहीं करना गंभीर खतरे के संकेत है। सीईओ ने कहा कि जल बचाना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने बूंद-बूंद से सागर बनता है, हर बूंद को बचाना ही जल संरक्षण है पंक्ति से सभी को जल बचाने का आह्वान किया। उपखंड अधिकारी गणराज बड़गौतिया ने कहा कि अगर आज हम पानी नहीं बचाएंगे तो आने वाली पीढ़िया इसका खामियाजा भुगतेंगी। हमें विरासत में हरी-भरी धरती और समृद्ध जीवन उन्हें देना है। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने क्षेत्र के कृषकों से संवाद करते हुए कहा कि आप आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए 'जल है तो कल है, के संकल्प के साथ जल संरक्षण के सामूहिक प्रयास करें। सोलंकी ने कृषकों को जैविक खेती के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि जैविक कृषि वह विधि है जो कृषि भूमि की उर्वरा शक्ति को बनाए रखने के लिये फसल चक्र, हरी खाद, कम्पोस्ट आदि का प्रयोग करती है। इसके साथ ही, संयुक्त निदेशक ने सूक्ष्म सिंचाई पद्धति के बारे में बताया कि यह एक उन्नत सिंचाई प्रणाली है जिसमें पौधों के जड़ क्षेत्र में सीधे पानी पहुंचाने के लिए कम दबाव और कम प्रवाह दर का उपयोग किया जाता है। इस प्रणाली में ड्रिप सिंचाई, माइक्रो-स्प्रे, और अन्य तकनीकें शामिल हैं जो पानी को बर्बाद होने से बचाती हैं और फसलों को अधिक कुशलता से पानी देती हैं।

कार्यक्रम में आत्मा के परियोजना निदेशक दिनेश कुमार बैरवा ने कहा कि हम रोज छोटी-छोटी आदतों में सुधार कर पानी की बचत कर सकते है। वर्मी कम्पोस्ट तकनीकी के बारे में कहा कि वर्मी कम्पोस्ट आज की सघन खेती के युग में भूमि की उर्वराशक्ति बनाये रखने के लिए अति आवश्यक है। परियोजना निदेशक बैरवा ने बताया कि वर्मी कम्पोस्ट में बदबू नहीं होती है और मक्खी एवं मच्छर नहीं बढ़ते है तथा वातावरण प्रदूषित नहीं होता है। तापमान नियंत्रित रहने से जीवाणु क्रियाशील तथा सक्रिय रहते हैं। वर्मी कम्पोस्ट डेढ़ से दो माह के अंदर तैयार हो जाता है। उद्यान विभाग के सहायक निदेशक चंद्रप्रकाश बढ़ाया ने बताया कि उद्यान की खेती में कम भूमि में अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। बाजार में इसकी मांग अधिक और मूल्य बेहतर प्राप्त होता है। उन्होंने उद्यानिकी खेती के लिए जलवायु और मिट्टी के चयन, सिंचाई प्रणाली, प्रशिक्षण और छंटाई, कीट और रोग नियंत्रण समेत भारत सरकार की राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना की विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा कृषि विज्ञान केंद्र वनस्थली के वैज्ञानिक बंशीधर चौधरी, ग्राम पंचायत प्रशासक ने भी अपने विचार व्यक्त किए।



प्रतिभा सम्मान समारोह 2025

# 235 मेधावी विद्यार्थियों व 10 शिक्षकों का किया सम्मान

## प्रतिभाओं का सम्मान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का कार्यः शुभम

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** रणथंभोर हेरिटेज सोसाइटी के सौजन्य से प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 का भव्य आयोजन बुधवार को होटल हिल व्यू रिसॉर्ट, रणथंभोर रोड, सवाई माधोपुर में आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता हेरिटेज सोसाइटी अध्यक्ष ओम अग्रवाल (ओटीसी) ने की, जबकि मुख्य अतिथि जिला कलक्टर श्रीमती शुभम चौधरी रही। इस अवसर पर जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने समारोह में प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को सम्मानित करना केवल उनके प्रयासों की सराहना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का कार्य है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों और शिक्षकों का मनोबल भी ऊंचा होता है। हेरिटेज सोसाइटी के अध्यक्ष ओम अग्रवाल एवं सचिव कैलाश चंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि यह कार्यक्रम विशेष रूप से उन विद्यार्थियों के प्रोत्साहन हेतु आयोजित किया गया है, जिन्होंने राजकीय विद्यालयों में अध्ययन करते हुए वर्ष 2025 की माध्यमिक (10वीं) एवं उच्च माध्यमिक (12वीं) बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा एवं एडीपीसी समग्र शिक्षा दिनेश कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि यह समारोह न केवल शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने का एक सशक्त माध्यम है, बल्कि इससे विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए समाज और प्रशासन के साझा प्रयासों की यह एक मिसाल है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ मनीष शर्मा तथा सह संयोजक हेमराज मीना कार्यक्रम अधिकारी, समग्र शिक्षा ने बताया कि समारोह में कुल 235 मेधावी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह, एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही 10 ऐसे शिक्षकों और प्रधानाचार्यों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया या विद्यालय विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया। समारोह में विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र और स्मृति चिह्न भेंट किए गए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) हरकेश लाल, जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) देवी लाल, आयोजन समिति सदस्य डॉ. अतुल जैन, कोषाध्यक्ष कैलाश खंडेलवाल, डॉ. आरती रानी भदौरिया, लोकेन्द्र जैन, रणथंभोर हेरिटेज सोसाइटी के अन्य सदस्यगण, शिक्षा विभाग के अधिकारीगण कालूराम बैरवा, राकेश मीणा,भगवान माल, चंद्र मोहन शर्मा, मुकेश कांवरिया, दीपक शर्मा तथा जिलेभर से आए सैकड़ों विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

# 'संकल्प से सिद्धि अभियान' मंडलवार वक्ता मनोनीत

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जाने वाले संकल्प से सिद्धि अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु अभियान के जिला संयोजक जमनालाल वैष्णव ने जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर के निर्देशानुसार सवाई माधोपुर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों हेतु मंडलवार वक्ताओं की नियुक्ति की है । जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि मण्डलवार वक्ताओं में बामनवास मंडल में जमनालाल वैष्णव, बरनाला मंडल मे विनोद अटल और गोविंद पाराशर, बोली मंडल में देवेंद्र सिंह राठौड़, मित्रपुरा मंडल में हेमंत शर्मा, गंगापुर शहर मंडल में बजरंगलाल जाट, गंगापुर ग्रामीण मंडल में रामसिंह खटाना, वजीरपुर मंडल में केदार मीणा, तलवाड़ा मंडल में दीपक सिंघल, मलारना डूंगर मंडल में दामोदर बिंदल, सवाई माधोपुर शहर मंडल में सुरेशचंद जैन, सवाई माधोपुर ग्रामीण मंडल में प्रेमप्रकाश शर्मा, बजरिया मंडल में पृथ्वीराज मीणा, कुंडेरा मंडल में मीरा सैनी, खंडार मंडल में डॉ भरतलाल मथुरिया, छान मंडल में दीनदयाल अग्रवाल, कुस्तला मंडल में बलवीर सिंह राजावत, चौथ का बरवाड़ा मंडल में हरिओम गर्ग कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाग लेंगे।

# वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अन्तर्गत किया पौधारोपण




बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अन्तर्गत बुधवार को जिले में उप वन संरक्षक सुनील कुमार के निर्देशन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान हरियालों राजस्थान की पूर्व तैयारियों हेतु वन विभाग द्वारा गड़ढ़ें खोदना सीसीटी, एसजीटी कार्य, वन क्षेत्र में विधमान जल संग्रहण संरचनाओं की गाद निकालना आदि जल संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण कार्य किए गए। साथ ही बौंली में लाखनपुर घाटी, मझीला, ककराला वन क्षेत्र, टटवाड़ा वन सहित कुल 13 चयनित स्थानों पर सांकेतिक बीजारोपण एवं पौधारोपण का कार्य भी किया गया। उप वन संरक्षक सुनील कुमार ने बताया कि वन विभाग द्वारा वार्षिक वन्यजीव गणना का कार्य भी किया जा रहा है जिसका प्राथमिक उद्देश्य प्रदेश की विभिन्न वन्यजीव प्रजातियों की वर्तमान संख्या का सटीक आंकलन करना है।

# अहमदाबाद विमान हादसे पर गहरी चिन्ता प्रकट

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** अहमदाबाद के हवाईहड्डे पर लंदन से आ रहे एक विमान के अचानक क्रेश हो जाने जाने के बाद प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने विमान हादसे पर गहरी चिन्ता प्रकट करते हुए मृतक आत्माओं के प्रति संवेदना प्रकट कर सभी मृतको को भगवान से अपनी शरण में लेने की कामना की है। गुरूवार को दोपही के समय अहदाबाद हवाईहड्डे पर लंदन से आया एक विमान उतरने के समय अचानक



क्रेश हो गया। प्रारमिभक जानकारी के अनुसार इस विमान में 169 भारतीय सहित 53 ब्रिटिश, 1 कनाडाई और 7 पुर्तगाली नागरिक सहित कुल 242 यात्री व क्रू मेम्बर सवार थे। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि इस विमान में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय स्माणी भी सवार थे। विमान हादसे की सूचना मिलते ही प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी स्तब्ध रह गए। साथ ही चौधरी ने विमान हादसे पर गहरी चिन्ता प्रकट करते हुए मृतको के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए भगवान से कामना की है कि सभी मृतक आत्माओ को अपने चरणो में स्थान प्रदान करें।

# डिस्ट्रिक्ट जज दीक्षित ने किशोर गृह का निरीक्षण कर जांची व्यवस्थाएं

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के अध्यक्ष देवेन्द्र दीक्षित ने गुरुवार को राजकीय संप्रेक्षण एवं किशोर गृह सवाई माधोपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुल 13 बाल अपचारी उपस्थित रहे। दीक्षित ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में निरूद्ध बाल अपचारियों के अध्ययन, उनको मिलने वाली मूलभूत सुविधाएं, शौचालय एवं स्नानघर की साफ-सफाई आदि के जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने रसोईघर सहित लाईब्रेरी का भी निरीक्षण किया। दीक्षित द्वारा बाल अपचारियों को अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिये अपराधों से दूर रहने के लिये प्रेरित किया गया। राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह के अधीक्षक विमलेश कुमार को बाल अपचारियों के सुधार हेतु कार्य करने एवं उनके स्किल डवलपमेन्ट पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। साथ ही बाल अपचारियों को रचनात्मक एवं उपयोगी किताबें उपलब्ध करवाने के संबंध में निर्देश दिए।

दीक्षित ने बताया कि इससे बाल अपचारियों में पढ़ने और सोचने की क्षमता का विकास होगा एवं बाल अपचारियों के सुधार में मदद मिलेगी। इस दौरान श्री देवेन्द्र दीक्षित द्वारा राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में निरूद्ध बाल अपचारियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के बारे में पूछताछ की गई। सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह की साफ-सफाई व्यवस्था एवं उनको मिल रही सुविधाओं के प्रति बाल अपचारियों द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। श्री देवेन्द्र दीक्षित द्वारा सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह की व्यवस्थाओं एवं सुधारात्मक प्रयासों की सराहना की गई तथा उसे और भी बेहतर करने की दिशा में सुझाव दिए गए। इस दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीक्षा गौतम, प्रिंसीपल मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड अंकिता सिंहल, काउंसलर गिर्राज प्रसाद शर्मा, न्यायमित्र नंदकिशोर बैरवा एवं तपेश जैन आदि उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई से फरियादियो को मिली राहत

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** पंचायत समिति सभागार में गुरूवार को आयोजित ब्लाक स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में आए लोगो की समस्याओं का त्वरित समाधान होने से राहत महसूस हुई। गुरूवार को राज्य सरकार व जिला प्रशासन के निर्देशानुसार उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी की अध्यक्षता में ब्लाक स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में शहरी व ग्रामीण क्षैत्रो से लोग अपने अपने क्षैत्र की मूलभूत समस्याओं के प्रार्थना पत्रो के साथ उपस्थित हुए। जनसुनवाई कार्यक्रम में सभी ब्लाक स्तरीय अधिकारी मौजुद रहे। शहरी और ग्रामीण क्षैत्रो से फरियाद लेकर पहुचे लोगो के प्रार्थना पत्र प्राप्त कर उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने कार्यक्रम में मौजुद




सम्बन्धित अधिकारी को देकर समस्या का त्वरित एवं निर्धारित समयाविधि में समाधान कर सूचित करने के निर्देश प्रदान किए। कार्यकम के दौरान मुख्य रूप से पानी बिजली साफ सफाई सहित मुख्य सड़को के मरम्मत की प्राप्त हुई। कई लोगो ने सरकारी विभागो से सम्बन्धित व्यक्ति समस्याओं के प्रार्थना पत्र भी प्रस्तुत कर समाधान करवाने की मांग की। उपखण्ड अधिकारी चौधरी ने सरकार व जिला आदेशो की पालना करते व आम जन को समस्याओं के समाधान को लेकर त्वरित कार्रवाई कर आम जन को राहत पहुंचाने का काम किया। बैठक में तहसीलदार पवन मातवा सभी सभी ब्लाक स्तरीय अधिकारी मौजुद रहे।

# मोदी सरकार के 11 वर्ष : आम जनता लाभान्वित, देश आर्थिक रूप से हुआ मजबूत : मेहता




बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** मोदी सरकार के सफलतम 11 वर्ष पूर्ण के उपलक्ष्य पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जाने वाले संकल्प से सिद्धि अभियान को लेकर बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय पर प्रबुद्धजन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि बुधवार को पैराडाइज मैरिज गार्डन में प्रबुद्धजन गोष्ठी एवं सरकार की योजनाओं की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रबुद्धजन गोष्ठी में मुख्य वक्ता टोंक के पूर्व विधायक अजीत मेहता, डॉ विजेंद्र सिंह एवं डॉ मनीषा शर्मा उपस्थित रहे। गोष्ठी का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर हुआ, प्रबुद्धजन गोष्ठी मे जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर, सभापति शिवरतन गुप्ता, संयोजक सुरेश जैन सह संयोजक जमनालाल वैष्णव, दामोदर बिंदल, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमप्रकाश शर्मा मंचासीन रहे। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने प्रस्तावना में मोदी के 11 वर्ष के कार्यकाल के बारे में बताते हुए मोदी के विभिन्न कार्यों एवं जनहित योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि प्रबुद्धजन समाज को दिशा देते हैं उनकी टीम देश को आगे बढ़ाने में योगदान देती है, अब देश मजबूत हाथों में है प्रोफेशनल मीट से एक दूसरे के विचारों का आदान-प्रदान होता है। डॉ मनीषा शर्मा ने सशक्त महिला के बारे में मोदी की उपलब्धियां को गिनाते हुए कहा कि नारी सशक्तिकरण एवं सरकार की गुड गवर्नेंस सबका साथ सबका विश्वास मोदी की विशेष उपलब्धियां है, भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की चार नंबर की अर्थव्यवस्था बनी है! विजेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि मोदी ने भारत के वैभव का परचम पूरे विश्व में लहराया है। गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अजीत सिंह मेहता ने कहा कि 2014 के पहले भारत घोटाले का, आतंकवाद का भारत था, अब भारत विकसित भारत है गरीबों के कल्याणकारी योजनाएं मोदी के राज में ही संभव हुई है, ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकवाद का खात्मा किया, 2047 के भारत के विकाश रोड मैप अभी से बनाया यह कल्पना केवल मोदी राज में ही संभव है, इसके बाद मुख्य वक्ता अजीत सिंह मेहता ने प्रेस वार्ता कर कहा कि विकसित भारत के लिए समर्पित मोदी सरकार ने 11 वर्षों में सेवा को अपना संकल्प बनाया, सुशासन को संस्कृति, और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है, यही नया भारत है यही विश्व का विश्वास है, इस प्रबुद्धजन संगोष्ठी में भाजपा के वरिष्ठ नेता, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं शहर के प्रबुद्धजन व्यक्ति उपस्थित रहे।

# जल संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा 'वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान': गौरव

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अन्तर्गत जिले में आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों में जन भागीदारी सुनिश्चित कर अभियान के सफल संचालन हेतु बुधवार को मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन हुआ। मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया ने प्रेस वार्ता में बताया कि राज्य सरकार द्वारा जल संरक्षण एवं वर्षा जल संग्रहण कर भूजल स्तर को सुधारने हेतु आमजन में जागरूकता लाने एवं जन-जन को जल संरक्षण से जोड़ने के उद्देश्य से 5 से 20 जून तक वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह अभियान जिले में जल स्वावलंबन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। समाज के सभी वर्गों की भागीदारी से ही यह अभियान व्यापक जन अभियान का रूप ले सकेगा। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत पंचायती राज, जल संसाधन, वन एवं पर्यावरण विभाग सहित सभी संबंधित विभागों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा आपसी समन्वय से कार्य करते हुए जलाशयों पर श्रमदान, पौधारोपण, जल स्त्रोतों की सफाई, परंपरागत जल संरचनाओं का पुनरुद्धार एवं जल संरक्षण से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इस दौरान ग्राम पंचायतों से लेकर नगर निकायों तक पानी की पंचायत, प्रभात फेरी, संगोष्ठियाँ एवं जन संवाद के माध्यम से आमजन को जल संरक्षण के महत्व की जानकारी प्रदान कर पर्यावरण संरक्षण एवं वर्षा जल संग्रहण तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने मीडिया से आह्वान किया कि जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन,



भामाशाह, स्वयंसेवी संस्थान, धार्मिक व व्यापारिक संगठन इस अभियान में सक्रिय सहयोग दें। साथ ही भामाशाहों से जल स्त्रोतों की मरम्मत, सौंदर्यकरण एवं वृक्षारोपण जैसे कार्यो में सहयोग हेतु स्वयं आगे आने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों, भामाशाहों, सामाजिक संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान प्रेस प्रतिनिधियों द्वारा सुझाव दिए गए कि राजकीय भूमियों पर उस क्षेत्र एवं जलवायु के अनुरूप पौधे तैयार कर लगाए जाए ताकि वे पौधे उनके अनुकूल वातावरण में जल्द ही बड़े हो सके। प्रेस प्रतिनिधियों द्वारा शहर के लटिया नाले की साफ-सफाई कर जयपुर की द्रव्यवती नदी की तर्ज पर लटिया नाले का विकास करने, नाले के दोनों तरफ पेड़-पौधे लगाने एवं पानी के स्थायी ठहराव के लिए छोटे-छोटे एनिकट बनवाने के सुझाव दिए जिससे शहर के सौन्दर्यकरण के साथ-साथ भू-जल का स्तर भी बना रहे। प्राप्त सभी सुझावों पर प्रशासन द्वारा सकारात्मक रूख रखते हुए शीघ्र की कार्य योजना तैयार करने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि यह अभियान राज्य को जल स्वावलंबी बनाने की दिशा में निर्णायक कदम होगा और इसकी सफलता समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय सहभागिता से ही सुनिश्चित हो सकेगी।

# वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान के तहत जिला स्तरीय सीएसआर कार्यशाला हुई आयोजित

- जिला कलक्टर ने औद्योगिक इकाइयों से इस वर्ष सीएसआर से अधिकतम जल संरक्षण के कार्य कराने का किया आह्वान
- हरियालो राजस्थान अभियान के तहत लगेंगे 30 लाख पौधे, सीएसआर से 4 लाख पौधे लगाने का दिया लक्ष्य

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में आज कलक्ट्रेट सभागार में वन्दे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान के तहत जिला स्तरीय सीएसआर की कार्यशाला आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश में वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान संचालित किया है जिसके तहत आमजन को जागरूक कर सरकारी योजनाओं के माध्यम से, सीएसआर, जन सहभागिता आदि से जल संचय संरचनाओं का निर्माण, जल स्रोतों की साफ-सफाई, परंपरागत जलाशयों का पुनरूद्धार, पर्यावरण व जल संरक्षण एवं जागरूकता की गतिविधियां आयोजित




की जा रही है। उन्होंने कहा कि जीवन और विकास के लिए जल का कोई विकल्प नहीं है अत: जिले में जल संरक्षण के कार्यों की अधिकाधिक महती आवश्यकता है।

उन्होंने जिले में कार्यरत औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों से कहा कि जिले की भौगोलिक परिस्थितियों एवं गिरते भूजल के मध्यनजर जिले में जल संरक्षण के कार्य करने की बहुत संभावना है। अलवर जिले में सीएसआर के तहत वाटर कंसर्वेशन के अच्छे काम हुए है, उससे प्रभावित होकर गुजरात के पारीक फाउंडेशन ने हाल ही में जल संरक्षण हेतु अलवर शहर में 3 काम चिन्हित किए है जो 50 लाख रूपये की राशि से कराए जाएंगे। इससे शहर में भूमिगत जल स्तर में वृद्धि होगी तथा जल स्त्रोतों का संरक्षण होगा, अत: जिले में संचालित औद्योगिक इकाइयां अपने सामाजिक दायित्व के तहत इस वर्ष सीएसआर के तहत अधिकतम जल संरक्षण के कार्य करावें। इन कार्यों में सरकारी स्कूलों में रूफटॉप वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर, एनीकेट, रिचार्ज साफ्ट, रूपारेल नदी के पुनरूद्धार कार्य में सहयोग एवं जल संरचनाओं की डिसिलटिंग व हरियालों राजस्थान के तहत पौधरोपण आदि कराए जा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि हरियालो राजस्थान अभियान भी पर्यावरण संरक्षण व जल संरक्षण के लिए महत्वाकांक्षी अभियान है। इस अभियान से भी औद्योगिक इकाइयां जुडकर सीएसआर के तहत पौधारोपण के कार्य करा सकती है जिसमें ऑक्सीजन पार्क आदि कार्य किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष जिले में 30 लाख पौधे लगाए जाने है, जिसमें करीब 4 लाख पौधे सीएसआर के तहत लगाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए उन्होंने जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक एवं रीको के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक को निर्देशित किया कि औद्योगिक इकाइयों व जिला प्रशासन के मध्य समन्वय स्थापित कर दिए गए लक्ष्य से आगे बढकर पौधे लगवाएं। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देशित किया कि एनएचआई से समन्वय कर अलवर जिले से गुजर रहे दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस हाईवे पर पौधारोपण करावे।

बैठक में एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, जिला परिषद के सीईओ सालुखे गौरव रवीन्द्र, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक एम.आर मीणा, रीको के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक श्री परेश सक्सेना, चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष राजेश गुप्ता, मत्स्य उद्योग संघ के अध्यक्ष मनोज गुप्ता,शशांक झालानी, गोपेश शर्मा सहित संबंधित अधिकारी एवं औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री भँवर जितेंद्रसिंह के 54 वें जन्मदिन पर गौ सवामणी व पौधारोपण का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ (सुभाष यादव)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री भँवर जितेंद्र सिंह के 54 वें जन्मदिन के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बहरोड़ द्वारा कांग्रेस प्रत्याशी व प्रदेश सचिव संजय यादव के नेतृत्व में गुरुवार को कूड़ी आश्रम गौशाला मोहम्मदपुर में गौ सवामणी की गई ।जिसमें 11 क्विंटल हरी सब्जी एवं गुड़ गायों को खिलाया तथा गौशाला परिसर में वृक्षारोपण किया गया एवं पक्षियों के लिए पानी के परिण्डे लगाये गये तथा कांग्रेस कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ केक काटा गया। इस मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी संजय यादव सहित बहरोड़ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने



अलवर में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान भी किया एवम् भँवर जितेन्द्र सिंह को उनके जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके स्वस्थ जीवन व दीर्घायु होने की कामना की। इस मौके बहरोड़ ब्लॉक अध्यक्ष विकास यादव, विनीत एडवोकेट अमित योगी, पंकज स्वामी, अनिल सैन, हरदयान गुर्जर, लाला शुक्ल, अरविंद, डॉ सोमपाल, डॉ कृष्ण गुर्जर, डॉ अंकित, डॉ सचिन, नीतीश, जितेन्द्र, कपिल सरपंच, नरेंद्र यादव, मुकेश यादव, मनीष जांगिड़, गौरव शर्मा, अनीश राव, राहुल यादव, रामबीर यादव, विजयपाल यादव, अजय यादव अजयपाल यादव, देवेंद्र राघव, जॉनी सोनी, अवधेश संतोरिया, संदीप, राकेश, अजय, संतोष, सहित काँग्रेस कार्यकता मौजूद रहे।

## धर्म नगरी बनेगी तपोभूमि : अलवर की धरा पर अबकी बार उपाध्याय विज्ञानंद जी महाराज ससंघ का चातुर्मास

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** आचार्य वसुनंदी गुरुदेव का चातुर्मास अलवर कराने हेतु अलवर से श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन पंचायती मंदिर के मंत्री रविंद्र जैन के सानिध्य में एक प्रतिनिधिमंडल आज मेरठ के नजदीक सरधना शहर में गया जहां गुरुदेव पूरे संघ 23 पीछीयों के साथ विराजमान है। गुरुदेव का चातुर्मास करवाने हेतु कई प्रदेशों के शहरों से काफी संख्या में श्रावक गण आए जिसमें फिरोजाबाद , आगरा, टूंडला , मेरठ , दिल्ली बलबीर नगर , ज्योति कॉलोनी, कृष्णा नगर, तिजारा, बोलखेड़ा , अहिंछेत्र एवं अलवर से भी लोग पहुचे द्य मंदिर कमेटी संरक्षक पवन चौधरी के अनुसार सभी ने आचार्य श्री के चातुर्मास हेतु श्रीफल भेंट किया और अपने अपने यहां 2025 का चातुर्मास करने का निवेदन किया आचार्य वसुनदी गुरुदेव



ने समस्त जगह से आए हुए श्रद्धालुओं को ढेर सारा आशीर्वाद दिया एवं संघ के विभिन्न घटक संघों का विभिन्न स्थानों पर चातुर्मास की घोषणा की जिसमें अलवर के लिए संघ के वरिष्ठ मुनि उपाध्याय श्री विज्ञा नंद जी महाराज के सहित तीन पीछीयों का चातुर्मास देने की घोषणा की, अभी उपाध्याय विज्ञानंद जी महाराज तिजारा में विराजमैन है, जिन्हें 16 तारीख को विहार करा अलवर प्रवेश कराया जाएगा यहां यह भी बताया की श्री चंद्र प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर मुंशी बाजार में इससे पूर्व वर्ष 2013 में आचार्य अनेकांत सागर जी महाराज का भव्य चतुर्मास हुआ था उसके पश्चात मुंशी बाजार मंदिर जी के सानीध्य में 12 वर्ष बाद चतुर्मास होने जा रहा है. पुरा सकल जैन समाज, होने जा रहे चतुर्मास से बड़ा ही प्रफुल्लित है और जोरदार तैयारियों में जुटा हुआ है यहां वरिष्ठ सदस्य सतीश दीवान ने बताया की अबकी बर चातुर्मास कराने हेतू इससे पूर्व अजमेर में 3 बसों एवं हस्तीनापुर में दो बसों द्वारा सैकड़ों श्रावकओं को चातुर्मास कराने हेतु निवेदन करने गए थे। चातुर्मास हेतु निवेदन करने मंत्री रविंद्र जैन के साथ में दीवान सतीश जैन, पवन चौधरी, संजय जैन बरवाड़ा ,मधु पवन चौधरी, श्याम लता जी साथ गए।

## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के उपलक्ष्य में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर अनंत भंडारी (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) के निर्देश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश मोहन लाल सोनी के आदेश पर तालुका विधिक सेवा समिति लक्ष्मणगढ़ अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश एडीजे गोपाल सैनी के निर्देशन पर दिनांक 12 जून 2025 को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के उपलक्ष्य में पी एल वी अनिल कुमार के द्वारा अमर राजीविका ब्लॉक कार्यालय सर्वांगीण विकास सहकारी समिति लिमिटेड रामबास गोविंदगढ़ में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया जिसमें पी एल वी अनिल कुमार ने बताया कि विश्व बाल श्रम निषेध दिवस प्रत्येक वर्ष 12 जून को मनाया जाता है। व नालसा (बच्चों और उनके सरक्षण के लिए बाल




मैत्रीपूर्ण कानूनी सेवाएं) योजना, 2015 (ह्1) एवं वित्तीय साक्षरता साक्षरता पर विस्तार से जानकारी दी। एवं बाल श्रम निषेध अधिनियम 1986 के अनुसार 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को कारखानों, खानों अथवा जोखिमपूर्ण कार्यों में नियोजित नहीं किया जा सकता है यदि कोई नियोक्ता 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को किसी खतरनाक व्यवसाय अथवा प्रक्रिया में नियोजित करता है तो नियोक्ता को करावास अथवा जुर्माना अथवा दोनों से दंडित किया जा सकता है। भारतीय संविधान में सभी नागरिकों के अधिकार सुनिश्चित किए गए हैं संविधान के अनुच्छेद तहत अनुच्छेद 21 के अनुसार 6 वर्ष से 14 वर्ष तक के बालकों को शिक्षा का अधिकार दिया गया है इसलिए एक राज्य की जिम्मेदारी है कि वह अपने राज्य के बालकों को संरक्षण, भोजन, कपड़ा, आवास, रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा,कौशल विकास एवं सुरक्षा प्रदान करे। इसके लिए वास्तविक लाभार्थियों की पहचान कर राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जोड़े जाने के प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर संजय विशिष्ट पीएनबी बैंक, बीपीएम संतोषी मीणा, अंकित कुमार शर्मा, अनिल कुमार, अंजू रानी, अंजू कुमारी, चेतना सैनी, मंजू देवी सैनी आदि करीब 35 महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

## ओरेकल टैलेंट हंट अवार्ड सेरेमनी में उमड़ा बच्चों का सैलाब

**335 छात्राओं को हाथ घड़ी देकर किया सम्मानित**

बढ़ता राजस्थान

राजगढ़/ अलवर (राजकुमार गुप्ता)। ओरेकल टैलेंट हंट अवार्ड सेरेमनी प्रोग्राम का भव्य आयोजन बुधवार को हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजन शर्मा रहे जो कि राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता, मोटिवेशनल स्पीकर एवं करियर काउंसलर है। जिन्होंने 20 वर्षों के अनुभव के आधार पर विद्यार्थियों को करियर निर्माण, लक्ष्य निर्धारण और आत्म-प्रेरणा के विषय में मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर कक्षा 9वीं से 12वीं तक के ओरेकल टैलेंट हंट परीक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्येक क्लास के तीन विद्यार्थियों को कैश प्राइज कुल 335 छात्रों को हाथ घड़ी देकर सम्मानित किया गया एवं सम्मानित स्टूडेंट्स को प्राइज के अतिरिक्त स्कॉलरशिप भी दी जाएगी। कक्षा 9वीं मे प्रथम स्थान लोकेश कुमार 5100 रूपये के साथ स्कॉलरशिप वही द्वितीय स्थान पर जलज शर्मा को 2100 रूपये के साथ स्कॉलरशिप तृतीय स्थान पर गोरांश पटवा को 1100रूपये के साथ स्कॉलरशिप वही कक्षा 10वी मे प्रथम स्थान पर सृष्टि भंडारी को 11000 रूपये के साथ स्कॉलरशिप वही द्वितीय स्थान पर भावेश मीणा 5100 रूपये के साथ स्कॉलरशिप वही तृतीय स्थान पर गौरव सैनी 2100 रुपये के साथ स्कॉलरशिप वही कक्षा 11वी मे प्रथम स्थान पर दिव्या जांगिड़ 5100 रूपये साथ मे स्कॉलरशिप द्वितीय स्थान पर हर्षिता शर्मा 2100 रुपये एवं स्कॉलरशिप तृतीय स्थान पर मैथिली सैनी 1100 रूपये साथ मे स्कॉलरशिप वही कक्षा 12वी मे प्रथम स्थान- नव्या गुप्ता 11000 रूपये साथ मे स्कॉलरशिप द्वितीय स्थान पर हेमेश सिंह 5100 रुपये साथ मे स्कॉलरशिप तृतीय स्थान पर रवीना मीणा 2100 रूपये साथ मे स्कॉलरशिप दी गयी है। वही कार्यक्रम में राजन शर्मा द्वारा विद्यार्थियों को प्रेरणादायक उद्बोधन दिया गया। उन्होंने कहा कि आज के युवा यदि सही दिशा में मेहनत करें तो किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर ओरेकल इंस्टिट्यूट का स्टॉफ मौजूद रहा।

## मल्लाना आवासीय विद्यालय अतिक्रमण पर नहीं हुई कार्रवाई, विद्यार्थियों की सुरक्षा व शैक्षणिक गतिविधि पर बना खतरा

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/ अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** उपखंड के समीपवर्ती मल्लाना गांव में स्थित एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूल में ग्रामीण द्वारा अतिक्रमण कर रखा है जिसके कारण विद्यालय में पढ़ने वाले तथा छात्रावास में रहने वाले बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य जगदीश प्रसाद बैरवा ने बताया कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मल्लाना में विद्यालय परिसर में स्थित अवैध आवास बनाकर अतिक्रमण कर रखा है। उक्त अतिक्रमणकरी विद्यालय परिसर में अपने पशु तथा ट्रैक्टर आदि लाने ले जाने का कार्य करता है। जिससे विद्यार्थियों की सुरक्षा व संरक्षा को लेकर हमेशा खतरा बना रहता है। इससे विद्यार्थियों का अध्ययन कार्य भी अत्यधिक प्रभावित होता है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में माड़ा छात्रावास में जाने का कार्य भी इस अतिक्रमण वाले आवास के कारण परेशानी आ रही है। विद्यालय में विद्यार्थी क्षमता 300 से बढ़कर 420 हो रही है इस कारण विद्यालय में प्रार्थना स्थल पर प्रार्थना सभा आयोजन में भी समस्या उत्पन्न होंगी। गौरतलब है कि विद्यालय परिसर में अतिक्रमणकारी द्वारा बाड़ा बनाया हुआ है जिसको पटवारी व तहसीलदार ने मौका निरीक्षण कर पुलिस जाब्ता मांगा गया था। परन्तु विद्यालय से अभी तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं हो पाई है। प्रधानाचार्य बैरवा ने जिला कलेक्टर व उपखंड अधिकारी सहित विभागीय अधिकारियों को पत्र लिखकर विद्यालय भवन से अतिक्रमण हटाने की मांग की है।

### इनका कहना

राजकीय एकलव्य आवासीय विद्यालय में अतिक्रमणकारी द्वारा विद्यालय परिसर में अतिक्रमण कर रखा है। जिसकी सूचना जिला कलेक्टर, उपखंड अधिकारी, तहसीलदार सहित विभागीय अधिकारियों को दे रखी है। तहसीलदार टहला द्वारा मौका मुआयना कर अतिक्रमण हटाने की बोली थी परन्तु अभी तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया है।

- जगदीश प्रसाद बैरवा, प्रधानाचार्य, राजकीय एकलव्य आवासीय विद्यालय मल्लाना

अतिक्रमण का मामला न्यायालय में विचाराधीन है, अतिक्रमण हटाने के लिए पुलिस जाब्ता की मांग की है। जल्द ही कार्यवाही करेगे।

-शरद राठिया, तहसीलदार टहल

## नेक कमाई फाउंडेशन का शानदार कदम मिशन करुणामय शुरू

**मिशन करुणामय में बेसहारा परिवारों को उनके घर जाकर दिया जाएगा जरूरत का पूरा सामान**

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से डॉक्टर गोपाल राय चौधरी ट्रस्ट के सहयोग से मिशन करुणामय बुधवार से शुरू हो गया। इस



अभियान की शुरुआत हुई। मिशन के प्रथम दिन रावण देवरा के जंगलों में रहने वाले बुजुर्ग दंपति को राशन, कपड़े सहित अन्य घरेलू सामग्री प्रदान करके की गई। इस दंपति की आजीविका का कोई साधन नहीं है जिनके युवा पुत्र की सांप काटने से मौत हो गई थी। रावणदेवरा में नेक कमाई के संरक्षक दौलत राम हजरती और मुख्य कॉर्डिनेटर अभिषेक तनेजा के नेतृत्व में एक टीम इनके जंगल में बने झोपड़े पर पहुंची। इस अवसर समाज सेवी सौरभ कालरा, अशोक आहूजा, शिक्षाविद और समाजसेवी राज कुमार शर्मा, मानवेंद्र सिंह, मोहित जैन और लक्ष्मण सिंह नरूका थे।

### सौर ऊर्जा की लाइट लगेंगी

इस दंपति का घर पहाड़ी पर है जिस का मालिकाना हक नहीं होने पर लाइट नहीं लग सकती। यहां सौर ऊर्जा की लाइट लगाने की घोषणा सौरभ कालरा ने की। संरक्षक दौलत राम हजरती ने कहा कि मिशन करुणामय में गरीब और जरूरतमंद परिवारों की उनके घर जाकर ही सहायता की जाएगी। इस अभियान में स्वामी सुदर्शनाचार्य, शिखा जैन सहित बहुत से लोगों का सहयोग रहा। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पूजा को उनकी बेहतर सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। अंत में अभिषेक तनेजा ने आभार जताया।

## भिवाड़ी में जलदाय विभाग की लापरवाही से नष्ट हो रहा है हजारों लीटर पानी

बढ़ता राजस्थान

**भिवाड़ी (नि.स.)।** भिवाड़ी में मनसा चौक से प्रभात चौक तक पानी भरा होने से जहां लोगों को आने-जाने में समस्या का सामना करना पड़ रहा है, वहीं सड़क भी क्षतिग्रस्त होने के साथ ही हजारों लीटर पानी की बर्बादी हो रही है। पिछले लगभग 15 /20 दिनों से इसका यही हाल है। हमारे संवाददाता मुकेश शर्मा ने घटनास्थल पर पहुंचकर, इस व्यर्थ बह रहे पानी की फुटेज ली है, ताकि पानी की बर्बादी को रोका जा सके। स्थानीय लोगों में इस व्यर्थ बहते हुए पानी को लेकर रोष व्याप्त है, तथा संबंधित विभाग से इस मामले को संज्ञान में लेकर इसका समाधान करने की मांग की है।



# पड़ोसी मेरी पत्नी को भगा कर ले गया, पुलिस सुनवाई नहीं कर रही साहब

## मंत्री दिलावर ने कहा इसकी पत्नी को लेकर आओ

बढ़ता राजस्थान

**कोटा/रामगंजमंडी मंडी ( विनोद गौड़ )।** रामगंजमंडी के विधायक एवं सरकार के शिक्षा व पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर अपने क्षेत्र मे हर 15 दिन में विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग क्षेत्र में समस्या समाधान शिविर आयोजित करते हैं। जिसमें पूरे समय खुद उपस्थित रहकर छोटी-छोटी पारिवारिक समस्याओं से लेकर अनेक सामाजिक समस्याएं भी मंत्री महोदय के सामने आती है। ऐसा ही एक वाकिया गुरुवार को जनसुनवाई के दौरान मंत्री जी के सामने आया जब मोड़क थाना क्षेत्र के सहरावदा ग्राम निवासी धर्मेंद्र बैरवा पुत्र अर्जुन शिविर में उपस्थित होकर मंत्री मदन दिलावर को बताया कि उसकी पत्नी वर्षा जीनवाल को उसके गांव में रहने वाला उसका पड़ोसी सोनू पुत्र जगन्नाथ बहला फुसला कर भगा लगाया। पत्नी अपने साथ सोने का मंगल सूत्र, सोने की नाक की बाली,कानों के टॉप्स,चांदी की चैन,पेरो में चांदी की मोटी तोड़ियाँ,चांदी की बिछिया दोनों पैरों में 3-3,चांदी की दो अंगूठियां,17000 हजार रुपए नगद ले गई है।

बेटियों की जन्म पर मिलने वाली सरकारी राशि जो की खाते में जमा है व लोन फाइनेंस शाखा चेचट से लिए 40,000 आदि पत्नी वर्षा के खाते में जमा है। पत्नी वर्षा सभी जेवरात के साथ बैंक की डायरी भी अपने साथ ले गई। मेरे तीन बेटियां है। बड़ी बेटी मुसकान आयु 9 वर्ष दूसरी बेटी प्रीति आयु 5 वर्ष को मेरे पास छोड़ गई जबकि सबसे छोटी बेटी सुगना 2 वर्ष को अपने साथ ले गई है। प्रार्थी द्वारा उक्त मामले की रिपोर्ट मोड़क थाने में एक माह पहले लिखवाई गई है। परंतु पुलिस कोई कार्यवाही नहीं कर रही हैं।

प्रार्थी ने मंत्री को बताया कि आरोपी के भाई राजेश को पता है कि मेरी पत्नी के साथ उसका भाई कहां रह रहा है। मैने उसके मोबाइल नंबर भी पुलिस को दिए है परंतु पुलिस कोई कार्यवाही नहीं कर रही। मेरी 9 साल और 5 साल को दोनों



छोटी बच्चियां अपनी मां को याद करके बहुत रोती है।

### मंत्री दिलावर ने दिखाई गंभीरता

एक बार तो फरियादी पति की बात पर वहाँ उपस्थित लोग हंसने लगे, लेकिन मंत्री दिलावर ने गंभीरता दिखाते हुए शिविर में उपस्थित पुलिस उपाधीक्षक घनश्याम मीणा को प्रार्थी की शिकायत पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए उसकी पत्नी को बरामद कर के लाने के निर्देश दिए। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि प्रार्थी की रिपोर्ट गुमशुदी में दर्ज है। इसके बताए अनुसार इसकी पत्नी को बरामद कर लिया जाएगा।

# लक्ष्मीपुरा मर्डर प्रकरण में 10 वां आरोपी भी बापर्दा धरा

## शादी समारोह के कार्यक्रम में चाकू घोंप कर किया था मर्डर



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुरा गांव में एक माह पूर्व हुई हत्या के मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए फरार वाछित आरोपी को बापर्दा गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा ने बताया कि फरार वांछित आरोपी दिनेश पुत्र हिरालाल वारदात के बाद से फरार चल रहा था। हत्या प्रकरण में पुलिस ने अब तक 9 आरोपियो को गिरफ्तार किया जा चुका है। एसपी राजेन्द्र कुमार मीणा के निर्देश पर द्वितीय थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा ने तकनिकी एंव मुखबीर की सुचना पर फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। गौरतलब रहे कि 29 अप्रेल 2025 को फरियादी रामविलास पुत्र रामकुंवार मीणा निवासी लक्ष्मीपुरा ने पुलिस थाने में दी गई रिर्पोट में बताया कि उसके साला खुशीराम पिता जगदीश जाति मीणा निवासी अरनिया लक्ष्मीपुरा में आयोजित एक प्रोग्राम मे आया था । जहां पर कुछ लोगों ने एक राय होकर लात घुसो से मारपीट कर भीड मे खुशीराम के चाकु मार दिया जिसके बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया गया। घायल की मौत होने के बाद धाराएं जोड़ कर पुलिस टीम द्वारा तकनीकी विशलेषण व अथक प्रयास के बाद भी हत्या प्रकरण से जुड़ा हुआ एक आरोपी दिनेश पुत्र हिरालाल एक माह से फरार चल रहा था। गुरूवार को पुलिस टीम ने आरोपी को बापर्दा गिरफ्तार किया। प्रकरण मे पूर्व मे 9 आरोपीयो को गिरफ्तार किया जा चुका है । प्रकरण मे अग्रिम अनुसंधान जारी है।

## जिला कलक्टर की उपखंड स्तरीय जनसुनवाई इटवा मे संपन्न

# गिव-अप अभियान को पंचायत स्तर पर गति दें : डॉ. गोस्वामी

बढ़ता राजस्थान




**कोटा ( विनोद गौड़ )।** इटावा पंचायत समिति परिसर में गुरूवार को उपखंड स्तरीय जनसुनवाई अटल जन सेवा शिविर में जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने करीब 40 से अधिक परिवेदनाएं सुनी। जिला कलक्टर ने शिविर में उपस्थित अधिकारियों को जनसुनवाई में आए प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने गिव-अप अभियान को पंचायत स्तर पर गति देते हुए अधिक से अधिक सक्षम लोगों को खाद्य सुरक्षा योजना से स्वेच्छा से नाम हटाने के लिए प्रेरित करने को कहा ताकि गरीब एवं वंचित लोगों के नाम खाद्य सुरक्षा योजना से जोड़े जा सकें। उन्होंने कहा कि गिव-अप अभियान का ग्रामीण क्षेत्र में भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

### लाडो योजना व संस्थागत प्रसव की ली जानकारी

डॉ. गोस्वामी ने इटावा उप जिला चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया और वहां ओपीडी में प्रतिदिन आने वाले मरीजों के बारे में पूछा। उन्होंने वैक्सीनेशन के बारे में भी जानकारी ली। जिला कलक्टर ने लेबर रूम के इंचार्ज से गुरूवार प्रात: से दोपहर 2 बजे तक आए डिलीवरी कसेस के बारे में पूछा जिस पर इंचार्ज ने बताया कि दो डिलीवरी कराई गई और जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। बीसीएमओ डॉ. जयकिशन मीणा से लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत मई एवं जून माह में हुए संस्थागत् प्रसव के बाद जन्मी बालिका की माता को पहली किश्त के भुगतान के बारे में भी प्रगति बताई। जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पात्र को पहली किश्त का भुगतान बालिका जन्म के 48 घंटे में किया जाए। डॉ. गोस्वामी ने बिनायका गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत निर्मित दो आवास भी देखें और उन्होंने लाभार्थी को कार्य पूर्ण होने पर तृतीय किश्त का भुगतान समय पर करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कोलाना के निकट पीडब्ल्यूडी द्वारा बनवाई जा रही सड़क का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क निर्माण के दौरान गुणवत्ता बनाएं रखने एवं मेटेरियल टेस्टिंग से संबंधित निर्देश दिए। जनसुनवाई में प्रशिक्षु आईएएस आराधना चौहान, उपखंड अधिकारी इटावा रामनिवास मेहता एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# अग्निवीर दीपक गौड़ का हुआ भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( विनोद गौड़ )।** देश के लोगों के दिलों में सेना के शौर्य और पराक्रम का सम्मान सबसे उपर है। जब भी कोई फौजी गाँव लौटता है तो उसके सम्मान में सारे पड़ोस में चौपाले आयोजित की जातीं है खुशियाँ मनाइ जाती है। बूंदी जिले के नोखड़ा गांव में अग्नि वीर बनकर लौटे दीपक गॉड का पूरे गांव ने भव्य स्वागत किया गांव के बच्चे बूढ़े और जवान दीपक की उपलब्धि पर अपनी प्रसन्नता प्रकट करने के लिए स्वागत कार्यक्रम मैं सम्मिलित हुए गांव के बाहर से सही अग्नि वीर दीपक को कर में बैठ कर बंद बाजू के साथ जुलूस में लेकर आए जिनका स्वागत गांव के राजकीय विद्यालय में किया गया जहां पर दीपक ने पढ़ाई की थी दीपक अपने परिवार का छोटा बेटा है पिता कालूराम गौड ने बताया कि बचपन से ही मेहनती और शांत स्वभाव के दीपक की यह उपलब्धि पूरे गांव व परिवार के लिए सम्मान का विषय है। पड़ोसी गांव अनंतपुरा में भी दीपक का स्वागत किया गया जहां पर हरिओम गौड़ की अगुवाई मे गांव वालों ने एक कार्यक्रम आयोजित करके स्नेह भोज का भी आयोजन किया और दीपक के द्वारा भारतीय सेवा के अग्निवीर जैसे सम्मान को प्राप्त करने खुशी जाहिर की।

# छप्पनपुरा गांव में आम रास्तो पर अतिक्रमण, पँचायत को सोपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी ( विश्वनाथ शर्मा )।** उपखंड क्षेत्र के छप्पनपुरा गांव में, गांव के आम रास्तो पर अतिक्रमण होने से रास्ते अवरुध्द हो गए। जिसके चलते परेशान ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत के विकास अधिकारी को ज्ञापन सोप कर समस्या के समाधान की मांग की है। ग्रामीण गिरिराज मीणा, धन्नालाल गुर्जर ने बताया कि गांव में सार्वजनिक कुएं से माता जी के मंदिर जाने वाले व गणेश मन्दिर से गुर्जरों के मोहल्ले और जोडली तलाई से खेतों की ओर झपायता माइनर की ओर जाने वाले आम रास्तो में समाज संकटो द्वारा बाढ़ लगा कर आम रास्तो पर अतिक्रमण कर रखा है जिससे रास्तो की चौड़ाई कम हो गई है। ऐसे में इन रास्तो से आवाजाही में ग्रामीणों को परेसान होना पड़ रहा है। गांव के वासिंदे मुकेश मीणा लेखराज मीणा, जितेंद्र कुमार, राकेश गुर्जर, मनीष कुमार ने पँचायत के ग्रांम विकास अधिकारी को ज्ञापन सोप कर अतिक्रमण हटाने की मांग की है।

# सुने मकान में एक बार फिर हुई चोरी, ईद मनाने गया था परिवार



बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी ( विश्वनाथ शर्मा )।** कस्बे के गांधीपुरा क्षेत्र मे गांधी पार्क के समीप स्थित गली में चोरो ने एक सुने मकान को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अज्ञात चोरों द्वारा सुने मकान के मुख्य गेट का ताला फन्नर से काटकर घर में प्रवेश किया तथा कमरे में लगा ताला भी फन्नर से कांट कर कमरे में घुस कर कमरे में अलग अलग जगह पर रखी मिट्टी की दो गुल्लक तोड़ कर उसमें रखी नगदी चुरा ली। इसके अलावा चोरों ने घर के अन्य प्लास्टिक के डिब्बे तथा दुकान के गल्ले में रखी राशि को समेट कर ले गए। इस दौरान चोरों ने दुकान के फ्रिज में रखी आइस्क्रीम खा गए। मकान मालकिन शन्नो परवीन ने बताया कि वे अपने पीहर खतौली ईद मनाने गई हुई थी। पीछे से चोरों ने घटना को अंजाम दिया। पिछले चार पाँच दिनो से घर पर कोई नही था। महिला का पति अहमदाबाद काम करता है। महिला घर के बाहर ही चूड़े चूड़ियों की दुकान लगा कर रोजी रोटी कमाती है।महिला के दो बेटे तथा एक बेटी है जिसमें बड़ा बेटा भी पिता के साथ अहमदाबाद ही रहता है। चोरी का पता महिला के पीहर से आनेबके बाद लगा। पीड़ित महिला ने चोरी की रिपोर्ट पुलिस थाने में दे दी है। जिस पर पुलिस ने मोके पर पहुंच कर रिपोर्ट तैयार कर ली। पुलिस ने मौके से टूटे हुए ताले तथा आरी का फन्नर भी बरामद किया।

## डिजिटल एजुकेशन में जरूरी है, सूचना, प्रोग्रामर सहायक के पद

# आईटी कार्मिको ने उठाई विभाग की पीड़ा, दिया कार्यवाही के लिए ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** राजस्थान अधीनस्थ कम्प्यूटर कर्मचारी संघ ब्लॉक नैनवां के तत्वाधान में आईटी कर्मचारियों ने बुधवार को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नैनवां को ज्ञापन प्रस्तुत कर माध्यमिक, प्रारंभिक एवं संस्कृत शिक्षा विभाग में पीईईओ स्तर पर एक सूचना प्रौद्योगिकी कार्मिक यथा सूचना सहायक,सहायक प्रोग्रामर के पद के सृजन हेतु ज्ञापन प्रस्तुत किया। ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मी कान्त पारीक ने बताया कि शिक्षा विभाग में ई-गवर्नेन्स योजनाओं की पहुंच एवं विभिन्न तकनिकी कार्यों के सम्पादन हेतु आईटी संवर्ग के पदों के सृजन नितान्त आवश्यक है।

संगठन द्वारा शिक्षा विभाग मे ई-गवर्नेन्स, सूचना प्रोद्योगिकी के अनुप्रयोग की कार्यात्मक रिर्पाट तैयार की है। इस विभाग में ई-गवर्नेन्स आधारित कार्यों के बेहतर संचालन के लिए आईटी संवर्ग के पदो के सृजन की नितान्त आवश्यकता है। इस विभाग में निदेशालय में तो कैडर स्थापित है किन्तु विभाग के संभाग, जिला, ब्लॉक एवं पीईईओ स्तरीय कार्यालयों में संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रक्रिया में सूचना प्रोद्योगिकी का बहुलता से प्रयोग किया जा रहा है, डिजिटलाईजेशन तथा आईटी से संबंधित विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा प्रगति में आ रही समस्याओं के लिए तकनीकी कार्मिकों की कमी के कारण उक्त कार्य को करने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर आईटी कैडर के अधिकारी एवं कार्मिकों के पदों का सृजन नितान्त आवश्यक है। आईटी कैडर के सृजन के अभाव में शिक्षकों से गैर शेक्षणिक कार्य करवाएं जा रहे है जिससे शैक्षणिक कार्य बूरी तरह से प्रभावित होते है। साथ ही विभिन्न शिक्षक संघ समय समय पर ज्ञापन प्रस्तुत कर समस्याओं से अवगत कराते रहते है। डिजिटल राजस्थान के लक्ष्य प्राप्त करने के लिए राजस्थान की प्रत्येक उच्च माध्यमिक स्कूल स्तर पर एक आईटी कार्मिक यथा सूचना सहायक एवं सहायक प्रोग्रामर का पद सृजित किया जाना प्रस्तावित है। ज्ञापन प्रस्तुत करने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मीकान्त पारीक, जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह सोलंकी, मोजीराम मीना, चेतन शर्मा, मनराज मीना, प्रकाश नागर, विनोद नागर और ओमप्रकाश नागर आदि उपस्थित रहे।

# नैनवां गैंस एंजेसी के बाहर से बाइक चोरी

## फूटेज में आने के बाद भी आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां ( टी.आर सैनी )।** नैनवां कस्बे में चोरो के हौसले बुलंद है। आये दिन लगातार चोरिया हो रही है। बुधवार को इण्डेन गैस ऐजेन्सी में काम करने वाले एक मजदूर की बाइक चोरी हो गई। कस्बे के वार्ड 19 निवासी गौरी शंकर आत्मज गोपाल लाल तेली हर रोज की तरह अपनी बाइक को इण्डेन गैंस एंजेसी के बाहर खड़ी करके काम पर लग गया। दोपहर बाद वह बाइक लेकर घर पर खाना खाने गया। फिर उसने अपनी बाइक को गैंस एंजेसी के बाहर खड़ी करके काम करने लग गया। सांय करीब 7.30 बजे अपने घर जाने के लिए इंण्डेन गैंस कार्यालय से बाहर निकल कर अपनी बाइक के पास पहुँचा लेकिन वहां बाइक मौजूद नहीं थी। बाइक चोरी का अंदेशा होने पर इण्डेन गैस एंजेसी पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फूटेज देखे तो जानकारी में आया कि लाल शर्ट पहने एक अज्ञात व्यक्ति बाइक को चोरी करके ले जा रहा था। फूटेज के आधार पर उसने काफी सर्च किया लेकिन कही पर भी बाइक का सुराग नहीं मिला। पुलिस ने फिलहाल बाइक चोरी प्रकरण में जॉच शुरू कर दी है।

### अपराधी बेलगाम

कस्बे में नशे का कारोबार चरम पर है। हाईवे पर रात भर नशे का कारोबार होता है। स्मैक, गांजा एंव अवैध शराब के इस धंधे में कई मजदूर वर्ग के लोग भी शामिल हो गये है। लोगो की माने तो नशेड़ी ही छोटी मोटी चोरिया में लिप्त है। कस्बे में बढ़ रहे नशेड़ियो के खौफ से आमजन परेशान है। कस्बे के हर गली, चैराहे, प्रमुख सार्वजनिक स्थलो पर स्मैक की पुड़िया बेचने एंव खरीदने वाले घूमते रहते है। नशेड़ी कब वारदात कर फरार हो जाये इसका भय सताता रहता है। शराब की दूकानो का बंद होने का समय वैसे तो 8 बजे निर्धारित है,लेकिन शराब की दूकान का पिछवाड़ा रात भर खुला रहता है। शराब पियक्कड़ो के लिए पूरी रात शराब उपलब्ध रहती है। नशे के इस कारोबार से हर अपराधी जुड़ा हुआ है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी बेखबर है।

## डमी एडमिशन को लेकर निष्पक्षता रखे राज्य सरकार

# डमी एडमिशन नही करने को लेकर संकल्पित निजी विधालय, सरकारी पर भी हो सख्ती

### प्राइवेंट स्कूल एसोसिएशन बोली- नई कोचिंग गाईडलाइन की हो पालना

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर द्वारा विधालयो मे डमी एडमिशन को लेकर जारी किये गये निर्देशो का प्राइवेंट स्कूल एसोसिएशन ने स्वागत किया इसको लेकर गुरूवार दोपहर एसोएिसशन डमी एडमिशन को लेकर पत्रकारो से रूबरू हुई। बूंदी जिलाध्यक्ष हरीश तिवारी ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा डमी एडमिशनो को लेकर जारी किये गये स्वागत योग्य है पर डमी एडमिशन को लेकर दिये गये निर्देशो मे विरोधाभास है हम इसको लेकर नाराजगी प्रकट करते है। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने उक्त आदेश मे सिर्फ निजी विधालयो को टारगेट कर दिया जबकि डमी एडमिशन सरकारी विधालय भी करते है उनके लिये न तो कोई निर्देश जारी किये गये और न ही इसको लेकर स्थिती स्पष्ठ की गई। प्रतिनिधीयो ने कहा कि सरकार सिर्फ निजी विधालयो पर कार्यवाही करती है डमी एडमिशन करने मे सबसे बडा हाथ सरकारी विधालयो का है। एसोसिएशन सदस्यो ने कहा कि डमी एडमिशन को लेकर जारी किये गये निर्देशो की निजी विधालय पूरी तरत से पालना करेगे पर विभाग को निष्पक्षता रखनी होगा और जो भी निजी या सरकारी विधालय डमी एडमिशन करे उस पर विभाग कार्यवाही करे। प्रदेश उपाध्यक्ष हरिओम शर्मा व गुरूमित सिंह ने कहा कि गत 13 जनवरी 2025 को माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने समस्त जिला शिक्षा अधिकारियो को डमी एडमिशन पर रोक लगाने व केन्द्र सरकार के निर्देशो की पालना करने के निर्देश दिये। जिसके पांच दिन बाद जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक ने निजी गैर सरकारी विधालयो से माध्यमिक शिक्षा निदेशक के पत्र की पालना करवाने के लिये समस्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारियो निर्देश देकर इतिश्री करली। परन्तु जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक द्वारा छ माह मे भी शिक्षा निदेशक के द्वारा दिये गये निर्देशो की पालना नही हुई और न ही डमी एडमिशनो को ब्लॉक शिक्षा अधिकारियो ने तथ्यात्मक रिपोर्ट विभाग को भेजी। बस सब मिलकर निजी विधालयो को दोषी ठहराने मे जुटे हुये है। एसोसिएशन सदस्य जावेद अहमद, दिनेश गोस्वामी ने कहा कि राज्य सरकार जो सुविधाएं सरकारी विधालयो को प्रदान करती है उन सुविधाओ के हकदार निजी विधालय भी है क्योकि बेहतर शिक्षा के बाद आशानुरू परीक्षा परिणाम देकर बच्चे के भविष्य को निखारने का काम निजी विधालय भी बेहतर ढंग से करते है। उन्होने कहा कि सरकार को निजी विधालय के साथ दोहरी नीति अपना रही है। निजी विधालयो मे भी छात्रवृति, स्कूटी योजना, लेपटॉप वितरण जैसी योजनाएं शुरू होनी चाहिए। वही सरकारी विधालयो मे प्रतिभावान छात्र छात्रओ को दिये जाने वाले पुरूस्कार निजी विधालयो के प्रतिभावान छात्र छात्रओ को भी दिये जाये। वही आरटीई की राशि का समय पर पुनर्भरण हो।

# जिला कलक्टर की अध्यक्षता में सरमथुरा में अटल जन सेवा शिविर आयोजित

## जनसुनवाई में बुजुर्ग को सुनने में हुई परेशानी तो कलक्टर ने मौके पर ही श्रवण यंत्र किये प्रदान

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने गुरुवार को सरमथुरा के उपखंड कार्यालय के सभागार में आयोजित अटल जन सेवा शिविर में जनसुनवाई की। जनसुनवाई में परिवादी ओमप्रकाश ने अवरुद्ध नाले से अतिक्रमण हटवाने का परिवाद दर्ज कराया जिस पर जिला कलेक्टर ने अधिशाषी अधिकारी को परिवाद के निस्तारण हेतु निर्देशित किया। वहीं परिवादी सिंह द्वारा संपर्क सड़क कुरिगमा में जलभराव के संबंध में दर्ज कराये गये मामले का भी त्वरित निस्तारण हेतु पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया। परिवादी रूमाली की प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक किश्त बकाया होने के मामले में जिला कलक्टर ने विकास अधिकारी को समुचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। राजस्थान पेंशनर समाज के परिवादियों की संयुक्त फरियाद पर जिला कलक्टर ने महाकालेश्वर रोड़ सती का चौक से अतिक्रमण हटवाये जाने के मामले में उपखण्ड अधिकारी को समुचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। जनसुनवाई के दौरान सार्वजनिक हित के कई परिवाद प्राप्त हुए जिन पर जिला कलक्टर ने सभी संबंधित विभागों को समुचित कार्यवाही कर समाधान हेतु निर्देश दिये। जनसुनवाई करते समय जब जिला कलक्टर को बुजुर्ग दौजी जाटव को कम सुनाई देने का मालूम हुआ तो उन्होंने संवेदनशीलता से मौके पर ही कृत्रिम श्रवण यंत्र मंगवाकर बुजुर्ग को पहनाये, जिसके बाद बुजुर्ग के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई। जिला कलक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी शिविर में प्राप्त होने वाले परिवादों का हर संभव समाधान का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि परिवादियों को सही जानकारी देकर सहानुभूति पूर्वक परिवादों का निस्तारण किया जाये। संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का भी प्राथमिकता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान उपखण्ड अधिकारी सरमथुरा सुधा रानी मीना सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# शहर में भीषण गर्मी का दौर, गली हो या चौराहा दिन में हर जगह सूनापन

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर में पिछले एक सप्ताह से लगातार भीषण गर्मी का प्रकोप दिखाई दे रहा है और तापमान में भी इजाफा होता जा रहा है। ऐसे में गुरुवार को सुबह से ही लोगो को तेज गर्मी महसूस हुई। ग्यारह बजे तापमापी में जहां पारा 46 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया। वहीं दिन 11 बजे के बाद गलियां जहां सूनी नजर आई वहीं बाजार की रौनक गायब हो गई। गर्मी से परेशान नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से शहर में पानी छिड़काव की मांग की है। वहीं नागरिकों ने जलदाय विभाग से दिन में पानी सप्लाई की मांग की है। जिससे गर्मी से थोड़ा बहुत बचाव हो सके। लगातार एक सप्ताह से गर्मी चरम पर है। तेज गर्म हवाओं से कूलर-पंखे की ठंडक खत्म हो गई है। कूलर-पंखे हांफते नजर आ रहे हैं। ऐसे में नागरिक भी बेचैन दिखाई दे रहे हैं। बाजार में ग्राहक नहीं होने से रौनक गायब है। वही गालियां भी सुनी नजर आ रही है। नागरिक गर्मी से बचने का लगातार प्रयास कर रहे हैं।

# वंदे गंगा जल संरक्षण जन भागीदारी एवं पर्यावरण चेतना अभियान के तहत जिला स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के तत्वावधान में वंदे गंगाजल संरक्षण एवं पर्यावरण चेतना अभियान कार्यक्रम के तहत विभिन्न जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन श्री बालकृष्ण विद्या भवन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कांकरोली में किया गया है। जिसमें चित्रकला, भाषण, कविता एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक घनश्याम लाल गौड़ ने की कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश पालीवाल राही एवं विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी श्री शिवकुमार व्यास थे। प्रतियोगिता में निबंध लेखन में सुश्री नीलू कुमावत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धोइंदा ब्लॉक राजसमंद, पोस्टर प्रतियोगिता में पीएमश्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय गावंगुडा ब्लॉक खमनोर की सुश्री हेमा कुंवर, कविता प्रतियोगिता में राउमावि. उपली ओडन ब्लॉक देलवाड़ा की सुश्री गोमती सुथार, भाषण प्रतियोगिता में राउमावि. उपली ओडन ब्लॉक देलवाड़ा की प्रियांशी सेन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन में राउमावि सेमल ब्लॉक देलवाड़ा की दीपिका राजपूत, पोस्टर मे राउमावि. भीम ब्लॉक भीम की वेदिका पंवार एवं कविता प्रतियोगिता में राउमावि. पनोतिया ब्लॉक रेलमगरा की गायत्री रेगर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। समस्त विजेताओं को जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा प्रशंसा पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी रुपेश पालीवाल, राकेश पुरी गोस्वामी, संदर्भ व्यक्ति कमलेश टेलर, अतिरिक्त सहायक प्रशासनिक अधिकारी नीलू त्रिवेदी, राजेश तैलंग आदि उपस्थित थे।

# संकल्प सिद्धि अभियान के तहत कंचनपुर मंडल में आयोजित हुई कार्यशाला



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रीय संकल्प सिद्धि अभियान के तहत बुधवार को कंचनपुर मंडल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि भाजपा के जिला महामंत्री अनिल गोयल रहे वही विशिष्ट अतिथि विधानसभा संयोजक के जी तिवारी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुभाष तोमर ने की। सर्वप्रथम मां भारती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला का प्रारंभ किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री अनिल गोयल ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा 9 जून से संकल्प से सिद्धि नामक विशेष जनसंपर्क अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के माध्यम से पार्टी के कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ तक जाकर के केंद्र की मोदी सरकार 11 वर्षों की उपलब्धियां को आम जनता पहुंचने का कार्य करेंगे साथ ही कांग्रेस शासन के दौरान हुई विफलताओं की जानकारी घर-घर दी जाएगी। केंद्र सरकार की योजनाओं नीतियां समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए पार्टी कार्यकर्ता जानकारी बूथ तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। 15 से 20 जून तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के तहत मंडल स्तर पर योग शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिससे लोगों में स्वास्थ्य और योग के प्रति जागरूकता बढ़े। 23 जून को डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस और 6 जुलाई को उनकी जयंती का आयोजन कर पार्टी अपने वैचारिक स्तंभों को जन-जन तक ले जाएगी। वही 25 जून को आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़े सेनानियों का सम्मान भी किया जाएगा। इस अभियान को व्यापक एवं प्रभावी बनाने के लिए बूथ स्तर तक कमेटी का गठन किया गया है।

# प्रतिभावान विद्यार्थीओं के सम्मान साथ नवीन सदस्यों को शपथ

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा की ओर से कल देर सांय कस्बे के दीवली रोड स्थित कलावती वाटिका में इस सत्र के प्रतिभावान विद्यार्थीओ का सम्मान समारोह व परिवार मिलन समारोह आयोजित कर ढाई दर्जन प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक प्रमोद बंसल व बृजेश जिंदल ने जानकारी देते हुए बताया कि शाखा की ओर से इस सत्र के प्रतिभावान विद्यार्थीओं का सम्मान समारोह एवं परिवार मिलन समारोह का आयोजन प्रांतीय प्रकल्प प्रभारी अंशु मित्तल व शाखा संरक्षक देवकीनंदन सोनी के मार्गदर्शन एवं शाखा अध्यक्ष मनीष मित्तल की अध्यक्षता में किया गया। समारोह का शुभारम्भ मातृशक्ति वीना गोयल, अनिता सिंघल, राजकुमारी, रेनू बंसल, स्मिता व राखी द्वारा भारत माता व स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर दीप प्रज्जवन व माल्यार्पण एवं वंदेमातरम गान के साथ किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि भारत विकास परिषद की शाखायें पूरे देश में सम्पर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा व समर्पण का भाव लेकर स्वस्थ समर्थ संस्कारित भारत बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही हैं। समारोह में शाखा की ओर से सदस्य हेमन्त पाण्डेय के नेतृत्व में कस्बे के माध्यमिक व उच्च माध्यमिक परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी केशव सैनी, दीपक पाण्डेय, नितिन, जय, भूदेव, छायांक, गगन, हिमांशु, रोशनी, ओमप्रकाश, जतिन, किंजल, प्रांजल, ललतेश, लक्षिता, दिव्यांश, निशांत, तृष्णा, ईशु, नेहा, इशिका, रिषभ देव, मौसम कुमारी, महक, अंजली, आशिका, वेदिका को दुपटटा पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा भामाशाह विजय नैवारिया की ओर से शील्ड व मैडल प्रदान किए गए। इस अवसर पर वेदप्रकाश शर्मा, पवन अग्रवाल, नित्यानंद शर्मा व नवीन मित्तल को शाखा की सदस्यता ग्रहण करने पर वरिष्ठ सदस्य सुभाष सिंघल ने शपथ दिलाई। कार्यक्रम में शाखा की ओर से कस्बे में स्नेक केचर के रूप में सेवा का कार्य कर रहे अखलेश शर्मा को भी प्रशस्ति पत्र देकर व शॉल पहनाकर सम्मानित किया गया। पूर्व अध्यक्ष शेरसिंह सैनी व चंद्रप्रकाश आर्य ने सभी का आभार व्यक्त किया। समापन राष्ट्र गान के साथ किया गया। इस मौंके पर राजेश गोयल, ताराचंद, हेमन्त पाण्डेय, दिलीप सिंघल, भगवानसिंह, कृष्ण कुमार, शेरसिंह, सूरज जिंदल, चन्द्रप्रकाश, विजय अग्रवाल, मनीष मलिक, अमित सिंघल, श्याम सुंदर शर्मा, शैलेश मित्तल, विद्या गर्ग, लवकेश सैनी, राजेंद्र गर्ग, किशोरी खत्री, अजय सैनी, सीमा मनोचा, राहुल सिंघल, प्रदीप मित्तल, रोहित सिंघल, अरविन्द बंसल, कृष्ण मित्तल, निक्कू सोनी, विद्यार्थीओ के अभिभावक, आदि मौजूद रहे।



# राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय भरतपुर की विभिन्न ब्रांचो में 300 सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय भरतपुर में वर्तमान में ब्रान्चों (कम्प्यूटर साईस इन्जीनियरिंग, आर्टिफिशियल इन्टेलीपीना एण्ड डाटा साईस, सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलैक्ट्रीकल इंजीनियरिंग, इलैक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग) में 300 सीट अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा संस्थान एवं राजस्थान तकनीकी विश्व विद्यालय कोटा द्वारा स्वीकृत है। उक्त सभी सीटों पर रोष-2025 की प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से दिनांक 28.05.2005 से ऑनलाईन आवेदन प्रारम्भ हो चुके है। महाविद्यालय प्राचार्य धवल व्यास ने बतलाया कि गत 17 वर्षों से सेवर स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 21 पर संचालित महाविद्यालय को विकास द्वारा 2024-25 की एनआईटी एवं आईआईटी की तर्ज पर एक भव्य रूप देने की घोषणा करते हुए राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी का नाम दिया गया है। इसके लिए छात्रों के आवेदन करने की अनितम तिथि 12.07.2025 है परन्तु पार्न भरने के निधारित दिनांक 30.06.2025 तक रजिस्ट्रेशन फीस जमा करवाना आवश्यक है। प्रवेश पाने के लिए राजस्थान सरकार के नियमानुसार न्यूनतम योग्यता सामान्य वर्ग के लिए 12वीं कब में 45 प्रतिशत अंक और आरक्षित वर्ग के लिए 40 प्रतिशत अंक जरुरी है जेईई मेन परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी। ऐसे विद्यार्थी जिन्होने 12 वीं कक्षा फिजिक्स, कोमिस्ट्री एवं गणित विषयों के साथ पास की हो ऐसे सभी अभ्यर्थी फार्म भरने के लिए महाविद्यालय समय में आ सकते है। महाविद्यालय के प्राचार्य धवल व्यास अनुसार महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले सभी छात्रों के लिए राजस्थान सरकार के नियमानुसार अपेक्षित श्रेणी में छात्रवृत्ति भी उपलब्ध है। छात्रों के स्वर्णिम भविष्य हेतु आई-स्टार्ट एवं आरकेट जैसे स्टार्टअप मौजूद है। महाविद्यालय में अध्ययनरत् पूर्व छात्र विभिन्न कम्पनियों के मध्यम अच्छे वेतन पर देश-विदेश की विभिन्न निजी एवं सरकारी संस्थाओं में अपनी सेवाएं दे रहे योग्य छात्र ऑनलाईन फार्म भरने एवं अन्य प्रकार की जानकारी के लिए महाविद्यालय में हैल्प वैस्क बनाया गया है। महाविद्यालय परिसर में है विद्यार्थी हेल्प डेट्स एवं स्टूडेंट काउंसलिंग के लिए अखिलेश्वर पाण्डेय मोडल ऑफिसर से प्रदेश प्रक्रिया सम्बन्धी जानकारी गोड न0 9401200000 पर प्राप्त की जा सकती है।

# विभागीय कार्यक्रमों एवं योजनाओं की प्रगति को लेकर हुई समीक्षा बैठक

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** स्वास्थ्य भवन में ब्लॉक स्तरीय अधिकारीयों एवं प्रमुख चिकित्सा अधिकारीयों के साथ सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल, आरसीएचओ डॉ सुरेश मीणा, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी आर.के जिला चिकित्सालय डॉ रमेश रजक, डिप्टी सीएमएचओ परिवार कल्याण डॉ नरेन्द्र यादव एवं डिप्टी सीएमएचओ हेल्थ डॉ राजकुमार खोलिया ने विभिन्न विभागीय कार्यो को लेकर विस्तार से समीक्षा की। सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्श अभियान के बारें में जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 15 जून से 30 जून तक कुम्भलगढ़, राजसमंद, खमनोर, देलवाड़ा एवं भीम के 73 गांवो में ग्राम पंचायत स्तर पर शिविरो का आयोजन होगा जिसमें जनजातिय वर्ग के लाभार्थियों का प्राथमिकता के साथ प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत ई-केवाईसी करना तथा कार्ड वितरण किया जाना है। इसके लिये सम्बन्धित ग्राम पंचायत की आशा , स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं सीएचओ को जानकारी देकर आवश्यक तैयारीयां पूरी कर लेंवे तथा शत प्रतिशत उपलब्धि हांसिल करने के लिये कार्ययोजना बनावें।

सीएमएचओ ने फिल्ड विजिट के दौरान पाई गई कमियों को लेकर विस्तार से खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारीयों से चर्चा की तथा सपोर्टीव सूपरविजन के साथ पाई गई कमियों को दूर करने के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने राज्य सरकार की फ्लेगशीप योजना मां वाउचर योजना के सफल क्रियान्वयन के लिये विशेष दिशा निर्देश दिये।

बैठक में सभी खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, खंड कार्यक्रम अधिकारी एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थें।

# बार-बार होद पानी निकास के साथ कई परिवाद आ रहे सामने, उपखंड स्तरीय जनसुनवाई में परिवादों के नहीं हो पा रहे निस्तारण

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के पंचायत समिति वीसी रूम में गुरुवार को उपखंड स्तरीय मासिक जनसुनवाई बैठक का आयोजन किया गया। वीसी के जरिए जिला कलेक्टर के सुपरविजन में इस जनसुनवाई बैठक की अध्यक्षता कार्यवाहक विकास अधिकारी हेमंत सिंह घनघोर द्वारा की गई। घनघोर ने परिवाद लेकर आए लोगों से उनकी समस्या जानी। करीब 4 घंटे चली इस जनसुनवाई बैठक में कुल 18 परिवाद प्रशासन को प्राप्त हुए। जिनमें से तीन परिवादो का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। जनसुनवाई कर रहे उपखंड स्तरीय अधिकारी हेमंत सिंह घनघोर ने बताया कि हर महीने के दूसरे गुरुवार को ब्लॉक स्तरीय उपखंड स्तरीय मासिक जनसुनवाई बैठक आयोजित होती है। जिला कलेक्टर के सुपरविजन में यह बैठक पंचायत समिति के वीसी रूम में आयोजित हुई। जिसमें कुल 18 परिवाद प्राप्त हुए। पेंशन से जुड़े तीन मामलों का मौके पर निस्तारण कराया गया। धौंसपुरा गांव से आई बुजुर्ग महिला सरोज पत्नी बीधाराम की पेंशन जो कई महीनो से रुकी पड़ी थी। उसे तुरंत चालू कराया गया। वहीं 69 वर्षीय बुजुर्ग ओमप्रकाश पुत्र जवाहर सिंह की पेंशन सत्यापन नही होने के चलते बंद थी।

# जाजम पर बैठ सुनी समस्याएं, भीम उपखंड के खीमाखेड़ा गांव में रात्रि चौपाल आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** विकास एवं जनसंवाद को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से भीम उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत खीमाखेड़ा में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल की अध्यक्षता उपखंड अधिकारी श्री दूदाराम ने की। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।रात्रि चौपाल में उपखंड अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों ने परंपरागत जाजम पर बैठकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही कई शिकायतों का समाधान किया गया। ग्रामीणों ने जल आपूर्ति, सड़क मरम्मत, विद्युत आपूर्ति, पेंशन, कृषि, राजस्व रिकॉर्ड एवं सामाजिक कल्याण योजनाओं से जुड़ी विभिन्न समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। उपखंड अधिकारी ने ग्रामीणों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्राप्त सभी शिकायतों पर प्राथमिकता से कार्रवाई की जाएगी।रात्रि चौपाल में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए प्रशासन का आभार जताया।

# ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा को चाँद की धवल रौशनी में हुई वन्यजीवों की गणना

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( राजू शर्मा )।** चांदनी रात की धवल रोशनी में वन विभाग और वन्य जीव मंडल द्वारा जंगली जानवरों की गणना को लेकर 24 घंटे का अभियान चलाया गया है। वाटर होल पद्धति से होने वाली वन्य जीवों की इस गणना के लिए चार रेंजों में 25 टीमों का गठन किया गया है। बुधवार को सुबह 8 बजे से शुरू हुई यह वन्यजीवों की गणना गुरुवार को सुबह 8 बजे समाप्त हुई है। अब प्रत्येक टीम द्वारा अपने आंकड़ों को संबंधित रेंज कार्यालय में जमा कराया जाएगा। जहां से यह पूरा डाटा एकत्रित होकर जिला मुख्यालय पहुचेगा। इसके बाद डीएफओ कार्यालय से वन्यजीवों का यह आंकड़ा जारी होगा जिसमें करीब दो दिन का समय लगेगा। वन विहार वन्य जीव मंडल के रेंजर दीपक मीणा ने बताया की हर वर्ष जंगलात विभाग द्वारा वन्यजीवों की गणना कराई जाती है। इस बार यह गणना एक महीने लेट हुई है। क्योंकि वैशाख मास बुद्ध पूर्णिमा के समय बारिश हो गई थी। जिससे जगह-जगह जंगल में पानी एकत्रित हो गया । वहीं भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध के हालात थे। ऐसे में गणना को उच्च अधिकारियों द्वारा एक महीने स्थगित कर दिया गया। अब यह गणना ज्येष्ठ मास पूर्णिमा को बुधवार सुबह 8 बजे से गुरुवार सुबह 8 बजे तक कराई गई।

# पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बोले - विकास कार्य ठप्प और कानून व्यवस्था चौपट, मुख्यमंत्री गुड गवर्नेंस पर ध्यान दें



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़। ( संजय खाबिया )** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आज यहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के कार्यकाल को निराशाजनक बताते हुए कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री को मीडिया, प्रतिपक्ष और आम जन की भावनाओं को समझते हुए गुड गवर्नेंस की ओर ध्यान देना चाहिए।गहलोत गुरुवार को निंबाहेड़ा रोड स्थित आनंदम रिसोर्ट में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री आए दिन हवाई यात्राएं और दौरे कर रहे हैं लेकिन जनता की समस्याएं सुनना और जन भावना के अनुरूप कार्य कहीं धरातल पर दिखाई नहीं दे रहे हैं, इसका सदुपयोग कर रहे हैं या दुरुपयोग, यह तो वही जानें। लेकिन उनके दौरे लगातार हो रहे हैं, हेलीकॉप्टर और हवाई जहाज हवा में उड़ते दिखते हैं।गहलोत ने कहा कि मैं उनसे यही कहना चाहता हूं कि आप जितना चाहें दौरा करें, यह आपकी मर्जी है। लेकिन आप गवर्नेंस यानी शासन व्यवस्था पर भी ध्यान दीजिए क्योंकि इस समय आप राज्य के मुख्यमंत्री हैं। आपको मुख्यमंत्री बने सिर्फ डेढ़ साल ही हुआ है, और हम भी चाहेंगे कि आप सफल रहें। उन्होंने सलाह दी कि मीडिया, विपक्ष और नेता प्रतिपक्ष क्या कह रहे हैं, इसे ध्यान से सुनें। इससे सरकार को भी फायदा होगा।गहलोत, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 'संविधान बचाओ अभियान' के तहत प्रतापगढ़ में आयोजित सभा में शामिल होने जा रहे थे। इस दौरान उन्होंने चित्तौड़गढ़ में निंबाहेड़ा रोड स्थित आनंदम रिजॉर्ट में पूर्व राज्य मंत्री सुरेंद्र सिंह जाड़ावत के नेतृत्व में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को भी संबोधित किया।अपनी सरकार की योजनाओं पर बात करते हुए गहलोत ने कहा कि हमारी सरकार ने आमजन को ध्यान में रखते हुए कई जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की थीं, खासकर चिकित्सा क्षेत्र में। हमने ऑपरेशन, टैक्स और दवाइयां सब फ्री की थीं, जिससे घर-घर के बीमार लोगों को राहत मिली थी। लेकिन भाजपा सरकार ने इन योजनाओं को या तो बंद कर दिया या बदल दिया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने कहा कि योजना वही है, लेकिन अब यह 25 लाख की बजाय 5 लाख में सिमट गई है। इससे यह योजना अब सिर्फ कागजों में रह गई है। गहलोत ने पानी और बिजली की कटौती, बजरी माफिया के बढ़ते प्रभाव और बढ़ते अपराध को लेकर भी सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि हमारे शासनकाल में सुप्रीम कोर्ट के आदेश से बजरी खनन रुका था, लेकिन हमने कार्रवाई की थी। अब खुलेआम बजरी माफिया हावी हो गए हैं, हत्या जैसी वारदातें हो रही हैं और अपराध लगातार बढ़ रहा है। गहलोत ने कहा कि यह सब देखते हुए सरकार को अब गंभीरता से शासन व्यवस्था सुधारने पर ध्यान देना चाहिए।

जब गहलोत से सचिन पायलट और उनके संबंधों को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने हल्के फुल्के अंदाज में कहा कि राज्य के मीडिया का एक वर्ग अब निराश हो गया होगा क्योंकि उनके पास अब इस विषय में कोई नई खबर नहीं रहेगी। उन्हें अब तकलीफ होने वाली है।

इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्र सिंह जाड़ावत ने वर्तमान राजस्थान सरकार पर असफलता आरोपित करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में अनगिनत विकास कार्य हुए है, की विकास की करोड़ों की योजनाएं ठप्प हो गई। जाड़ावत ने कहा कि भाजपा राज में बजरी माफिया और अपराधों का ग्राफ बढ़ा है, कानून व्यवस्था लचर हो गई , जनता परेशान है। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष भैरूलाल चौधरी, डेयरी अध्यक्ष बद्रीलाल जगपुरा आदि भी मौजूद थे।

## सिंधी समाज झूलेलाल मंदिर मंडल के 15 दिवसीय संस्कार शिविर का हुआ समापन




बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा ) ।** सिंधी समाज झूलेलाल मंदिर मंडल सिंधु नगर में आज बच्चों के लिए 15 दिवसीय संस्कार शिविर का आज समापन किया गया। मंडल सचिव वीरूमल पुरसानी ने बताया कि इस शिविर में सिंधी भाषा, गायन, डांस मेहंदी, ढोलक बजाना एवं ड्राइंग सिखाई गई। मंदिर के कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश गुलाबानी ने बताया कि इस अवसर पर मन्दिर के उपाध्यक्ष प्रकाश कोरानी की और से सभी बच्चों को पुरस्कार बांटे गये। समाजसेवी पंकज आडवाणी ने बताया कि भारतीय सिंधु सभा के जिला अध्यक्ष परमानंद गुरनानी, ईश्वरलाल कोडवानी, शिविर प्रभारी वर्षा रंगलानी धीरज पेशवानी, जितेन्द्र रंगलानी, किशोर कृपलानी, सतीश शर्मा, शिक्षामित्र ज्योति जेठानी, आयुशी पेशवानी, गरिमा चंदवानी आदि उपस्थित थे।

## एमसीएचएन डे पर सीएमएचओ डॉ. गोस्वामी ने किया टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, ( अमित शर्मा ) ।** जिले में गुरुवार को आयोजित एमसीएचएन डे (साप्ताहिक टीकाकरण दिवस) के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सीपी गोस्वामी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायला के अंतर्गत उपखंड बनेड़ा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र कुंडिया गेट व गुलाबपुरा उपखंड के नया जोरावरपुरा आंगनबाड़ी केंद्र एवं खारिका लांबा आंगनबाड़ी केंद्र पर आयोजित टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डॉ. गोस्वामी ने मौके पर उपस्थित स्वास्थ्य कार्मिकों को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक टीकाकरण सत्र में सभी उपलब्ध वैक्सीन्स के साथ टीकाकरण सत्रों पर पहुंचें और पूर्व में टीका लगवा चुके बच्चों की ड्यू लिस्ट (वंचित या आगामी खुराक वाले बच्चों की सूची) अनिवार्य रूप से तैयार करें, ताकि किसी भी बच्चे का टीकाकरण छूटने न पाए। सीएमएचओ ने कहा कि सटीक योजना और समन्वय से ही शत-प्रतिशत टीकाकरण लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और एएनएम को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और समय पर लाभार्थियों की जानकारी अपडेट करने के भी निर्देश दिए। मॉनिटरिंग के दौरान उन्होंने टीकाकरण सत्रों की व्यवस्थाओं, टीकों की श्रृंखला, दस्तावेज़ीकरण व लाभार्थियों की उपस्थिति की भी बारीकी से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक, गुलाबपुरा चंद्रशेखर शर्मा उपस्थित रहे।




## पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का कपासन विधानसभा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा प्रतापगढ़ एवं बांसवाड़ा में आयोजित संविधान बचाओ रैली में भाग लेने हेतु उदयपुर एयरपोर्ट से प्रस्थान किया गया।इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार अशोक गहलोत का जिला चित्तौड़गढ़ कांग्रेस अध्यक्ष एवं पंचायत समिति कपासन प्रधान भैरूलाल चौधरी के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र कपासन के ग्राम भादसोडा में मेवाड़ी पगड़ी एवं सूत की माला पहनाकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा उत्साहपूर्वक भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर पंचायत समिति कपासन एवं जिला कांग्रेस प्रवक्ता उपप्रधान हर्षवर्धन सिंह गाडन,पूर्व विधायक शंकरलाल बैरवा,पूर्व प्रधान गोविंद सिंह, निवर्तमान कपासन नगर अध्यक्ष शंकरलाल प्रजापत,भादसोड़ा सरपंच शंभू सुथार,मिट्ठू लाल जाट, लक्ष्मीनारायण व्यास,अशोक लड्ढा,पार्षद प्रतिनिधि रफीक अंसारी,जिला सचिव उदयलाल बेरवा,संपत अहीर,सामरमल राका सहीत सैकड़ों कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## प्रतिभा खोज ग्रीष्मकालीन खेलकूद प्रशिक्षण शिविर 30 जून तक



बढ़ता राजस्थान

**कपासन/चित्तौड़गढ ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद जयपुर के निर्देशानुसार 15 दिवसीय प्रतिभा खोज ग्रीष्मकालीन खेलकूद प्रशिक्षण शिविर 2025-26 का आयोजन आगामी 16 से 30 जून 2025 तक होगा।जिला खेल अधिकारी रामरतन गुर्जर ने बताया कि उक्त शिविर चित्तौड़गढ़ के इंदिरा गांधी स्टेडियम एवं निम्बाहेड़ा के श्यामाप्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा।जिसमे एथलेटिक्स,बैडमिंटन,बास्केटबॉल,खो-खो, कुश्ती,बॉक्सिंग,वॉलीबॉल,हैण्डबॉल एवं फुटबॉल जैसे खेलों का समावेश रहेगा।उक्त शिविरों का समय प्रातः 6 से 8 बजे तथा सायं 5.30 से 7.30 बजे तक रहेगा।इस शिविर में 12 से 18 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं।इच्छुक खिलाड़ियों को आधार कार्ड या आयु प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।शिविर में भागीदारी निःशुल्क होगी।साथ ही खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने के लिए विशेषज्ञ खेल प्रशिक्षकों की नियुक्ति की गयी है।जो खिलाड़ियों को संबंधित खेलों की तकनीकी जानकारी, कौशल विकास एवं प्रतियोगिता के लिए मानसिक एवं शारीरिक तैयारी प्रदान करेंगे।उल्लेखनीय है कि जिला खेल अधिकारी रामरतन गुर्जर ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य जिले की छुपी हुई खेल प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है।जिससे यह खिलाड़ी भविष्य में जिले का नाम रोशन कर सकें।

# अन्तर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब भीलवाड़ा ने विभिन्न 14 माहेश्वरी महिला संगठनों को वितरित किए हवन कुंड

### माहेश्वरी महिला मंडल की सदस्याए धर्म और संस्कृति के प्रचार प्रसार हेतु पूरे वर्ष चलायेगी हवन कार्यक्रम, आनन्द धाम हवेली मंदिर मे आयोजित हुआ समारोह, नगर माहेश्वरी समाज के विभिन्न क्षैत्रीय महिला संगठनों ने ली शपथ




बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा ( अमित शर्मा ) ।** भीलवाड़ा नगर के विभिन्न क्षैत्रीय माहेश्वरी महिला मंडल के सदस्यों ने यह प्रतिज्ञा की पूरे वर्ष पर्यंत उनके संगठन के सदस्य सुविधानुसार अपने-अपने घरों में अपने परिवार, समाज, राष्ट्र और सम्पूर्ण विश्व की सुख शांति और समृद्धि के लिए भगवान महेश को स्मरण करते हुए हवन यज्ञ का आयोजन करेंगे। अवसर था अन्तर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब भीलवाड़ा के द्वारा स्वर्गीय रामजस सोडाणी स्मृति संस्थान भीलवाड़ा के आर्थिक सौजन्य से विभिन्न 14 संगठनों को कुंड वितरण का। क्लब की राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती अनिता सोडाणी की अध्यक्षता एवं क्लब के जिलाध्यक्ष श्रीमती डॉ चेतना सुनील जागेटिया एवं क्लब के जिला धर्म प्रचार प्रसार सचिव श्रीमती सुमन बाहेती के मुख्य आतिथ्य में आनन्द धाम हवेली मन्दिर भीलवाड़ा में आयोजित समारोह में 14 विभिन्न महिला संगठनों एवं संस्थाओं के पदाधिकारियों को उपरणा पहनाकर स्वागत किया गया तथा हवन कुंड भेंट किये गये। इस अवसर पर क्लब के राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती अनिता जी सोडाणी एवं जिलाध्यक्ष श्रीमती डॉ चेतना जागेटिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि - हमने बहुत छोटे स्तर पर यह कार्य प्रारम्भ किया है लेकिन उम्मीद है कि इस कार्य की महान उपयोगिता को देखते हुए हमारे समाज के सबसे बड़े और सर्वोच्च संगठन श्री अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा इस निःशुल्क हवन कुंड वितरण कार्य को पूरे देश में बहुत बड़े पैमाने पर करेगी। क्लब के भीलवाड़ा जिला सचिव श्रीमती डॉ राखी राठी ने बताया कि हवन कुंड वितरण कार्यक्रम में नगर माहेश्वरी महिला मण्डल भीलवाड़ा, आरकेआरसी व्यास क्षैत्रीय माहेश्वरी महिला संगठन, शास्त्री नगर क्षैत्रीय माहेश्वरी महिला संगठन, आजाद नगर क्षैत्रीय माहेश्वरी महिला संगठन, संजय कालोनी क्षैत्रीय माहेश्वरी महिला संगठन, विजय सिंह पथिक नगर क्षैत्रीय माहेश्वरी महिला संगठन, बापू नगर क्षैत्रीय माहेश्वरी महिला संगठन, सुभाष नगर क्षैत्रीय माहेश्वरी महिला मंडल व माहेश्वरी महिला मंडल पुर सहित विभिन्न महिला मंडलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीमती कान्ता मेलाणा, जिला सचिव श्रीमती राखी राठी, जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट श्रीमती नीलम दरगड़, जिला स्वास्थ्य सेवा सचिव श्रीमती सुनिता मनीष पलोड़, जिला क्रीड़ा सचिव श्रीमती रेणु कोगटा, जिला संगठन सचिव श्रीमती सीमा बिड़ला, समाज सेवा सचिव जगदीश मून्दड़ा, जिला कार्यकारिणी सदस्य रामचन्द्र मून्दड़ा के साथ ही क्लब जिला पदाधिकारी मौजूद रहे। अंत में सभी का आभार जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट श्रीमती नीलम दरगड़ ने व्यक्त किया।

## आमजन की समस्याओं का निस्तारण करेंगे कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

कपासन/चित्तौड़गढ़ -जिला कलक्टर आलोक रंजन की अध्यक्षता में 13 जून 2025 शुक्रवार को भदेसर उपखण्ड की ग्राम पंचायत भालूण्डी में रात्रि चौपाल का आयोजन किया जायेगा।जिसमे आमजन की समस्याओं की सुनवाई कर मौके पर समस्या निस्तारण संबंधी निर्देश अधिकारियों को दिये जायेगे।प्रभारी अधिकारी रामचंद्र खटीक ने बताया कि रात्रि चौपाल में जिला एवं ब्लॉक स्तर के समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे।रात्रि चौपाल के दौरान जनसुनवाई,शासन की योजनाओं की जानकारी,समस्याओं का समाधान एवं विभागीय गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की जायेगी।इस रात्रि चौपाल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासन की पहुँच सुनिश्चित करना तथा आमजन की समस्याओं का स्थल पर त्वरित निराकरण करना है।

# मेवाड़ लोहार समाज शनिमहाराज चौखला की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा सहित समाज की 20 प्रतिभाओं को सम्मानित किया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन।** मेवाड़ लौहार समाज के शनिमहाराज आली चोखला की नवीन कार्यकारिणी का गठन कर समारोहपूर्वक समाज की विभिन्न प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।जानकारी अनुसार मेवाड़ लौहार समाज के शनिमहाराज आली चौखला की नवीन कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन कर पदाधिकारियों को नियुक्त किया गया है।जिसमे सर्वसम्मति से नवगठित कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर रतनलाल लोहार रेण का खेड़ा,उपाध्यक्ष रामेश्वरलाल लोहार रामाखेडा, सचिव दिनेश कुमार लोहार भूपालखेडा कपासन, सहसचिव मांगीलाल लोहार रोलिया,कोषाध्यक्ष गणेश लोहार डाबर,महामंत्री प्रकाश लोहार चाकूडा,कार्यालय मंत्री मांगीलाल लोहार उमण्ड,मिडिया प्रभारी रमेश लोहार कानाखेड़ा एवं प्रकाश लोहार भूतखेड़ा,संगठन मंत्री शंकर लोहार तरनावो का खेड़ा,शिक्षा मंत्री कन्हैयालाल लोहार करूकडा,खेल मंत्री रतनलाल लोहार डाबर को नियुक्त किया गया।इसी क्रम में समाज के संरक्षक मंडल में मीठालाल लोहार चाइला खेड़ा,समदुं लोहार गोराजी का निम्बाहेडा,प्यारलाल लोहार मुरलिया,चम्पालाल लोहार करुंकड़ा,हेमराज लोहार भूपालसागर,रमेश लोहार आकोला,हीरालाल लोहार सोनियाणा,भेरूलाल लोहार कांस्या,रामेश्वर लोहार बड़ी उचनार,उदयराम लोहार हापाखेड़ी,ऊंकार लोहार पावटिया,बंशीलाल लोहार घोड़ा खेड़ा, राधेश्याम लोहार भादसोड़ा,ऊंकार लोहार रुदडी, लालचंद लोहार भादसोड़ा,गेरू लोहार मुंगाणा,गोटू लोहार लांगच,शंकर लोहार सिंहपुर,रामलाल लोहार भट्टो का बामनिया,बंशीलाल लोहार सांवता,कालू लोहार मुंगाणा,रमेश लोहार दोतडीखेडा,राधेश्याम लोहार पिपलवा,मादुलाल लोहार तरनावो का खेड़ा,रतनलाल लोहार कुंथना,नारायणलाल लोहार रुपाखेड़ी,नाथूलाल लोहार बालद,किशनलाल लोहार बबराणा,श्यामलाल,भवानीशंकर लोहार कपासन को नियुक्त किया गया। इस दौरान नवगठित कार्यकारिणी को राष्ट्रीय कवि बद्री बसंत पोटला द्वारा समाजजनों की उपस्थिति में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गयी।इसके उपरांत आयोजित समारोह में उत्कृष्ट अंकों से उत्तीर्ण होने वाले समाज के 17 मेधावी विद्यार्थियो सहित राजकीय सेवा में चयनित होने वाली 3 प्रतिभावों को सम्मानित किया गया।

# मोदी सरकार के 11 साल ऐतिहासिक उपलब्धियों की मिसाल : कुमावत

### सांसद सीपी जोशी ने कहा - आत्मनिर्भर भारत अब विश्व को नई दिशा दे रहा



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़। ( संजय खाबिया )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ओछड़ी स्थित जिला भाजपा कार्यालय चित्तौड़गढ़ पर पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। इस अवसर पर राजस्थान सरकार के देवस्थान, गोपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत, सांसद सीपी जोशी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष रतन लाल गाडरी ने सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

जोराराम कुमावत ने कहा अब काम ज़मीन पर दिखता है कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि मोदी सरकार के बीते 11 वर्ष देश के लिए ऐतिहासिक साबित हुए हैं। उन्होंने कहा, पहले की सरकारें केवल घोषणाएं करती थीं, लेकिन अब कार्य धरातल पर नजर आते हैं। उन्होंने उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन, धारा 370 और 35 की समाप्ति, योग का वैश्विक प्रसार, महिला आरक्षण और चिकित्सा क्षेत्र में विस्तार जैसे अनेक कार्यों को रेखांकित किया। कुमावत ने कहा कि वर्ष 2014 से पूर्व देश में गिने-चुने एम्स थे, जबकि आज 23 एम्स कार्यरत हैं और 8 प्रस्तावित हैं। रेलवे के विद्युतीकरण, महिला सशक्तिकरण, किसानों की आय में वृद्धि, युवाओं को रोजगार, और देश को चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में किए गए प्रयासों को भी उन्होंने रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि भारत तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बने। सर्जिकल स्ट्राइक और आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। कोविड काल में पीपीई किट और वैक्सीन का स्वदेशी निर्माण, और जी-20 की सफल अध्यक्षता ने भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दी है। सांसद सीपी जोशी ने कहा कि भारत अब दुनिया को दिशा दिखा रहा है।

सांसद सीपी जोशी ने कहा कि बीते 11 वर्षों में भारत ने सेवा, सुशासन, सामाजिक न्याय, महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक विरासत के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां दर्ज की हैं। उन्होंने कहा, 60 वर्षों में जो नहीं हुआ, वह 11 वर्षों में हुआ है। उन्होंने बताया कि इस अवधि में मेडिकल कॉलेजों की संख्या में 10 गुना वृद्धि, रेल्वे दोहरीकरण, विद्युतीकरण, वंदे भारत ट्रेनें, अमृत जल योजना, और आधुनिक सड़कों का जाल बिछाया गया है। ऑपरेशन 'सिंदूर' के तहत पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर भारत ने अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने दुनिया को दिखा दिया कि भारत केवल अपने लिए नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए सोचता है। वन नेशन-वन इलेक्शन, वन नेशन-वन राशन और पीएम सूर्यघर योजना जैसे दृष्टिकोण भारत को आत्मनिर्भर बना रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष रतन लाल गाडरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्षों को बेमिसाल करार देते हुए इसे देश के लिए परिवर्तनकारी बताया। उन्होंने कहा कि 11 वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है - चाहे वह बुनियादी ढांचा हो, डिजिटल इंडिया, गरीब कल्याण योजनाएं, या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की साख। गाडरी ने कहा कि मोदी सरकार ने न सिर्फ देश को सुरक्षित और समृद्ध बनाया है, बल्कि आमजन को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है।

प्रेस वार्ता के अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष मिट्ठू लाल जाट, जिला महामंत्री रघु शर्मा, देवी सिंह राणावत, पूर्व विधायक बद्रीलाल जाट, जिला मंत्री सीपी नामधराणी, कर्नल सिंह कांकरवा, अभियान के जिला संयोजक आईएम सेठिया, संभाग सह मीडिया प्रभारी सुधीर जैन, जिला मीडिया प्रभारी मनोज पारीक, जिला आईटी संयोजक नंदकिशोर लोहार, रामगोपाल ओझा, शुभम सुखवाल, सुभाष शर्मा आदि उपस्थित रहे।

पत्रकार वार्ता के पश्चात विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के पोस्टर का विमोचन भी अतिथियों द्वारा किया गया।

"सच्चाई को स्वीकारना और सच्चाई के समर्थन में खड़ा रहना ही आपको भीड़ से अलग बनाता है।"

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# जैसलमेर में UAV रुद्रास्त्र ने टारगेट को उड़ाया:मिशन पूरा कर बिना दिक्कत लॉन्च पॉइंट पर लौटा; मॉडर्न कैमरा और निगरानी सिस्टम से लैस

बढ़ता राजस्थान

**जैसलमेर।** भारत ने अपनी रक्षा प्रौद्योगिकी में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड (SDAL) की ओर से विकसित हाइब्रिड वर्टिकल टेकऑफ एंड लैंडिंग (VTOL) UAV रुद्रास्त्र का जैसलमेर में सफल परीक्षण किया गया। यह परीक्षण पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में 11 जून को हुआ।यह परीक्षण सैन्य शक्ति को मजबूत करने और क्षेत्रीय चुनौतियों, विशेष रूप से पाकिस्तान के खिलाफ एक कड़ा जवाब देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। UAV रुद्रास्त्र वर्टिकल टेकऑफ और लैंडिंग में माहिर है।

UAV रुद्रास्त्र की 170 किलोमीटर से अधिक की रेंज है और ये सटीक लक्ष्य को भेदने में कारगर है। मॉडर्न कैमरा और निगरानी सिस्टम से लैस ये UAV लगभग 1.5 घंटे की अनुमानित अवधि के साथ परीक्षण के दौरान उड़ा और अपराजेय सटीकता दिखाई।



**पोकरण में हुआ परीक्षण**

11 जून को पोकरण फायरिंग रेंज में रुद्रास्त्र के ट्रायल्स हुए। जहां इसने भारतीय सेना की स्पेसिफिकेशंस के अनुसार प्रदर्शन किया। इसमें VTOL, लॉन्ग एंड्योरेंस, प्रिसिजन इंगेजमेंट और ऑपरेशनल वर्सेटिलिटी जैसे कैपेबिलिटीज शामिल थे।

परीक्षण के दौरान रुद्रास्त्र ने 50 किलोमीटर से ज्यादा की मिशन रेडियस पर स्टेबल रियल टाइम वीडियो लिंक बनाए रखा। UAV ने मिशन पूरा किया और बिना किसी दिक्कत के लॉन्च पॉइंट पर लौट आया। इसकी कुल रेंज 170 किलोमीटर से ज्यादा है, जिसमें टारगेट-एरिया में लॉयटरिंग भी शामिल है।

**जासूसी के लिए किया जा सकता है इस्तेमाल**

ये VTOL UAVs सर्विलांस, टारगेट इंगेजमेंट और रेकॉनसेंस (जासूसी) के लिए इस्तेमाल किए जा सकते हैं। भारतीय सशस्त्र बलों ने विभिन्न निर्माताओं से VTOL UAVs को शामिल किया है, जबकि रुद्रास्त्र लेटेस्ट टेक्नोलॉजी वाला स्वदेशी VTOL UAV है। सफल ट्रायल्स और जरूरी प्रक्रियाओं के बाद, ये UAVs भारतीय सेना में शामिल हो सकते हैं।

## ओवरलोड ट्रक पकड़ा तो RTO गार्ड को पीटा: ड्राइवर ने साथियों को बुलाकर किया हमला

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली।** बहरोड़ में ओवरलोड ट्रक को पकड़ने पर आरटीओ ऑफिस (परिवहन विभाग) के गार्ड को ट्रक चालक और उसके साथियों ने बेरहमी से पीटा। हमलावरों ने पीड़ित का मोबाइल फोन भी छीन लिया। कर्मचारी छोड़ने की गुहार लगाता रहा, लेकिन आरोपियों ने उसे चारपाई पर घेरकर पिटाई जारी रखी। घटना मांढण थाना क्षेत्र के काठूवास गांव के पास बुधवार रात की है। हरियाणा सीमा पर ट्रक ड्राइवर ने अपने साथियों को बुलाकर गार्ड पर हमला कर दिया। इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आरोपी गार्ड की पिटाई करते नजर आ रहे हैं। हमलावर घायल गार्ड को वहीं छोड़कर फरार हो गए।गार्ड- मैंने तो उसे सिर्फ कहा था कि गाड़ी रोक लो। वो कूदने लगा तो मैंने कहा- भाई, मत कूदो... आराम से गाड़ी रोक लो। लेकिन जैसे ही वो उतरने लगा, सामने से ट्रैक्टर आ गया।आरोपी युवक- तू राजस्थान का है, ये हरियाणा है। पता है, फिर भी ट्रक में क्यों चढ़ा?गार्ड- (थरथराती आवाज में) मुझे तो अफसर ने बैठाया था, मैं क्या करता? अब तुम जो करना है कर लो, मारना है तो मार दो, मैं बस यही कह सकता हूं।



**कार्रवाई के दौरान ड्राइवर ने रची साजिश**

बहरोड़ परिवहन विभाग के निरीक्षक रवि दत्त शर्मा ने बताया- टीम ने बुधवार रात काठूवास टोल टैक्स के पास नाकाबंदी कर ओवरलोड वाहनों की जांच शुरू की। इसी दौरान रोड़ी से भरा एक ट्रक मौके पर पहुंचा। गार्ड मनोज ने ट्रक को रुकवाकर जांच की, जिसमें ओवरलोडिंग की पुष्टि हुई। नियमों के तहत ट्रक को जब्त कर बाड़े में ले जाया जाना था। गार्ड मनोज ट्रक ड्राइवर के साथ लेकर रवाना हुए, तभी ड्राइवर ने कहा कि वह कट से घुमाकर ट्रक ले आएगा।

**हरियाणा सीमा में ट्रक को लेकर गया ड्राइवर**

ड्राइवर ने ट्रक हरियाणा सीमा में घुमा दिया। इसके बाद हरियाणा सीमा ( रेवाड़ी जिले के कुंड थाना क्षेत्र) में नाकाबंदी से 2 किलोमीटर दूर लेकर गया। जहां ड्राइवर के साथियों ने गार्ड मनोज पर हमला कर दिया। उसका मोबाइल व अन्य सामान लूट लिया गया। घायल अवस्था में गार्ड को वहीं छोड़कर हमलावर फरार हो गए।


## पति ने पत्नी को कुल्हाड़ी से काटा

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर।** उदयपुर में पति ने पत्नी को जंगल में ले जाकर कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी ने थाने पहुंचकर सरेंडर कर दिया। जब महिला के पीहर पक्ष को हत्या की जानकारी लगी तो वे हथियार लेकर आरोपी के घर की ओर निकल पड़े। हालात बिगड़ता देख पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक लिया। इस दौरान परिजनों ने जमकर हंगामा किया।घटना उदयपुर जिले के ओगणा थाना क्षेत्र के काडा गांव की है। बुधवार शाम को काडा निवासी प्रकाश गमेती (27) ने पत्नी रेखा देवी (25) को जंगल में ले जाकर कुल्हाड़ी से हमला कर मार डाला। गुरुवार सुबह जंगल से महिला का शव बरामद हुआ। पुलिस ने गोगुंदा स्थित पाटिया में महिला के परिजनों को सूचना दी।खबर मिलते ही पीहर पक्ष के लोग बड़ी संख्या में जीपों में सवार होकर काडा की ओर निकल पड़े। गुस्साए परिजनों को पुलिस ने ओगणा में रोक लिया। मृतका के पीहर पक्ष वाले ससुराल पक्ष के लोगों को थाने बुलाने की मांग पर अड़े गए।

# 1 सरकारी डॉक्टर ने खोले खुद के हॉस्पिटल, जांच शुरू:नागौर के सरकारी हॉस्पिटल के डॉक्टर्स के खिलाफ मिली थी शिकायत



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में सरकारी डॉक्टर की नौकरी करते हुए खुद का प्राइवेट हॉस्पिटल चलाने का मामला सामने आया है। स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के गृह जिला नागौर के 11 डॉक्टर्स के खिलाफ जब शिकायत मिली तो स्वास्थ्य विभाग ने इन सभी के खिलाफ जांच शुरू करवा दी। दरअसल, स्वास्थ्य विभाग को पिछले दिनों एक शिकायत मिली थी। इसमें नागौर जिले के पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय जिला हॉस्पिटल में काम करने वाले 11 डॉक्टर नागौर जिले में ही खुद का हॉस्पिटल चलाने के बारे में बताया गया। इस शिकायत के बाद स्वास्थ्य निदेशालय के निदेशक ने एक आदेश जारी करते हुए 4 लोगों की एक कमेटी बनाकर इसकी पूरी जांच करके देने के निर्देश दिए है।

### इन डॉक्टर्स के खिलाफ मिली शिकायत

डॉक्टर जे.पी. टॉक (जे.पी. ईएनटी हॉस्पिटल), डॉ. महेन्द्र भाम्भू (एस.एन. किड्स हॉस्पिटल), डॉ. शैलेन्द्र लामरोर (मदर केयर एंड चाइल्ड हॉस्पिटल), डॉ. सुरेश जाखड़ (जाखड़ ईएनटी हॉस्पिटल), डॉ. आर.एस. सांखला (यश मैटरनिटी हॉस्पिटल ), डॉ. अशोक झाडवाल (झाडवाल क्लिनिक), डॉ. विकास चौधरी (संजीवनी हॉस्पिटल), डॉ. विजय चौधरी (संजीवनी हॉस्पिटल), डॉ. राशी चौधरी (संजीवनी हॉस्पिटल), डॉ. सरिता चौधरी (संजीवनी हॉस्पिटल) और डॉ. महिपाल सिंह (महिपाल सर्जिकल सेंटर)।

### इन लोगों की बनाई कमेटी

इन डॉक्टरों की शिकायत के लिए स्वास्थ्य निदेशालय की ओर से ज्वाइंट डायरेक्टर अजमेर की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई है। इसमें सीएमएचओ नागौर, पीएमओ पं. जवाहर लाल नेहरू राजकीय जिला हॉस्पिटल नागौर और संयुक्त निदेशक ऑफिसर में कार्यरत लेखाधिकारी को सदस्य बनाया है। नियमानुसार अगर कोई डॉक्टर सरकारी हॉस्पिटल में नियमित काम करता है तो उसे नियमानुसार केवल खुद की क्लिनिक पर प्रेक्टिस करने का अधिकार है। ये तब है जब वह सरकार से नॉन प्रेक्टिसिंग अलाउंस (एनपीए) नहीं ले रहा हो। लेकिन सरकारी हॉस्पिटल में डॉक्टर के पद पर काम करते हुए खुद का प्राइवेट हॉस्पिटल संचालित करने या दूसरे किसी निजी हॉस्पिटल में जाकर काम करने की अनुमति नहीं होती है।

### जयपुर में भी कई सरकारी डॉक्टर्स के हॉस्पिटल संचालित

राजधानी जयपुर में ही कई नामी सरकारी डॉक्टर्स के खुद के हॉस्पिटल संचालित है। इसमें एसएमएस मेडिकल कॉलेज में सीटीवीएस डिपार्टमेंट, नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी के एक-एक सीनियर डॉक्टर्स, सर्जरी डिपार्टमेंट के डॉक्टर के एक सीनियर डॉक्टर के अलावा आरयूएचएस के सर्जरी डिपार्टमेंट के एक सीनियर डॉक्टर का भी हॉस्पिटल जयपुर शहर में संचालित है।

## 10 हजार कर्मचारियों को मिलेगा इंसेंटिव

### विद्युत निगम को इस साल 344 करोड़ का मुनाफा, काम के आधार पर तय होगी राशि

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ।** राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड (RVPN) अपने करीब 10 हजार कर्मचारियों को इस साल इंसेंटिव देने जा रही है। यह इंसेंटिव 2024-25 के फाइनेंशियल ईयर के लिए तय किए गए परफॉर्मेंस पैरामीटर यानी की-परफॉर्मेंस इंडिकेटर (KPI) के आधार पर दिया जाएगा। निगम के मैनेजिंग डायरेक्टर ने इस स्कीम को मंजूरी दे दी है।राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम को साल 2024-25 में 344.11 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ है। बोर्ड मीटिंग में पेश हुए आंकड़ों के मुताबिक निगम की कुल कमाई ?4634.41 करोड़ रुपए और खर्च ?4290.30 करोड़ रुपए रहा। इस बार प्रोजेक्ट्स को समय पर पूरा किया गया और गैरजरूरी खर्चों में कटौती की गई, जिससे यह फायदा हुआ।निगम की यह योजना साल 2017-18 से लागू इंसेंटिव पॉलिसी के आधार पर तैयार की गई है। इसमें कंपनी और अलग-अलग ट्रांसमिशन एंड कम्युनिकेशन सर्किलों के KPI के आधार पर अलग-अलग फैक्टर तय किया गया है। इसके आधार पर सभी पात्र कर्मचारियों को इंसेंटिव राशि वितरित की जाएगी। निगम के एमडी नथमल डिडेल ने बताया कि यह इंसेंटिव हर कर्मचारी के काम के आधार पर तय होगा, जिसे KPI स्कोर से आंका गया है।

इंसेंटिव की राशि मार्च 2025 की बेसिक सैलरी (पे लेवल में पे) का अधिकतम आधा हिस्सा होगी। रिटायर या निधन हो चुके कर्मचारियों के लिए अंतिम माह की बेसिक सैलरी के आधार पर अनुपातिक राशि तय की जाएगी।

## मेरी बेटी को काटकर फेंक दिया तो कहां ढूंढूंगी:अजमेर में लव जिहाद का मामला, मां बोली-नाबालिग बेटी वही करती है जो लड़का कहता है

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर।** अगर मेरी बेटी को काटकर फेंक दिया गया तो मैं उसे कहां ढूंढूंगी...मेरी बेटी नाबालिग है, कुछ समझती नहीं... वो जिद कर रही थी निकाह की। मना किया तो आत्महत्या की धमकी देने लगी। अब बताइए, हम क्या करते? यह कहना है उस मां का, जिसकी 14 साल की बेटी के धर्म परिवर्तन कर निकाह की कोशिश का मामला अजमेर में सामने आया है।इस केस में हिंदू संगठनों ने लड़की की मां पर भी आरोप लगाया है। संवाद्दाता ने लड़की की मां से बात कर पूरा मामला समझने की कोशिश की।




लड़की के पिता ने बताया कि जब उन्होंने इस रिश्ते का विरोध किया, तो बेटी ने आत्महत्या की धमकी देना शुरू कर दिया था। इसलिए उन्होंने सहमति पत्र पर हस्ताक्षर कर दिए थे।हालांकि, हिंदू संगठन से जुड़े लोगों का कहना है कि लड़की के मां-बाप ने अपने फायदे के लिए सहमति दी थी। क्योंकि लड़की के मां-बाप तलाक की प्रक्रिया में थे। लड़की ने पिता के सामने शर्त रखी थी कि अगर उन्होंने एफिडेविट पर दस्तखत नहीं किए तो उनकी पत्नी यानि उसकी मां उसे तलाक नहीं देगी।% दरअसल, लड़की के माता-पिता के बीच बीते 2 साल से विवाद चल रहा है। लड़की के पिता अफ्रीका में काम करते थे, दो महीने पहले ही लौटे हैं और इस समय उसके माता-पिता के बीच तलाक की प्रक्रिया कोर्ट में चल रही है। तलाक का कारण लड़की की मां का एक समुदाय विशेष के व्यक्ति के संपर्क में होना बताया जा रहा है।

### सबसे पहले जानिए- क्या है पूरा मामला

परिजनों का आरोप है कि उनकी बेटी को एक समुदाय विशेष के युवक ने प्रेम जाल में फंसाया और निकाह के लिए मजबूर किया। 10 जून को सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में निकाह की कोशिश को हिंदू संगठनों ने मौके पर पहुंचकर रुकवाया था।लड़की की मां पर आरोप है कि उन्होंने ही इस शादी की अनुमति दी थी। सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए थे। हालांकि विरोध के बाद लड़की के परिवार ने युवक के खिलाफ पॉक्सो, अपहरण, और धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर करने जैसी धाराओं में केस दर्ज कराया है।

### 28 साल का युवक, 14 साल की लड़की

आरोपी 28 वर्षीय मोहम्मद दिलदार अजमेर में हेयर सैलून में काम करता है। मूलतः यूपी के बुडाना (मुजफ्फरपुर) का निवासी है। लड़की जब भी बाजार जाती तो उससे बातचीत होती थी।वहीं से धीरे-धीरे नजदीकियां बढ़ती गईं। लड़की की मां बताती हैं, कभी बाल कटवाने तो कभी किसी और बहाने से लड़की सैलून में जाती थी। हमें नहीं पता था कि क्या चल रहा है।दिनभर उससे फोन पर भी बात करती रहती थी। वो लड़का घर भी आता था। एक दिन बेटी ने उस लड़के से मिलवाया और कहा वो इससे शादी करना चाहती है। तब हमने मना किया क्योंकि उसकी उम्र कम थी। लड़का दूसरे धर्म का था, लेकिन वो नहीं मानी। फिर ट्यूशन आने-जाने के नाम पर भी उससे मिलने लगी। हमने रोका-टोका तो और ज्यादा चुपचाप मिलने लगी।

### कभी फीस भरता तो कभी घुमाने ले जाता

जांच में चौंकाने वाली बातें सामने आई हैं। युवक सिर्फ बातचीत तक सीमित नहीं था। वह लड़की की स्कूल और ट्यूशन की फीस भी भरता था। जब भी लड़की को पैसों की जरूरत होती, वह युवक से ही लेती थी।यहां तक कि कहीं आना-जाना भी वही कराता था। यानी लड़की को आर्थिक रूप से भी अपने ऊपर निर्भर कर लिया गया था। ऐसे में पुलिस को संदेह है कि लड़की की आर्थिक स्थिति का फायदा उठाते हुए युवक ये प्लानिंग कर रहा था।

## योग दिवस पर एक करोड़ लोगों की भागीदारी की तैयारी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के अवसर पर जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार राज्य के करीब 400 प्रमुख धार्मिक स्थलों, ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थलों पर सुबह 7 से 8 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास किया जाएगा।

## भगवान को मिला 14 दिन का बीमारी अवकाश

बढ़ता राजस्थान

कोटा। कोटा स्थित ऐतिहासिक जगदीश मंदिर में 350 सालों से एक अद्भुत परंपरा निभाई जा रही है। हर वर्ष ज्येष्ठ पूर्णिमा को भगवान को 14 दिन का विशेष %बीमारी अवकाश% दिया जाता है। मान्यताओं के अनुसार, गर्मी के मौसम में ठंडे जल से स्नान और आम रस के भोग के कारण भगवान की तबीयत खराब हो जाती है।


बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# बेटा बोला- पापा वापस नहीं आएंगे, हत्यारों को फांसी दो: भाई-बहनों ने अर्थी को कंधा दिया; सेना के हवलदार की स्कॉर्पियो में किडनैप कर हत्या हुई थी

बढ़ता राजस्थान

**झुंझुनूं।** सेना के हवलदार विक्रम सिंह की हत्या से गुस्साए परिजन गुरुवार को धरने पर बैठ गए। बेटे ने पिता की पार्थिव देह को देख कर कहा- ये वापस नहीं आएंगे, हमें इंसाफ चाहिए। बेटी ने अंतिम संस्कार करवाने से साफ इनकार कर दिया कहा- हम कहीं नहीं जाएंगे हमें आरोपियों के लिए फांसी की सजा चाहिए। इसके बाद परिजनों, पुलिस और प्रशासन की समझाइश पर माने। परिजनों का कहना था कि देश में सैनिकों के साथ ऐसा हो रहा है तो आम नागरिकों का क्या होगा।इसके बाद विक्रम सिंह की पार्थिव देह को सेना की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उनके बेटे और दोनों बेटियों ने कंधा दिया और इसके बाद नम आंखों से सैनिक को अंतिम विदाई दी गई।मामला झुंझुनूं सूरजगढ़ थाना क्षेत्र के अमरपुरा कलां गांव के पालोता का बास का है। पुलिस ने हत्या के मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अन्य की तलाश की जा रही है।



### स्कॉर्पियो सवार किडनैप कर घर ले गए थे

विक्रम सिंह के भाई विनोद कुमार ने बताया- उनके भाई विक्रम सिंह पुत्र जगमाल सिंह निवासी पालोता का बास, 18 राज राइफल्स में हवलदार पद पर तैनात थे और वर्तमान में उनकी पोस्टिंग पंजाब के अबोहर में थी।सिंह 7 जून को छुट्टी पर गांव आए थे। 10 जून (मंगलवार रात) को वह ड्यूटी पर जाने के लिए घर से निकले थे। रास्ते में स्कॉर्पियो सवार गांव के ही दो युवकों ने उन्हें जबरन गाड़ी में बैठाया और खुद के घर ले जाकर बेरहमी से मारपीट की। रात करीब 9 बजे हमें घटना की जानकारी मिली तो हम मौके पर पहुंचे। आरोपियों ने विक्रम सिंह को गंभीर हालत में घर से बाहर लाकर पटक दिया।इसके बाद उन्हें सूरजगढ़ के अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। करीब 10 साल पहले वे रिटायर होकर डिफेंस सर्विस कोर (छ्स्ह्) में सेवा दे रहे थे।

इसके बाद गुरुवार सुबह से परिजन और ग्रामीण सूरजगढ़ अस्पताल के पास शव रखकर प्रदर्शन किया था। परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों का कहना था कि जब देश की सुरक्षा करने वाला सैनिक ही अपने गांव में सुरक्षित नहीं है, तो आम नागरिकों का क्या होगा। उन्होंने पुलिस पर सवाल उठाते हुए कहा कि अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि अब वे सेना के जवानों को भी नहीं छोड़ रहे।वहीं पिता के शव को देख उनकी बेटी छवि,(17) साक्षी (9) और बेटा निशांत (14) पास खड़े रहे। अड़ गए कि जब तक आरोपियों को फांसी की सजा नहीं हो जाती वे पार्थिव देह को यहां से नहीं ले जाने देंगे। परिजनों ने उन्हें समझाया तो बेटी ने पूछा कहा जा रहे हो, जहां ये (पिता) हैं। हम वहीं रहेंगे। वहीं बेटा आंखों में आंसू लिए चीखता रहा, ये वापस नहीं आएंगे। हमें इंसाफ चाहिए, आरोपियों को फांसी की सजा होनी चाहिए। वहीं मां अंबिका भी बच्चों को समझाती रही।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार